जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, मंगलवार 2 अप्रेल, 2024





ओसवाल सोप ग्रुप
6 करोड़ परिवारों का विश्वास
क्वालिटी प्रोडक्ट्स की विशाल श्रृंखला
जब अपने घर का हो सवाल, तो सिर्फ ओसवाल
OSWAL SOAP GROUP
SINCE ओसवाल 1956
हर रिश्ते का रखे ख्याल...
5Ltr. 1Ltr. मूंगफली तेल
1Ltr. 5Ltr. 500ml कच्ची घानी तेल
1Ltr. 5Ltr. 500ml रिफाइंड सोयाबीन तेल
1Ltr. रिफाइंड सोयाबीन तेल पाउच
1kg बासमती चावल
1kg ओसवाल चावल
800g पोहा
1kg चाय पत्ती
250g डस्ट चाय
1kg देसी खांड
1kg धागा मिश्री
500g हल्दी पाउडर
1kg मिर्च पाउडर
500g धनिया पाउडर
1kg जीरा
साँभर मसाला
चना मसाला
चाट मसाला
रायता मसाला
गरम मसाला
पाव भाजी मसाला
1kg सैंधा नमक
1kg काला नमक
1kg मैज स्टार्च पाउडर
1kg मूंग दाल
1kg चना दाल
1kg तूअर दाल
1kg हरी मूंग दाल
1kg काबुली चना
1kg उड़द धुली दाल
50g अगरबत्ती धूपबत्ती
1kg ओसवाल सोप
1kg व्हाइट सोप
1kg मल्टीकलर सोप
1kg वॉशिंग पाउडर
1kg डिटर्जेंट पाउडर डिटर्जेंट केक
75g ग्लिसरिन बाथ सोप
100g नहाने का साबुन
1kg डिशवॉश टब डिशवॉश केक
500ml डिशवॉश लिक्विड
1Ltr. डिटर्जेंट लिक्विड
250ml लिक्विड हैंड वॉश
200ml शॉवर जैल
1Ltr. टॉयलेट क्लीनर
500ml ग्लास क्लीनर
1Ltr. फ्लोर क्लीनर
250gm नेप्थलीन बॉल्स
हैप्पी टच फ्लोर वाइपर
फूल झाड़ू
नकली माल से सावधान
ओसवाल सोप ग्रुप
अधिक जानकारी के लिए
+91 91161 71956, 96802 01956 पर कॉल करें
विपणन : उत्तम चन्द देसराज
अब घर बैठे मँगवाएं ओसवाल उत्पाद
OswalSoap.com पर जाएं या स्कैन करें और ओसवाल एप डाउनलोड करें
GET IT ON Google Play

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



The Tank, A Modern-Day Machine?

The *Russia-Ukraine* war has shown the relevance of the tank, again, in spite of the initial drawbacks, which were largely the result of bad handling.

Total Solar Eclipse 2024

The upcoming *solar eclipse* in April is going to be the first eclipse of the year



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कोटपूतली में प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया। मु.मंत्री भजनलाल ने भाजपा पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये, साथ ही उन्होंने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से भी बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।*

# भावनात्मक मुद्दे की भाजपा की तलाश कच्चातिवु द्वीप प्रकरण से पूरी हुई

## प्र.मंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस मुद्दे को डाल कर कांग्रेस को बुरी तरह कोसा

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। सात चरणों में होने जा रहे लोकसभा चुनाव का 19 अप्रैल को फर्स्ट शो होगा। इस दिन तमिलनाडू में वोट डाले जाएंगे। भाजपा के लिए तमिलनाडू अब तक अविजित रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दक्षिण भारत के इस राज्य पर फोकस और अविजित रहने के पुराने मिथक को तोड़ने के दृढ़-निश्चय के कारण यहाँ की राजनीति गर्मा गई है।

एक लम्बे समय बाद यह पहली बार है कि भाजपा यहाँ तीसरी बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरी है और एक प्रमुख गठबंधन का नेतृत्व कर रही है। वह एक ऐसी राजनीतिक ताकत बनना चाहती है जो तमिलनाडू में बारी-बारी से सत्ता में आने वाली दोनों द्रविड़ पार्टियों का वर्चस्व समाप्त कर सके।

प्रधानमंत्री ने इस वर्ष और पिछले वर्ष तमिलनाडू के कई दौरे किए। उन्होंने तमिल वोटर्स को लुभाने के लिए ढेर सारे प्रोजैक्ट्स का वादा किया। इन प्रोजैक्ट्स की लिस्ट शायद भाजपा के स्थानीय अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने तैयार की थी। तमिलनाडू के भाजपा प्रमुख

- मोदी ने पोस्ट में कहा, कांग्रेस ने बेरहमी से यह टापू श्रीलंका को दे दिया था, 1974 में। और इंदिरा गांधी के इस कृत्य से भारत की एकता व अखंडता के हितों को भारी धक्का लगा।
- कांग्रेस ने मोदी के इस पोस्ट के जवाब में कहा कि, 1974 में इंदिरा गांधी ने 6 लाख तमिलों को भारत आने की इजाज़त दिलाने के लिये, इस टापू को श्रीलंका की सम्पत्ति मानने की भारत की स्वीकृति दे दी थी।
- यह प्रकरण, तमिलनाडू के मछुआरों से जुड़ा है, अतः तमिल भाषियों के लिये भारी इमोशनल इशू है।
- प्र.मंत्री गत एक साल में कई बार तमिलनाडू आये, पर भाजपा एक इमोशनल मुद्दे की तलाश में थी, तमिलनाडू में अपनी जड़ें जमाने के लिये और अब भाजपा इस मामले को उछाल कर आशा कर रही है कि,''साउथ इण्डिया'' के अभेद्य किले में सेंध लगाने में कुछ सफलता प्राप्त कर लेगी क्योंकि द्रविड़ पार्टियों ने तो तमिलनाडू में किसी गैर द्रविड़ पार्टी के प्रवेश की संभावना को एकदम खत्म सा कर दिया था।

कोई भावनात्मक मुद्दा तलाश रहे थे और वह मुद्दा उन्हें कच्चातिवु द्वीप में नज़र आया। यह एक छोटा द्वीप है जो भारत और श्रीलंका के बीच स्थित है तथा भारत ने इस द्वीप को वर्ष 1974 में श्रीलंका को सौंप दिया था।

चुनावों से पहले कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा छेड़ने से भाजपा को उम्मीद है कि श्रीलंका की नौसेना द्वारा प्रायः परेशान किए जाने वाले तमिलनाडू मछुआरों का भावनात्मक मुद्दा उठ जाएगा। श्रीलंका का दावा है कि उसके समुद्र तट से लगता 285 वर्ग किमी. क्षेत्र उसका है। यह स्थान तमिलनाडू तट से 33 किमी. दूर है और श्रीलंकाई नौसेना अपने कथित क्षेत्र का उल्लंघन करते ही भारतीय मछुआरों को पकड़ लेती है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा वर्ष 1974 में कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''ऐक्स'' पर कांग्रेस की कटु आलोचना की। मोदी ने एक अखबार की खबर को उद्धृत करते हुए कहा कि ''एक आर.टी.आई. के जवाब से पता चलता है कि इंदिरा गांधी ने उक्त द्वीप को किस तरह से श्रीलंका के हवाले कर दिया था। यह आँखे खोल देने वाला एवं हैरान कर देने वाला तथ्य है। नए तथ्यों से पता चलता है कि कांग्रेस ने कितनी असंवेदनशीलता से कच्चातिवु श्रीलंका

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ज्ञानवापी के दक्षिणी तहखाने में पूजा जारी रहेगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार का वाराणसी की ज्ञानवापी मस्ज़िद के दक्षिणी तहखाने में हिन्दुओं

- सुप्रीम कोर्ट ने पूजा की अनुमति देने के हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया और अंजुमन इन्तेज़ामिया मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज कर दी।

को पूजा प्रार्थना करन का आदेश जारी करने वाली ट्रायल कोर्ट के आदेश को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने फैसले में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पंजाब के पूर्व आप सांसद कांग्रेस में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अप्रेल। धर्मवीर गांधी, जो कि पंजाब के पटियाला से

- 2014 में आप के टिकट पर पटियाला से चुनाव जीते धर्मवीर गांधी ने लोकसभा चुनावों से कांग्रेस का दामन थाम लिया है। चर्चा है कि, वे पटियाला से कांग्रेस प्रत्याशी होंगे।

''आप'' के पूर्व सांसद हैं, ने दिल्ली में सोमवार को कांग्रेस वरिष्ठ नेताओं की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रधानमंत्री मोदी की आज कोटपूतली में विशाल विजय शंखनाद रैली

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कोटपूतली पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया

कोटपूतली, 1 अप्रेल (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को कोटपूतली में विशाल चुनावी जनसभा ''विजय शंखनाद रैली'' को संबोधित कर राजस्थान में अपने चुनाव प्रचार अभियान का शंखनाद करेंगे।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह के समर्थन में यह रैली जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर ग्राम मोलाहेड़ा के पास एकलव्य डेंटल कॉलेज के सामने मंगलवार दोपहर 12 बजे शुरु होगी। सोमवार को देर शाम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभा स्थल का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

सभा स्थल को प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात एसपीजी एवं अन्य सुरक्षा एजेन्सियों ने अपने कब्जे में ले लिया है। सभा में लाखों लोगों के आने का दावा किया जा रहा है, जिसे सफल बनाने के लिये भाजपा के एक हजार से भी अधिक कार्यकर्ता जुटे हुये हैं। सभा स्थल पर 300 से अधिक मजदूरों ने जुटकर 300 फिट चौड़ा व 550 फिट लम्बा वॉटर प्रूफ डोम टैण्ट बनाया गया है, जिसमें ए.सी. लगे हैं। डोम के बगल में ही, अतिरिक्त डोम टैण्ट लगाये गये हैं। तीन डोम टैंट एक लाख 35 हजार स्कवायर फिट जमीन पर बने हैं बीच के डोम में 8 फिट ऊंचा व 36 बाई 40 फिट का मंच बनाया गया है। इसके अलावा 100 बाई 45 फिट का सेफ हाऊस भी बनाया गया है। लोग प्रधानमंत्री को आसानी से सुन सकें इसके लिये 28 एल.ई.डी. स्क्रीन लगाई गई हैं।

- कार्यक्रम स्थल एस.पी.जी.को हैंडओवर कर दिया गया, सभा स्थल पर उतरे वायु सेना के एमआई-17 हैलीकॉप्टर।
- जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर बहरोड़ से मनोहरपुर तक यातायात बंद रहेगा।
- सभा स्थल पर 300 फिट चौड़ा व 550 फिट लंबा वॉटर प्रूफ डोम बनाया गया है।

सोमवार को जयपुर रेंज आई.जी. उमेश चन्द्र दत्ता, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, एस.पी. वंदिता राणा समेत बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन के अधिकारी सभा स्थल, हैलीपेड व पार्किंग की जिम्मेदारी सम्भालते रहे। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के काफिले के लिये सड़कें भी बनाई जा रही हैं। समाचार लिखे जाने तक ए.एस.पी. नेम सिंह, डी.एस.पी. राजेन्द्र बुरडक, एस.डी.एम. बृजेश चौधरी, तहसीलदार सौरभ गुर्जर सहित बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन के अधिकारी सभा स्थल पर व्यवस्था सम्भालते हुए नजर आए।

इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी के कोटपूतली आगमन के मिनट टू मिनट कार्यक्रम का रिर्हसल भी किया गया। कार्यक्रम स्थल पर वायु सेना के एम.आई.-17 हैलीकॉप्टर भी उतरे। सभा स्थल से 200 मीटर दूर पी.डब्ल्यु.डी. द्वारा चार हैलीपेड बनाये गये हैं। तीन हैलीपेड पर प्रधानमंत्री व सुरक्षा दस्तों के हैलीकॉप्टर लैण्ड करेंगे जबकि, एक हैलीपेड को रिजर्व रखा गया है। बताया जा रहा है कि, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हैलीकॉप्टर राजकीय एल.बी.एस. पी.जी. महाविद्यालय स्थित हैलीपेड पर ही उतरेगा। जहाँ से सड़क मार्ग द्वारा मुख्यमंत्री का काफिला सभा स्थल पहुँचेगा। प्रधानमंत्री का हैलीकॉप्टर जनसभा स्थल के पीछे बने हैलीपेड पर उतरेगा। वहाँ से गाड़ी से वे कार्यक्रम में पहुँचेगें। इसके लिये रैड कारपेट भी बिछाया गया है।

जनसभा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सोमवार को दिनभर विभिन्न विभागों की बैठकों का आयोजन जारी रहा। कार्यक्रम में एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड की व्यवस्था भी रहेगी। आमजन के लिये पीने के पानी की भी बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिये गये हैं।

व्यवस्थाओं को लेकर कार्यक्रम स्थल पर ही सोमवार को पुलिसकर्मियों की बैठक आयोजित हुई। व्यवस्था के लिए आसपास के जिला एस.पी. सहित करीब 10 ए.एस.पी., 20 डी.एस.पी., 50 पुलिस निरीक्षक, 200 एस.आई. व ए.एस.आई., 300 हैड कांस्टेबल मिलाकर करीब 1500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा राजमार्ग सहित कस्बे के विभिन्न रूटों पर भी ट्रैफिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'लोकसभा चुनावों तक कांग्रेस से कोई वसूली नहीं होगी'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। आयकर विभाग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि, वह लोकसभा चुनाव होने तक कांग्रेस को जारी 3500 करोड़ रूपये से अधिक के कर वसूली मांग नोटिसों की वसूली तथा उसे जबरदस्ती वसूलने के लिए कोई दण्डात्मक कार्यवाही नहीं करेगा।

आयकर विभाग की तरफ से कोर्ट में पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को भरोसा दिलाया

- आयकर विभाग ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया।

कि, जब तक इस मामले का अंतिम निपटारा नहीं होता तब तक वह इस पर तत्काल कोई कार्यवाही नहीं करेगा।

न्यायाधीश बी.वी. नागरत्ना व ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बैंच ने सुनवाई के दौरान मेहता के बयान को रिकॉर्ड कर लिया और कांग्रेस की टैक्स मांग नोटिसों क खिलाफ याचिका की अगली सुनवाई जुलाई में तय की।

आयकर विभाग का पक्ष स्पष्ट करते हुए मेहता ने कहा, ''कि मैं इस मामले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केजरीवाल को पन्द्रह दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

## केजरीवाल के आग्रह पर उन्हें तीन पुस्तकेंः रामायण, महाभारत व नीरजा चौधरी की किताब ''हाओ प्राइममिनिस्टर्स डिसाइड'' दी गयी है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को सोमवार को राउज़ एवेन्यू कोर्ट द्वारा 15 अप्रैल तक 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया गया। शराब नीति घोटाले में एनफोंसमैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) की हिरासत अवधि के समाप्त होने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल, एस.वी. राजू ने सुनवाई के दौरान केजरीवाल पर सहयोग न करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने अपने मोबाइल का पासवर्ड अभी तक नहीं बताया है। अदालत ने केजरीवाल के वकील की कुछ दवाइयों और तीन किताबों रामायण, महाभारत और नीरजा चौधरी की किताब ''हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड'', उपलब्ध कराने की मांग को मान लिया।

- केजरीवाल तिहाड़ जेल की जेल नम्बर 2 में रहेंगे। जेल नम्बर 1 में मनीष सिसोदिया, जेल नम्बर 7 में सत्येन्द्र जैन रह रहे हैं।
- केजरीवाल चार बजे बाद अपनी वकील से मिल सकेंगे।

केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयुष गोयल जो कि राज्यसभा में सदन के नेता हैं, ने कहा, ''हमने केजरीवाल को जेल में नहीं डाला है, जिन्होंने गलतियाँ की हैं, उनके साथ कानून न्याय कर रहा है।

केजरीवाल को तिहाड़ में जेल संख्या 2 में अकेले रखा गया है। यहाँ से आप सांसद संजय सिंह को शिफ्ट कर दिया गया है।

दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जेल संख्या 1, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन जेल संख्या 7, भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता, महिला खण्ड की जेल संख्या 6 में हैं।

अरविन्द केजरीवाल की दिनचर्या अन्य कैदियों की भांति, प्रातः 6:30 बजे से शुरु होगी। नाश्ते में उनको चाय और डबल रोटी मिलेगी। 10:30 बजे उन्हें पाँच चपातियाँ, दाल, सब्जी और चावल मिलेगा। 3:30 बजे उनको चाय और 2 बिस्किट मिलेंगे। 4:00 बजे से वह अपने अधिवक्ताओं और अन्य आगंतुकों से मिल सकेंगे। 5:30 बजे शाम को रात्रि भोजन के लिए उन्हें दाल, सब्जी, पाँच रोटियाँ और चावल मिलेगा। उनको शाम 7:00 बजे वापस अपनी कोठरी (सैल) में जाना होगा।

जेल अधिकारियों ने कहा कि वो अन्य कैदियों की तरह लगभग 20

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सरकार बदलते ही बिल्डर्स व अन्य बिज़नैसमैन के झूठे-सच्चे, कुछ जैनविन पर अधिकतर विवादित काले धंधे उजागर होने का सिलसिला जोर-शोर से शुरू होता है

## इन आरोप-प्रत्यारोप की बाढ़ से तो लगता है, शायद झूठे-सच्चे काम और मुकदमों के बीच के लोग काम कैसे करते हैं

जयपुर, 1 अप्रेल। प्रदेश में सत्ता पलट के साथ-साथ यह अपेक्षित ही था कि उद्योगपतियों व बिल्डर्स के बीच रंजिशों की खबरें अब उजागर होंगी। यह अपेक्षित इसलिए है क्योंकि व्यापारी या उद्योगपति सत्ता में आए नेताओं के साथ मेलजोल बनाकर रखते हैं ताकि उन पर व उनके व्यवसाय पर सरकार की सुदृष्टी बनी रहे और साथ ही प्रतिद्वंदी की कुदृष्टि से संरक्षण भी मिले। इसीलिए इस बार भी सरकार बदलते ही व्यापार व उद्योग के दबे हुए राज व रंजिशें सार्वजनिक होने लगी हैं।

सिल्वर सॉइल इण्डस्ट्रियल पार्क प्राइवेट लिमिटेड ऐसा ही एक प्रकरण है। इस प्रकरण में एक तरफ है, कंपनी के डायरेक्टर सत्य नारायण गुप्ता और दूसरी ओर कंपनी के अन्य निदेशक तारा चंद चौधरी, अशोक मूंदडा और भवानी शंकर सामोता (आर.सी.ए. सचिव) है।

प्रदेश में सत्ता पलट होने के बाद ही सिल्वर सॉइल कंपनी के निदेशक एस.एन. गुप्ता ने इस कंपनी में चल रहे विवादों को सार्वजनिक किया। उनके अनुसार सिल्वर सॉइल इण्डस्ट्रियल पार्क आई.टी. इंडस्ट्री, कृषि पर आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स तथा अन्य इण्डस्ट्रियों के लिए लगभग 200 बीघा भूमि का प्रोजेक्ट था। एस.एन. गुप्ता के अनुसार उस भूमि को अदालतों की अवहेलना करते हुए हड़पने की साजिश की गयी है। यह पूरा प्रकरण क्या है जानने के लिए सिल्वर सॉइल इण्डस्ट्रियल पार्क प्राईवेट लिमिटेड के निदेशकों के बीच रंजिश को समझना होगा और इस कम्पनी की स्थापना के उद्देश्य व कम्पनी में समय समय पर बदलती निदेशकों की शेयर होल्डिंग की जानकारी भी जरूरी है।

- नयी सरकार आने से, इन व्यापारियों के पुराने प्रशासन से नजदीकी संबंध अर्थहीन से हो जाते हैं। और नये हुक्मरानों से संबंध बनाने के लिये, एक दूसरे की बुराइयाँ व गैर-कानूनी हरकतों व काम-काज को उजागर किया जाता है। यह साबित करने का प्रयास होता है कि, हम ''शुद्ध पाक व उज्ज्वल'' हैं तथा प्रतिद्वंदी का कारोबार झूठ व फरेब पर आधारित है और पूर्णतया गैर कानूनी तरीके से स्थापित किया गया है और पनपाया गया है।
- सिल्वर सॉइल इण्डस्ट्रियल पार्क लिमिटेड का प्रकरण इस मनोवृत्ति का सजग उदाहरण है, जो अब न्यायालय व कम्पनी लॉ बोर्ड आदि में घूम रहा है।
- न्यायालय की भूमिका भी आसान नहीं, क्योंकि पहले तो समझना ही मुश्किल होता है कि, प्रकरण को किस छोर से समझना शुरू किया जाये और फिर जैसे-जैसे गहराई में उतरा जाता है तो लगता है, दोनों ही पार्टियों की कुछ-कुछ बातें सही हैं, कुछ-कुछ मनगढ़ंत और काफी कुछ गैर कानूनी। पर, काम इसलिये चल रहा था कि, सरकार की शुभ दृष्टि कभी एक पर थी और कभी दूसरे पर, और कुदृष्ट, शुभ दृष्टि के आधार जायज़-नाजायज़ और नाजायज़-जायज़ मान लिया जाता है।
- पर, एक आशा की किरण दिखती है, जैसे-जैसे नयी सरकार के पैर जमेंगे, ये किस्से कहानियाँ, मुकदमे आदि, भी अपने आप खत्म या गायब होने लगेंगे और नया ऑर्डर स्थापित हो जायेगा।

एस.एन. गुप्ता द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार इस कम्पनी की स्थापना के समय एस.एन.गुप्ता और टी.सी. चौधरी के बीच 50-50 प्रतिशत की भागीदारी रखने का निर्णय लिया गया था। परंतु नवम्बर 2012 को उक्त कम्पनी में अशोक मूंदडा को भी अतिरिक्त निदेशक बनाया गया क्योंकि उन्होंने कंपनी में निवेश किया था और कंपनी के उपयोग के लिए फंड उपलब्ध कराया था। कंपनी में नए निवेश की वजह से कंपनी की भागीदारी में भी फेरबदल किया गया, जिससे टी.सी. चौधरी की भागीदारी 33 प्रतिशत ही रह गई और एस.एन. गुप्ता की भागीदारी 67 प्रतिशत हो गई, परंतु कंपनी में हुए निवेश के लिए अनुबंध के अनुसार एस.एन. गुप्ता अपने शेयर होल्डिंग का आधा हिस्सा, यानि सिल्वर सॉइल इण्डस्ट्रियल पार्क लिमिटेड की 33 प्रतिशत शेयर होल्डिंग अशोक मूंदडा के पास गिरवी रखेगें।

एस.एन. गुप्ता द्वारा वर्णित घटनाक्रम के अनुसार 28 मार्च 2014 तक ही अशोक मूंदडा उक्त कंपनी में अतिरिक्त निदेशक के पद पर रहे। उन्होंने बताया कि उक्त कंपनी की एनुअल जनरल मीटिंग (ए.जी.एम.) में अशोक मूंदडा की कंपनी में अतिरिक्त निदेशक के पद पर नियुक्ति को सत्यापित नहीं किया गया और नियमानुसार कंपनी में उनकी भागीदारी खत्म हो गई परंतु उनके पास कंपनी के 33 प्रतिशत शेयर गिरवी रखे हुए थे।

एस.एन. गुप्ता द्वारा बताए गए घटनाक्रम के अनुसार 12 जनवरी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

किताबों में वजन होता है! ये यूँ ही किसी के जीवन की दशा और दिशा नहीं बदल देतीं। –इला प्रसाद

# समान स्कूल व्यवस्था क्यों नहीं?

भारतीय संविधान में बिना किसी भेदभाव के सबको अवसर की समानता प्रदान करने की बात की गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि भारतीय संविधान सबके लिए शिक्षा का समान अवसर सुनिश्चित करता है। 86वें संविधान संशोधन के माध्यम से 6 से 14 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा का अधिकार शिक्षा का मौलिक अधिकार दिया गया है। शिक्षा का अधिकार कानून भी वर्ष 2009 में भारत सरकार द्वारा पारित किया गया। इन सबके बावजूद यह एक सर्व विदित सत्य है कि शिक्षा की कई प्रकार की व्यवस्थाएं वर्तमान में देश में संचालित हैं, जिनमें जमीन–आसमान का अन्तर है। एक ओर जहां लाखों स्कूल सरकारी स्कूल ऐसे हैं जहां छोटी कक्षा के बच्चों को बैठने के लिए डेस्क तो दूर, दरी पट्टी तक उपलब्ध नहीं है। दूरस्थ राजकीय विद्यालयों में 100 विद्यार्थियों पर एक ही शिक्षक है। हजारों विद्यालय ऐसे हैं जहां पर एक भी शिक्षक उपलब्ध नहीं है। किसी भी प्रकार के मूलभूत सुविधाओं की बात तो करना ही बेमानी है। दूसरी ओर ऐसे महंगे निजी विद्यालय हैं जहां पर सारी सुख सुविधा उपलब्ध हैं। वातानुकूलित कक्षा कक्ष हैं, सभी प्रकार से सुसज्जित प्रयोगशालाएं हैं और सभी प्रकार की गैर शैक्षणिक गतिविधियों के लिए भी पूर्ण सुविधाएं हैं ।

इस प्रकार की दोहरी शिक्षा व्यवस्थाओं के रहते हुए, क्या हम यह दावा कर सकते हैं कि भारत के सभी नागरिकों को संविधान के अंतर्गत शिक्षा का समान अधिकार प्राप्त हो गया है ? यह भी स्पष्ट है कि जब तक शिक्षा का समान अवसर सबको प्राप्त नहीं होगा तब तक वंचित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थी भी अपनी क्षमता का प्रयोग स्वयं के लिए एवं देश के लिए करने में सक्षम नहीं हो पाएंगे । सरकारी विद्यालयों की प्रारंभिक शिक्षा का हाल, बेहाल होने का ही परिणाम है कि आजकल गरीब परिवार भी अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में भेजने के लिए बाध्य होने लगे हैं। ऐसे निजी विद्यालय कुकुरमुत्ता की तरह पूरे समाज में आए हैं। शिक्षा ने अब धीरे–धीरे पूरी तरह व्यवसाय का रूप ले लिया ले लिया है । किसी न किसी बहाने, सरकार अपनी ओर से अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा सब बच्चों को उपलब्ध कराने के बजाय, अब निजी क्षेत्र को निजी क्षेत्र को सौंपने लगी है। इसका परिणाम यह हुआ है कि निर्धन परिवारों एवं साधारण परिवारों के बच्चों को की गुणवत्ता हीन शिक्षा प्राप्त हो रही है।

शिक्षा की गुणवत्ता कितनी खराब है और खराब होती गई है, यह असर से स्पष्ट होता है जो कि 'प्रथम' शैक्षिक संगठन द्वारा प्रतिवर्ष पूरे देश में सर्वेक्षण के आधार पर जारी किया जाता है। हालात यहां तक हो गए हैं कि पांचवी कक्षा के आधे से अधिक विद्यार्थी दूसरी कक्षा की हिंदी की पुस्तक तक नहीं पढ़ सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी, 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की बात करते हैं और इससे कोई असहमत नहीं हो सकता है। यह सर्व ज्ञात है कि विकसित देश की पहली पहचान यही होती देश के सभी परिवारों के बच्चों को आर्थिक कमी से कारण अथवा सामाजिक रूप से वंचित होने के कारण, अच्छी शिक्षा से वंचित न रखा जाए । उसके लिए जाति, वर्ग, भाषा के आधार पर कोई भेदभाव न हो, न ही आर्थिक विषमता अच्छी शिक्षा प्राप्त करने में बाधक हो। यह तभी संभव है जब अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सरकार स्वयं ऊपर ले और अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होकर निजी क्षेत्र को अपनी जिम्मेदारी हस्तांतरित ना करे। इस काम को यदि निजी क्षेत्र करेगा, तो वह उसको एक व्यवसाय के रूप में करेगा, जैसा कि वर्तमान में होता दिखाई दे रहा है। पाठ्य पुस्तकों एवं विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के नाम पर हजारों–लाखों रुपए फीस के रूप में वसूले जा रहे हैं। कुछ वर्षों से सरकारी स्कूलों की संख्या में कमी आई है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या में भी कमी आई है, और निजी क्षेत्र के विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ी है। इसके कारण, गरीब परिवारों पर जहां आर्थिक भार बढ़ा है, वहीं खराब प्रकार की शिक्षा मिलने के कारण उनके लिए जीवन में आगे बढ़ने के अवसर भी संकुचित हुए हैं। विकसित देश की पहली आवश्यकता है कि सभी बच्चों को समान स्तर की शिक्षा के अवसर प्राप्त हों। या तभी संभव है जब प्रत्येक बच्चे को, चाहे वह गरीब हो या अमीर, शहर में रहता हो या गांव में, सब को एक समान गुणवत्तापूर्ण, सुविधा युक्त शिक्षा प्राप्त करने के लिए विद्यालय उपलब्ध हो ।

**समान स्कूल व्यवस्था के बावजूद, यदि कोई अत्यधिक अमीर अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाना चाहे तो वे इसके लिए स्वतंत्र होंगे, किंतु इसके कारण बच्चों की पढ़ाई के स्तर में कोई अंतर नहीं आना चाहिए। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, यूरोप और स्कैंडिनेविया के देशों की शिक्षा व्यवस्था सर्वाधिक अच्छी मानी जाती है। वहां लगभग सभी बच्चे सरकारी स्कूलों में ही पढ़ते हैं।**

विश्व के सभी विकसित देशों में लगभग 90 प्रतिशत बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं, जिनकी गुणवत्ता भारत के निजी स्कूल के विद्यालय की गुणवत्ता से कहीं बेहतर है। अच्छे सुविधा युक्त विद्यालय उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध न होने का बहाना सरकार नहीं कर सकती। जो देश अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराने पर पर्याप्त धनराशि का प्रावधान न करें उसे किसी भी रूप में विकसित देश होने की कल्पना छोड़ देनी चाहिए। जब सरकार नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल आदि बहुत अच्छी गुणवत्ता के साथ चला सकती है, तो क्यों नहीं केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर देश के सभी विद्यालय अच्छी सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, बच्चों को उपलब्ध करा सकते हैं? इसके लिए जितनी धनराशि की आवश्यकता हो, सरकार को उपलब्ध करानी चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें हो सकता है, परिणाम पाँच वर्षों में न मिले, किंतु भविष्य की नींव अच्छी शिक्षा ही रखेगी। जिन भी देश ने तरक्की की है, उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा पर सर्वाधिक ध्यान दिया है एवं उसके लिए वित्तीय प्रावधान भी रखा है। हमें शिक्षा को व्यवसायिकता के कुचक्र से बाहर निकाल कर इसे, देश की प्रगति का प्रमुख माध्यम मानते हुए, उसके लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने होंगे । शिक्षक प्रशिक्षण में भी आमूल चूल परिवर्तन करना होगा । पर्याप्त संख्या में शिक्षक सभी राजकीय विद्यालय में उपलब्ध कराने होंगे। इससे सरकारी विद्यालय में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा। पाठकों को स्मरण करना चाहूंगा कि 2016 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा एक निर्णय लिया गया था जिसमें यह कहा गया था कि सभी राजकीय अधिकारियों, कर्मचारियों के बच्चों को निश्चित को निश्चित रूप से राजकीय विद्यालय में ही पढ़ने हेतु भेजना होगा। जो लोग ऐसा ना करें, उन्हें राजकीय सेवा से बाहर कर दिया जाए। वर्तमान में जो शिक्षक राजकीय विद्यालय में कार्यरत हैं एवं जिन शिक्षा अधिकारियों के एवं उच्च अधिकारियों के पास शिक्षा की जिम्मेदारी है, उनमें से लगभग सभी के बच्चे निजी विद्यालय में पढ़ते हैं। परिणामस्वरूप, उनकी कोई रुचि इसमें नहीं है कि, सरकारी विद्यालय में पढ़ाई का स्तर किस प्रकार का है? जब स्वयं के बच्चे उसमें पढ़ेंगे, तो निश्चित रूप से उनकी गुणवत्ता के स्तर में वृद्धि होगी। इस पूरी पद्धति को 'समान स्कूल व्यवस्था' का नाम दिया जा सकता है। इस के अन्तर्गत, देश के सभी बच्चों को एक ऐसे स्कूलों में पढ़ने का अवसर मिले जहां समान स्तर की शिक्षा प्रदान की जाए। हमें पड़ोस के स्कूल की अवधारणा को भी पुनर्जीवित करना होगा। आजकल प्रारंभिक कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे 10–15 किलोमीटर दूर स्थित निजी विद्यालयों में पढ़ने हेतु जाते हैं। होना तो यह चाहिए कि किसी भी प्रारंभिक कक्षा के बच्चों का बहुत अधिक समय केवल विद्यालय जाने और आने में ही व्यर्थ ना हो जाए।

समान स्कूल व्यवस्था के बावजूद, यदि कोई अत्यधिक अमीर अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाना चाहे तो वे इसके लिए स्वतंत्र होंगे, किंतु इसके कारण बच्चों की पढ़ाई के स्तर में कोई अंतर नहीं आना चाहिए। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, यूरोप और स्कैंडिनेविया के देशों की शिक्षा व्यवस्था सर्वाधिक अच्छी मानी जाती है। वहां लगभग सभी बच्चे सरकारी स्कूलों में ही पढ़ते हैं। उच्च शिक्षा भी यदि किसी को ग्रहण करनी हो तो उसके लिए किसी को भी आर्थिक दृष्टि से कमजोर होने के कारण मना नहीं किया जाता। सरकार उसकी जिम्मेदारी लेती है कि वह बिना ब्याज का कर्ज बच्चों को उपलब्ध कराए। वह कमाई करने लायक होने के बाद सरकार को लौटा सकता है।

भारत में यह मान लिया गया कि अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार केवल कुछ अभिजात्य वर्ग का ताकि कमजोर तबके के लोग उनको श्रमिक के रूप में काम करने हेतु निरंतर उपलब्ध होते रहें। कुछ लोगों की सोच है कि यदि कुछ जातियों, वर्गों और आदिवासियों के बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करने लग गए तो उनके लिए श्रम साध्य काम करने वाले मजदूर आदि कहां से उपलब्ध होंगे?

समान स्कूल व्यवस्था लाने के लिए सबको अपना पूरा जोर लगाना होगा ताकि देश के दो तिहाई बच्चों के लिए खराब स्तर की शिक्षा व्यवस्था न बनी रहे। इसके लिए यदि जीडीपी का जितना भी हिस्सा खर्च करना पड़े तो उसके लिए कोई बहाना नहीं करना होगा। सरकार को केवल सर्वोच्च वरीयता शिक्षा को देनी है, यह तय करना होगा ।

आगामी कुछ दिनों में लोकसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं। सामाजिक संगठनों को आंदोलन चला कर विभिन्न दलों पर यह दबाव बनाना होगा कि वे यह घोषणा करें कि वे सत्ता में आने पर देश में 'समान स्कूल व्यवस्था' लागू करेंगे, ताकि अधिकांश बच्चे इन स्कूलों में पढ़ सकें और किसी को अपनी जाति, वर्ग, भाषा, धर्म या गरीबी के कारण अच्छी शिक्षा से वंचित न होना पड़े। ऐसा करने से जहां प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता का पूर्ण विकास करने का अवसर मिलेगा वहीं हम उनके संविधान प्रदत्त अधिकारों की भी रक्षा कर पाएंगे। साथ ही, देश की प्रगति में भी और तेजी आ पाएगी, क्योंकि प्रतिभा की कोई कमी गरीब वर्ग में है। प्रकृति ने, गरीब, अमीर, सब में प्रतिभा का छिड़काव बराबर रूप से किया है। किसी को भी केवल उसके जन्म के आधार पर अच्छी शिक्षा से वंचित करना भारत के लिए स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। जो दल प्रारंभिक शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता न दे उसे सत्ता में आने से रोकना होगा, तभी यह दबाव राजनीतिक क्षेत्र में पड़ेगा कि शिक्षा की बात सबसे पहले की जाए ।

हम कितने भी और प्रकार के, आधुनिकता के प्रतीकात्मक चिन्ह बना लें, किंतु उससे देश का भविष्य कभी उज्जवल नहीं होगा। आशा है, सभी दल अपने चुनाव घोषणा पत्र में 'समान स्कूल व्यवस्था' लागू करने हेतु घोषणा करेंगे । जो ऐसा करें, उसे जनता का पूरा समर्थन प्राप्त होगा, क्योंकि आज भी दो तिहाई बच्चे अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित है और यदि उन्हें यह अवसर मिलेगा, तो उन परिवारों का समर्थन भी इन दलों को मिलेगा।

यही कामना है कि सभी राजनैतिक दलों को यह सद्बुद्धि मिले कि वे देश में समान स्कूल व्यवस्था लागू करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, ताकि भारत वास्तव में विकसित देशों की सूची में शामिल हो सके।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# शीतला सप्तमी पर भीलवाड़ा शहर में "मुर्दे की सवारी" निकाली

- **शीतला सप्तमी पर जमकर उड़ी गुलाल, मुर्दे की सवारी (ईलाजी की डोल) निकली**
- **इसमें जिंदा युवक की अर्थी सजाकर बाजार में घुमाया और युवक गुलाल उड़ाते चलते रहे**




भीलवाड़ा शहर में परंपराओं के अनुसार मुर्दे की सवारी निकाली गई, इसका शहरवासियों ने आनंद लिया।


**भीलवाड़ा, (निसं)।** शीतला सप्तमी पर शहर में परंपराओं के अनुसार मुर्दे की सवारी निकाली गई। रंगोत्सव को देखते पुलिस ने पुख्ता बंदोबस्त किए। होली में खलल नहीं पड़े, इसके लिए पर्याप्त जाब्ता तैनात किया गया। 600 से ज़्यादा पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए। इसके अलावा आरएसी की तीन कम्पनी और ढाई सौ होमगार्ड भी सुरक्षा में पुलिस के साथ लगाये गये। साथ ही हुड़दंगियों से सख्ती के साथ निपटने के लिए वीडियो और ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी गई। शहरवासियों ने जमकर त्योहार का आनंद लिया।

जानकारी के अनुसार मेवाड़ में होली का रंग पूरे 15 दिन चलता है। अलग–अलग जगहों पर अलग अलग दिन होली खेली जाती है। जहाजपुर कस्बे में पंचमी को रंग खेला जाता है। भीलवाड़ा, शाहपुरा, गुलाबपुरा व मांडलगढ़ व क्षेत्रों में शीतला सप्तमी व कहीं अष्टमी को रंग व गुलाल खेला जाता है। मांडल में तेरस को होली खेलते हैं। साथ ही बादशाह की सवारी निकालते हैं व नाहर नृत्य का आयोजन किया जाता है।

शहर में दोपहर दो बजे चित्तौड़ वाले की हवेली के पास से मुर्दे की सवारी (ईलाजी की डोल) निकली गई। इसमें जिंदा युवक की अर्थी सजाकर बाजार में घुमाया गया और युवक गुलाल उडाते हुए चलते रहे। कुछ युवक अर्थी पर लेटे युवक पर वार करते रहे। इसके चलते वह अर्थी से कूदकर भागने का प्रयास करता तो फिर से उसे सुला दिया जाता। रंग और गुलालों के बीच परम्परानुसार शहर भर में शीतला सप्तमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में खास नजर रही। सुबह आठ से शाम पांच बजे तक जाब्ता तैनात किया गया। थानों की चेतक और मोबाइल टीम भी लगातार गश्त करती रही। शहर में 75 प्रमुख चोराहे और मोहल्लों को चिहिन्त किया गया, जहां जाब्ता तैनात रहा। पुलिस अधिकारी लगातार अपने–अपने इलाके में गश्त करते रहें। शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग करने वाले, राहगीरों पर गुलाल फेंकने वालों से सख्ती से निपटा गया। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष में रिर्जव में भी जाब्ता तैनात किया गया था। इसके अलावा घुड़सवार भी कंट्रोल रूम के बाहर तैनात रहे। शहर में सुरक्षा बंदोबस्त में आसपास के थानों से भी प्रभारियों को जाप्ते के साथ बुलाया गया था।

# ठंडे पकवानों का भोग लगाकर बास्योड़ा का पर्व मनाया

- **मंगल गीतों के साथ महिलाओं ने शीतला माता की पूजा की, खुशहाली की कामना मांगी**



चाकसू में शीलकी डूंगरी स्थित शीतला माता के मंदिर पर मेला भरा।

**चाकसू, (निसं)।** शीतला अष्टमी के मौके पर सोमवार को शीलकी डूंगरी स्थित शीतला माता के मंदिर पर मेला भरा। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु लंबी कतार में लगकर शीतला माता की पूजा–अर्चना करने के लिए प्रतीक्षारत थे। महिलाओं, बालक–बलिकाओं, पुरुषों ने पूड़ी, पपड़ी, दही, राबड़ी, छाछ, पकौडे, पापड़, खीचे, चावल, पचकुटे की सब्जी और अन्य पकवानों का भोग लगाकर मुख्यघर–परिवार में खुशहाली की कामना की। हर तरफ रंग रंग बिरंगी पोशाक में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। श्रद्धालु जोश के साथ माता के नारे लगाते नजर आ रहे थे। धीरे–धीरे भीड़ का पारा चढ़ता गया और दोपहर के बाद इतनी भीड़ बढ़ गई कि जो जहां थे वहीं ठहर सा गया था।

वहीं कस्बे के छोटे–बड़े माता के मंदिरों समेत कुम्हार के घर पर श्रद्धालु महिलाएं पूजा अर्चना के लिए उमड़ी। महिलाओं ने शीतला माता की ठंडे पकवानों से पूजा की और परिवार तथा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। वहीं मेला स्थल पर मुख्य मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट की गई। गौरतलब है कि कस्बे की शीलकी डूंगरी पर प्रति वर्ष चैत्र माह की शीतलाष्टमी पर मां शीतला का लक्खी मेला लगता है। इस अवसर पर प्रात:काल से श्रद्धालु शीतला मैया की जय जयकार करते मंदिर पहुंचते हैं तथा परिवार की खुशहाली, रोगों से विशेषकर चेचक से मुक्ति के लिए प्रार्थना करते हैं और ठण्डे पकवानों का भोग लगाकर ठण्डा भोजन गृहण करते हैं।

मेलें में इस बार मौत का कुआं, बडे झूले एवं सर्कस नहीं दिखाई दिए। इससे श्रद्धालुओं को इस बार छोटे झूले व जादूगर से मनोरंजन करना पडा। पुलिस थाने के सामने राजू लक्ष्मण सैनी के नेतृत्व में जन सहयोग से श्रद्धालुओं के लिये निशुल्क छाछ राबड़ी व चाय और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें गायक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक माता रानी की भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालु झूम उठे। मेला स्थल पर जाने वाले रास्तों पर जगह–जगह राजस्थानी कलाकारों की ओर से लोक नृत्यों व अलगोजा की धूम रही।

मेले में सुविधा के लिए नगरपालिका प्रशासन द्वारा साफ–सफाई, पानी, रोशनी व्यवस्था तथा पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल मुश्तैद रहा। मेले में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए एडिनशल डीसीपी दक्षिण पारस जैन के नेतृत्व चाकसू एसीपी सुरेंद्र सिंह सहित 4 एसीपी व चाकसू घाना प्रभारी कैलाश दान, कोटखावदा थाना प्रभारी अब्दुल वहीद, शिवदासपुरा थाना प्रभारी रणजीत सिंह सहित 6 एसएचओ 133 आरएसी के जवान 40 महिला पुलिसकर्मियों सहित 800 पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर मौजूद रहे। वहीं उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा, तहसीदार संदीप चौधरी, अधिशाषी अधिकारी शम्भू मीना भी विशेष निगरानी रखे हुए थे।

# 92 साल की महिला ने नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीते

## पाना देवी ने 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, तश्तरी फेंक में मेडल जीते

**बीकानेर।** "एज इज जस्ट ए नंबर" या यूं कह लें कि "उम्र एक संख्या मात्र है" जैसे वाक्य अक्सर सुनने को मिलते हैं और कई बार इसके उदाहरण भी सामने आते हैं। उसी तरह का उदाहरण पेश किया है बीकानेर के नोखा के अणखीसर गांव की रहने वाली 92 साल की महिला पाना देवी गोदारा ने, जिन्होंने 92 वर्ष की उम्र में नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने की हिम्मत दिखाई और जब कांपिटिशन समाप्त हुआ तो उन्होंने सभी को हैरान करते हुए दौड़ सहित गोला फेंक, तश्तरी फेंक गोल्ड मेडल हासिल किया है और युवा सहित सैकड़ों महिलाओं के लिए मिसाल बनी है।

हाल ही में पुणे में 44वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 आयोजित की गई। जिसमें पाना देवी गोदारा ने भी भाग लिया। जिसमें उन्होंने तीन गोल्ड मेडल (100 मी दौड़, गोला फेंक, तश्तरी फेंक) जीते हैं। वह अब वर्ल्ड चैंपियनशिप खेलने के लिए अगस्त में स्वीडन जाएगी।

जानकारी के अनुसार पाना देवी गोदारा के पोते जय किशन गोदारा खुद एक नेशनल एथलीट हैं। वह बच्चों को विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का अभ्यास करवाते हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने साथ एक दिन दादी को स्टेडियम लेकर आए। जिसके बाद दादी मेरे साथ हमेशा स्टेडियम आने लगी। एक दिन दादी ने कहा कि वह भी खेलना चाहती है। फिर क्या, पोते ने उन्हें अभ्यास करना शुरू कर दिया। अब पोते को क्या पता था कि दादी प्रतियोगिता में भी भाग लेने लगेंगी। कई छोटे–बड़े चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद हाल में उन्होंने पुणे में 44वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में हिस्सा लिया। परिणाम के बाद सभी हैरान रह गए।

उन्होंने कहा कि उनके स्वास्थ्य और सफलता का मूल मंत्र अच्छा खान–पान और नशे से दूर रहना है। उन्होंने बताया कि 92 साल की उम्र में भी वह अपना काम खुद करती हैं और घर में एक जानवर की देखभाल भी करती हैं। उन्होंने युवाओं से प्रतिदिन 2 घंटे मैदान में बिताने को कहा। उन्होंने कभी फास्ट फूड, डिब्बाबंद खाना या ठंडा पानी नहीं खाया। सुबह जल्दी उठना और घर के काम में हाथ बंटाना उनकी दिनचर्या का हिस्सा है।

उन्होंने वर्षों से कोई दवा नहीं ली है और वह हर दिन अपने पोते के साथ व्यायाम करने के लिए मैदान पर जाती हैं। यही है उनकी सेहत का असली राज है। उनके पोते जय किशन गोदारा ने बताया कि दादी की उपलब्धि के बाद गांव की महिलाएं उनसे मिलने आने लगीं। गोदारा ने बताया कि गांव वालों को यह तो पता था कि पांच बेटों और तीन बेटियों की मां पाना देवी स्वस्थ हैं, लेकिन किसी ने यह नहीं सोचा था कि वह राष्ट्रीय टीम में खेलकर गांव का नाम रोशन करेगी।

## राशिफल मंगलवार 2 अप्रेल, 2024



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 10:49 तक, परिद्य योग सांय 6:35 तक, बालव करण प्रात: 8:39 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 4:37 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मीन, चन्द्रमा–धनु, मंगल–कुम्भ, बुध–मीन, गुरू–मेष, शुक्र–मीन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज कालाष्टमी है। आज से वर्षीतप आरम्भ होगा और रिषभ देव जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:25 से 10:58 तक, लाभ–अमृत 10:58 से 2:03 तक, चर 3:36 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:20, सूर्यास्त 6:41

### मेष


नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष

मित्रों/रिश्तेदारों से आपसी अनबन हो सकती है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।


### मिथुन

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### कर्क

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### सिंह


व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है।


### कन्या

घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

### तुला

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

### वृश्चिक

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है।

### धनु

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर

अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है।

### कुंभ

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# अदालत में मामला लंबित होने के बावजूद भी जे.डी.ए. ने 14 हैक्टेयर भूमि की 90-ए की, अब नक्शा पास करने की तैयारी!

## सांगानेर स्थित वाटिका में सिंधु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा काटी गई 'राधा गोविंद फॉर्मस्' योजना का मामला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सांगानेर स्थित वाटिका में सिंधु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा 14 हैक्टेयर जमीन पर काटी गई ''राधा गोविंद फॉर्मस्'' योजना की जमीन का काश्तकारों द्वारा 90-ए करवाने का मामला सामने आया है। मजेदार बात यह है कि मामला अदालत में लंबित होने के बावजूद जे.डी.ए. जोन-14 के अफसरों ने गत 28 मार्च 2023 को इस कृषि भूमि का रूपांतरण कर दिया। यह प्रकरण राजस्थान उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद अब मंगलवार को जे.डी.ए. में आयोजित होने वाली बी.पी.सी. (एल.पी.) की बैठक में इस योजना का नक्शा पास करने की तैयारी है। हालांकि जे.डी.ए. के आयोजना निदेशक विनय कुमार दलेला से जब इस प्रकरण में बात की गई तो उन्होंने कहा कि, ''इस मामले की पूरी तरह जांच कराएंगे। किसी भी विवादित स्कीम का नक्शा पास नहीं किया जाएगा।''



सूत्रों की मानें तो सिंधु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति ने सांगानेर स्थित वाटिका में खसरा नंबर 2353 से 2356, 2493 से 2497, 2501 से 2546 तथा 2557 से 2560 तक की करीब 14.05 हैक्टेयर जमीन पर ''राधा गोविंद फॉर्मस्'' योजना सृजित कर सदस्यों को भूमि आवंटित की। सिंधु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति सचिव मोहनलाल शर्मा का आरोप है कि पूर्व काश्तकार और भू-माफियाओं ने जे.डी.ए. को धोखे में रखकर इस जमीन की 90-ए करवा ली, जिसका आदेश 28 मार्च 2023 को जारी हुआ, जबकि उस समय यह प्रकरण अदालत में विचाराधीन था। जे.डी.ए. जोन-14 द्वारा की गई इस 90-ए कार्यवाही पर तत्कालीन संभागीय आयुक्त जयपुर ने 7 जून को स्टे दिया, मामला अदालत में विचाराधीन है, इसके बावजूद जे.डी.ए. के अधिकारी इस जमीन का नक्शा पास करने की तैयारी में जुटे है।

- **संभागीय आयुक्त ने 7 जून 2023 को इस मामले में सुनवाई करते हुए जे.डी.ए. के 28 मार्च के 90-ए आदेश पर स्टे दिया, इसके बावजूद अब जे.डी.ए. के अधिकारी मंगलवार को होने वाली बी.पी.सी. (एल.पी.) की बैठक में इस योजना का नक्शा पास करने की तैयारी में जुटे है।**
- **हालांकि आयोजना निदेशक विनय कुमार दलेला का कहना है कि, ''वे इस मामले की पूरी तरह जांच कराएंगे। किसी भी विवादित स्कीम का नक्शा पास नहीं किया जाएगा।''**

मोहनलाल शर्मा का कहना है कि ''राधा गोविन्द फॉर्मस्'' योजना की 90-ए में जेडीए के अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है। इस जमीन का काश्तकारों ने 3-3 बार इस जमीन का बेचान करके 90-ए करवाई है, अब जेडीए प्रशासन अपनी गलती को सुधारने के लिए 90-ए को निरस्त भी नहीं कर रहा है। जबकि सोसायटी के पदाधिकारी कई बार जेडीए के अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके है। मोहनलाल शर्मा का कहना है कि भू-माफिया और बड़े बिल्डर के दबाव में म्यूटेशन खारिज करने के लिए जेडीए जोन 14 के उपायुक्त और तहसीलदार दोनें सांगानेर एसडीएम और तहसीलदार को पत्र नहीं लिख रहे हैं।

सोसायटी के पीड़ित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन देकर न्याय दिलाने की गुहार की है। ज्ञापन में बताया गया है कि वाटिका में सिंधु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति ने वर्ष 1994 में श्री ''राधा गोविन्द फॉमर्स'' आवासीय योजना विकसित की थी। इसमें 127 सदस्यों की इस योजना में सृजित भूखंडों के भूखंडधारियों एवं आवंटियों की एक सूची भी प्रकाशित की थी। यह भूखण्डधारी इस योजना के सृजन से ही इन भूखंडों पर काबिज है। अब इस जमीन की कीमतें बढ़ गई है और मौके पर धीरे-धीरे आवंटियों की बनाई हुई चार दीवारी गायब की जा रही है। भू-माफिया इस जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। भूखंडधारियों को मौके से बेदखल करने पर आमादा हैं। जेडीए में शिकायतें करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## शराब सप्लायर महिला समेत पांच गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने चलाए जा रहे अवैध शराब के विशेष अभियान के तहत मुहाना, करधनी, प्रतापनगर एवं सांगानेर सदर थाना इलाके में आबकारी अधिनियम में पांच प्रकरण दर्ज कर एक महिला सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास अवैध देशी शराब के 956 पव्वे (लगभग 20 पेटी), अंग्रेजी शराब के 35 पव्वे, बीयर की 105 बोतल (लगभग 09 पेटी) एवं बिक्री राशि 1800 रुपये बरामद की है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को मध्यनजर रखते हुए सीएसटी ने मुहाना, करधनी, प्रतापनगर एवं सांगानेर सदर थाना इलाके में आबकारी अधिनियम में पांच प्रकरण दर्ज कर शुभम खटीक निवासी मालपुरा जिला टोंक हाल मुहाना जयपुर,रोहिताश राजावत निवासी करधनी जयपुर, सरोज देवी निवासी चाकसू हाल करधनी जयपुर ,विष्णु भगवान शर्मा निवासी टोंक हाल महेश नगर जयपुर और कैलाश गुर्जर निवासी बरौनी जिला टोंक हाल सांगानेर सदर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# प्रॉपर्टी में निवेश के बहाने करोड़ों रु. ठगने वाले चार बदमाश उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार

## विश्वकर्मा थाना पुलिस ने बताया कि इन शातिर बदमाशों ने इसी तरीके से जयपुर सहित कई जिलों और अन्य राज्यों में काफी लोगों को ठगा है

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने प्रॉपर्टी में निवेश करने का झांसा देकर करोड़ों रुपए ठगने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के चार बदमाशों को मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से कई वारदात खुलने की संभावना जता रहीं है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा थाना पुलिस ने प्रोपर्टी में निवेश करने का झांसा देकर करोड़ो रुपयों की ठगी करने वाली अंतर्राज्यीय गिरोह के राजेंद्र प्रसाद शर्मा (48) व रामअवतार शर्मा (54) निवासी निवासी गडा जिला चतरपुर मध्यप्रदेश,पंकज शुक्ला (35) निवासी प्रीत विहार कॉलोनी खुशहालपुर मझोला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश व नरेंद्र कुमार (30) निवासी मुरादाबाद यूपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया है कि शातिर ठगों ने जयपुर सहित जयपुर ग्रामीण व अन्य जिलों व राज्यों में काफी लोगों को उक्त तरीके से अपने जाल में फंसाया और बहुत कम समय में करोड़ों रुपयों की ठगी की।

- **बदमाशों की जालसाजी का लोगों को पता चला तो आरोपियों ने अपना गांव छोड़कर मध्यप्रदेश के बागेश्वर धाम में जाकर ''राजस्थानी पंडित'' नाम से होटल खोल लिया और खुद उत्तर प्रदेश व दिल्ली में रहने लगे**

लोगों को जब इनकी जालसाजी का पता चला तो राजेंद्र प्रसाद शर्मा व रामअवतार शर्मा ने अपना गांव छोड़कर बागेश्वर धाम मध्य प्रदेश में जाकर राजस्थानी पंडित होटल के नाम से होटल व्यवसाय प्रारंभ कर दिया। आरोपित उत्तर प्रदेश व दिल्ली जाकर रहने लग गए और अपना मोबाइल फोन व नम्बर बदलकर वहां रहने लग गए। पुलिस ने तकनीकी सहायता से चारों आरोपितों को दस्तयाब कर ठगी का पर्दाफाश किया। वहीं शेष आरोपितो की तलाश जारी है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि वारदात को अंजाम देने वाले ठग गिरोह में लगभग आठ से दस व्यक्ति शामिल है।

जानकारी के अनुसार राजेंद्र प्रसाद शर्मा व रामअवतार शर्मा की बस्सी जाजोद सीकर में पुश्तैनी खातेदारी की जमीन है। जिन्होंने उत्तर प्रदेश निवासी पंकज शुक्ला,नरेंद्र कुमार व अन्य लोगों के साथ मिलकर जमीन विक्रय के नाम से इकरारनामा बनाकर लोगों से साईपेटे के नाम से मोटी रकम हड़प करने की योजना बनाकर जयपुर ग्रामीण व अन्य जिलों व राज्यों के लोगों जो प्रोपटी व्यवसय में रुचि रखते है। उन्हे चिन्हित करते। जिसके बाद आरोपी पंकज शुक्ला व नरेंद्र कुमार चिन्हित लोगों से चालाकी व अपने जाल में फसाकर उन्हे प्रोपर्टी में काफी मोटे मुनाफे का लालच देकर सस्ते भावों में जमीन दिलाने व महंगे भाव में बिकवाने का लालच देते और जमीन मालिक राजेंद्र प्रसाद व रामअवतार से उनकी मुलाकात करवा जमीन सस्ते भाव में बेचने का नाटक करते और जमीन का सौदा तय कर साईपेटे के लाखों रुपए ले लेते और इकरारनामा तैयार करवा फरार हो जाते ओर पैसो को आपस में बाँट लेते।

## देश सोलर पैनल निर्माण के क्षेत्र में बनेगा आत्मनिर्भर

**जयपुर**। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सोलर पॉवर प्लांटस में इस्तेमाल होने वाले सोलर पैनल की गुणवत्ता, स्वेदेशी उत्पादन एवं उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा करने के लिए एएलएमएम नोटिफिकेशन जो कि इन सभी मानकों को सुनिश्चित करता है उसको 1 अप्रेल से लागू करने का नोटिंफकेशन जारी किया है।

नॉर्थ इंडिया मॉडयूल मैन्यूफैक्चर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा की किसी भी सोलर पॉवर संयत्र को स्थापित करने के लिए सोलर पैनल का उपयोग करने हेतु 25 साल की वारंटी आवश्यक होती है इसलिए यह अतिआवश्यक है कि सोलर पैनल का उत्पादन अपने देश में ही सुनिश्चित किया जाए जिससे उपभोक्ताओ के हितो की रक्षा, देश की उर्जा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। 1 अप्रेल के बाद एएलएमएम सूची में शामिल सोलर पैनल ही सरकारी परियोजनाओं, सरकारी सहायता प्राप्त स्कीम, सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों, ओपन एक्सेस, नेट-मीटरिंग, ग्रॉस नेट-मीटरिंग आदि में उपयोग किए जा सकेंगे। भारत सरकार के इस कदम से देश मे सोलर पैनल निर्माण बढ़ेगा।

# ढूंढाड़ की विरासत का पर्याय बना 'श्री प्रेमभाया महोत्सव'



**श्री प्रेमभाया महोत्सव में सोमवार शाम को आयोजित भक्ति संगीत समारोह में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही।**

**जयपुर**। ढूंढाड़ की विरासत का पर्याय बना श्री प्रेमभाया महोत्सव सोमवार शीतला सप्तमी से शुरू हुआ। त्रिदिवसीय भक्ति संगीत समारोह का श्रीगणेश चांदपोल बाजार के जयलाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में प्रेमभाया सरकार के पंचामृत अभिषेक के साथ हुआ। विद्वानजनो ने वेद मंत्रोच्चार और जयकारों के साथ अभिषेक किया।

शाम को दीपावली की तरह सजे जयलाल मुंशी का रास्ता में भव्य पंण्डाल व खुले आसमान के नीचे भक्ति संगीत समारोह प्रारंभ हुआ। जिसमें श्री प्रेमभाया सरकार के भव्य श्रृंगार किया गया भक्ति संगीत समारोह में दीपक शर्मा ने रिद्धि सिद्धि रा भरतार नित की लाडू खावै छै, गढ़ गणेश छै नाम बैठ्या मौज उडावै छै... गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का मंगलाचरण किया। शास्त्रीय गायन शैली में किशोरी आकांक्षा राव ने पार लगाज्यो जी सांवरिया म्हाने भूल बिसर मत जाज्यो.... सुनाकर भक्त की भगवान से करुण पुकार को स्वर दिया। गोपाल सिंह राठौड़ और पूजा राठौड़ ने म्हारी लैरा लाग्यो आवै छै यो मुरली हालों श्याम भजन से ठाकुरजी की भक्त वत्सलता का शाब्दिक चित्रण किया। परवीन मिर्जा ने ओ रे नन्द बाबा ने खीज्यो रे बैठ कदम की डार कान्हो चीर चुरावे रे...... प्रमोद त्रिपाठी , रामस्वरूप दास , अभिषेक नामा सहित अन्य भजन प्रवाहकों ने ढूंढ़ाड़ी भाषा में भक्त युगलजी की भक्ति रचनाओं को अपनी आवाज में सुनाकर जयपुर की आठ दशक पुरानी विरासत को साकार कर दिया। समाज के सभी क्षेत्रों के आम और खास लोगों ने एक जाजम पर बैठकर भक्ति सरिता में डुबकी लगाई। वहीं, विभिन्न मंदिरों के संतों-महंतों ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। दूधिया रोशनी में भजन संध्या का दौर पूरी रात चला। समिति के अध्यक्ष विजय किशोर शर्मा ने बताया कि दो अप्रेल को भी रात्रि 8 बजे से संपूर्ण रात्रि भक्ति संगीत रहेगा व तीन अप्रेल को शाम 7 बजे नगर संकीर्तन युगल कुटीर से प्रारंभ होकर चारदीवारी के प्रमुख मार्गों से होता हुआ सुबह 7 बजे सत्संग स्थल पर पहुंचेगा।

# साढ़े 12 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी)ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत करधनी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले तस्कर धीरेन बर्मन एवं रमेन बर्मन को गिरफ्तार कर उनके पास से 12 किलो 460 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित यह अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी कूच बिहार (पश्चिम बंगाल) से कर जयपुर में करते है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने करधनी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले तस्कर पुण्डीबाड़ी जिला कूच बिहार ( पश्चिम बंगाल) निवासी धीरेन बर्मन एवं रमेन बर्मन को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 12 किलो 460 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपित धीरेन बर्मन एवं रमेन बर्मन दिहाड़ी मजदूरी की आड़ में अवैध मादक पदार्थ गांजे की सप्लाई का काम करते है। जो यह अवैध मादक पदार्थ गांजा कूच बिहार पश्चिम बंगाल से लाकर जयपुर में एक मादक पदार्थो के बड़े तस्कर को देना स्वीकार किया है जिसका नाम नवीन है, जो मानसरोवर जयपुर में रहता है। आरोपी 10 हजार रुपये प्रति किलो के हिसाब से गांजा खरीदकर 20 हजार रुपये प्रति किलो के हिसाब से सप्लायर करते है।

- **बिहार से गांजा लाकर जयपुर में बेचते थे आरोपी**

## ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षण सरलीकरण के लिए जयपुर में जुटेंगे युवा

**जयपुर**। देश और प्रदेश पूरी तरह से चुनावी रंग में रंगा है वही दूसरी तरफ प्रदेश की राजधानी जयपुर में आने वाली दो तारीख को ईडब्ल्यूएस आरक्षण में सरलीकरण की मांग को लेकर नारायणसिंह सर्किल स्थित पिंक सिटी प्रेस क्लब सभागार युवा शक्ति संयोजन के तत्वावधान में चर्चा करने के लिए देशभर के युवा जुटेंगे। युवा शक्ति संयोजन के मुख्य ध्वजवाहक शक्तिसिंह बांदीकुई ने बताया कि ईडब्ल्यूएस वर्ग के साथ आरक्षण के नाम पर बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है और सरकार लगातार उनके मुद्दे की अनदेखी कर रही है। क्योंकि यह मुद्दा युवा और पढ़ने लिखने वाले छात्रों से जुड़ा हुआ है इसलिए वे पिछले काफी समय से लगातार देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय और कॉलेज में जाकर युवाओं के साथ संवाद कर रहे हैं। सरकार तक मुद्दे को ठीक से पहुंचाने के लिए युवाओं को एकजुट करना सबसे जरूरी है।

# पूर्ववर्ती सरकार के 100 दिनों की तुलना में इस बार सड़क नेटवर्क का विकास दुगना : दिया कुमारी

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश की वर्तमान डबल इंजन सरकार में दुगनी गति से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि विगत सरकार प्रथम 100 दिन में जितनी सड़कें बनायी गई थी उसकी लगभग दुगनी वर्तमान सरकार के प्रथम 100 दिन में बनायी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश में औसतन प्रतिदिन 33 किमी. लम्बाई में सड़कों का निर्माण/विकास करने के साथ ही औसतन प्रतिदिन 2 से अधिक नवीन गाँवों को डामर सड़कों से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अनुसार प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लागत राशि रुपए 5-5 करोड़ के कार्यों के अन्तर्गत वित्त विभाग द्वारा 14 फरवरी को प्रदूत निर्देशों पर तुरंत कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग ने 28 फरवरी तक सभी प्रस्ताव तैयार करवाकर कुल 3219 किमी लम्बाई की 1631 मिसिंग लिंक एवं नॉन पेचेबल सड़कों के निर्माण हेतु राशि रुपए 1000 करोड़ की स्वीकृतियाँ 9 मार्च व 11 मार्च को जारी की जा चुकी है। इन कार्यों को जल्द से जल्द धरातल पर लाने के लिए निविदाएं भी 11 से 13 मार्च तक आमंत्रित कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा व निर्देशानुसार बीकानेर, जयपुर व भरतपुर जिलों का5 महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों हेतु लागत राशि रुपए 10.35 करोड़ की स्वीकृतियाँ जारी कर सभी 5 कार्यों की निविदा आमंत्रित करते हुए 2 कार्यों के कार्यादेश जारी किये जा चुके है। अलवर, अजमेर, पाली, नागौर, ब्यावर व भीलवाडा जिलों की 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर लागत राशि रुपए 843 करोड़ व 50 किमी. लम्बाई के निर्माण को जल्द से जल्द धरातल पर लाने के लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। पर्वतमाला कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के 5 महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर आमजन को सुगमता एवं पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु रोप-वे निर्माण हेतु सलाहकार नियुक्त किये जा चुके है, जो शीघ्र ही जोगी महल-त्रिनेत्र गणेश मंदिर रणथम्भौर, आमेर फोर्ट नाहरगढ़ फोर्ट जयगढ़ फोर्ट जयपुर, बून्दी-बिजासन माता इन्द्रगढ़, भण्डारिया हनुमान, बांसवाड़ा-समाई माता, बांसवाड़ा, विद्या निकेतन स्कूल-चतरंग मोरी चित्तौड़गढ़ पर रोप-वे निर्माण कार्यों को गति देंगे। प्रदेश में 687 किमी. लम्बाई की 31 सड़कों के उन्नयन व पुल निर्माण के लिए 973 करोड़ की स्वीकृति भारत सरकार से 14 मार्च को मिल चुकी है।

## सार-समाचार

### मंजू शर्मा ने जन-जन से मांगा समर्थन

**जयपुर**। भाजपा जयपुर शहर लोकसभा से प्रत्याशी मंजू शर्मा अपने संसदीय क्षेत्र में लगातार जनता से मिल संवाद बनाए हुए हैं, जनता का मंजू शर्मा के प्रति प्रेम और सहानुभूति निश्चित ही देखते बनती है कि 2024 में जयपुर शहर लोकसभा से रिकॉर्ड मतों से जयपुर की देवतुल्य जनता जीत दिलाएगी। कई स्थानों पर मंजू शर्मा ने जनसंपर्क किया। शर्मा लगातार जयपुर संसदीय क्षेत्र में सुबह से लेकर रात तक जनता के बीच ही उपस्थित रह रही है। इसी क्रम में हवा महल विधानसभा के ब्रह्मपुरी क्षेत्र में शिवाजी चौक पर जनसंपर्क कर क्षेत्र की देव तुल्य जनता से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन में मतदान कर जयपुर में डबल इंजन की सरकार सुनिश्चित करने हेतु आग्रह किया। साथ ही गनगौरी बाजार स्थित जनसंपर्क के दौरान जयपुर की बेटी मंजू शर्मा को अपने बीच देखकर बहुत ही उत्साहित और भारी समर्थन देने का वादा किया। शर्मा ने जोरावर सिंह गेट पहुंच केसरिया झंडा और विजय के उद्घोष के साथ भारत माता की जय के जैसे नारे लगातार गुंजयमान रहे। मंजू शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता का विश्वास और आशीर्वाद वास्तव में बहुत ही अनमोल है। हवा महल विधानसभा में स्थित काले हनुमान जी के मंदिर में दर्शन कर हनुमान जी से जयपुर शहर में सनातन संस्कृति हमेशा हमेशा मौजूद रहे और और पलायन को रोकने के लिए भी निश्चित ही कोई सकारात्मक कदम उठाया जाए जैसी प्रार्थना के साथ मंजू शर्मा ने हनुमान जी से प्रार्थना की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश का विकास और तिगुनी गति से हो।

### चाचा ने की भतीजी से अश्लील हरकत

**जयपुर**। कोतवाली थाना इलाके में चाचा द्वारा नाबालिग भतीजी से अश्लील हरकत करने,गंदी वीडियो बनाने और उसे धमकाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बच्ची में शिकायत दी है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि एक महिला अपनी नाबालिग बेटी को लेकर थाने पहुंच आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ डेढ़ साल पहले उसके देवर ने गलत काम किया। उसे पढ़ाने के बहाने कमरे में ले जाता और उसके साथ गलत काम करता था। आरोपी ने बच्ची का गंदा वीडियो भी बना रखा हैं जिसे वायरलने और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया करता था। बच्ची की शिकायत पर चाचा योगी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। वहीं बच्ची की मां का आरोप है कि बच्ची के चाचा के पास उसकी बेटी के गंदे वीडियो है। पुलिस जल्द से जल्द आरोपी के मोबाइल को जब्त करे और वीडियो को हटाए जिस से की वह वायरल ना हो सके।

### एयरपोर्ट से घर लौट रही युवती से लूट

**जयपुर**। प्रताप नगर थाना इलाके में जयपुर एयरपोर्ट से घर लौट रही स्कूटी सवार युवती से बदमाशों द्वारा लूटपाट करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने झटके से स्कूटी पर रखा बैग छीन कर ले गए। सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर निवासी बाईस वर्षीय युवती ने बताया कि वह जयपुर एयरपोर्ट पर नौकरी करती है और नौकरी खत्म कर रात वह स्कूटी से घर लौट रही थी। जहां पीडिता एयरपोर्ट टर्मिनल-1 से 7 नंबर चौराहे की ओर आ रही थी। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और स्कूटी के पास बाइक लगाकर बदमाशों ने बैग खींचकर छीन लिया। पीड़िता के शोर मचाकर पीछा करने पर दोनों बदमाश बैग लेकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। छीने गए बैग में लैपटॉप, आईफोन और सात हजार रुपए रखे थे। पुलिस ने वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

# रिहायशी कॉलोनी में शराब ठेका खुलने के विरोध में जुटे लोग

## कालवाड़ रोड पर झोटवाड़ा स्थित वार्ड-36 के सूरज नगर में पिछले 5 दिनों से धरने पर बैठे हैं कॉलोनीवासी

**जयपुर (कासं)।** कालवाड़ रोड़ पर झोटवाड़ा स्थित सूरज नगर की रिहायशी कॉलोनी में शराब की तीसरी दुकान खोले जाने के विरोध में सोमवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। यह लोग पिछले 5 दिनों से शराब की दुकान को बंद करवाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। सोमवार को आक्रोशित लोगों ने मौके पर नारेबाजी की और शराब माफिया के साथ पुलिस-प्रशासन का गठजोड़ होने का आरोप लगाया। वार्ड 36 के सभी लोगों ने कहा कि अगर यह शराब ठेका बंद नहीं हुआ तो लोकसभा चुनाव में सभी वार्डवासी ''नोटा'' पर वोट देंगे।





**झोटवाड़ा की सूरज नगर आवासीय कॉलोनी में शराब की तीसरी दुकान खोले जाने के विरोध में सोमवार को सैकड़ों लोग उपस्थित हुए और नारेबाजी की।**

सूरज नगर विकास समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रिहायशी कॉलोनी सूरज नगर में पहले से ही शराब की 2 दुकानें खुली हुई है, अब यहां पर तीसरी दुकान खोलकर माहौल बिगाड़ा जा रहा है। जहां पर यह शराब का ठेका खुला है, वहां से 100 मीटर के दायरे में 3 स्कूल, दो मंदिर और बस स्टैंड व हॉस्पिटल है। इसके बावजूद कॉलोनी के मुख्य गेट पर ही शराब की दुकान खोली जा रही है। कॉलोनीवासियों को कहना है कि इस मामले में थानेदार से लेकर सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त से भी मिल चुके हैं, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से भी करीब 200 लोगों ने मुलाकात करके पूरा प्रकरण बता दिया है, इसके बावजूद जिम्मेदार लोग मूकदर्शक बने बैठे है।

- **कॉलोनी के लोगों का कहना है कि शराब ठेके के विरोध में पिछले 5 दिनों से धरने पर बैठे हैं, पुलिस-प्रशासन थानेदार से लेकर पुलिस उपायुक्त और उपमुख्यमंत्री को इस मामले से अवगत करा चुके, इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही**
- **स्थानीय लोगों ने बताया कि सूरज नगर कॉलोनी में पहले से ही शराब की दो दुकानें बनी हुई है, जबकि यहां 100 मीटर के दायरे में ही स्कूल, मंदिर और अस्पताल भी संचालित है।**

सूरज नगर विकास समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि शराब की दुकान खोलने वाले ने मौके पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रखा है, मौके पर उत्तरप्रदेश-मध्यप्रदेश और हरियाणा नंबर की बड़ी-बड़ी गाड़ियां खड़ी कर रखी है। शराब ठेकेदार कहते हैं कि हमने 6 करोड़ रुपये देकर सरकार से शराब का ठेका लिया है, तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते।

पदाधिकारियों का कहना है कि कॉलोनीवासियों ने आबकारी सी.आई, जिला अधिकारी और आयुक्त को भी लिखित मे अपनी शिकायत दी है, इसके बावजूद हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। वार्ड 36 के सभी लोगों ने कहा कि अगर यह शराब ठेका बंद नहीं हुआ तो लोकसभा चुनाव में सभी वार्डवासी ''नोटा'' पर वोट देंगे।



**World Autism Awareness Day**


*Autism* affects approximately 1 out of every 150 children around the world. It is a neural development disorder that affects their ability to socialize normally by impacting their abilities to utilize verbal and non-verbal communication. Since 2012, there has been a 30% increase in the amount of children being affected with autism, and *World Autism Awareness Day* helps to bring awareness to this growing health concern. Learn about the symptoms and effects, be better prepared to help those with autism, in your life, or participate in a fundraiser or event on *Autism Awareness Day*.




#CELESTIAL EVENT

# Total Solar Eclipse 2024

The upcoming *solar eclipse in April* is going to be the first eclipse of the year






Attention skywatchers! You can expect a unique 'celestial spectacle' this month, as a solar eclipse will appear in the second week of April. Millions of people, along a narrow band in North America, will look up when the sky darkens during a 'Total Solar Eclipse' on April 8.

This will be the *first Solar Eclipse* of 2024. It happens when the moon moves in front of the Sun and Earth, partially or obscuring the Sun's face.


Staring directly at the sun, during a Solar Eclipse or at any other time, can lead to permanent eye damage. The Eclipse is only safe to witness with the naked eye during totality, or the period of total darkness, when the moon completely covers the sun.




Those, eager to experience the Eclipse, should buy 'Eclipse glasses' from a reputable vendor. Sunglasses are not protective enough, and binoculars and telescopes, without a proper solar filter, can magnify light from the sun, making them unsafe.

## Here's a 10-point guide on Solar Eclipse 2024

1. This time, there will be a *total solar eclipse* that can be seen across North America including the United States, Canada, Mexico, and other countries. Hence, the rare astronomical event will not be visible in India.
2. "On April 8, 2024, a total solar eclipse will cross North America, passing over Mexico, the United States, and Canada," NASA wrote on its official website.
3. A *total solar eclipse time* can range from a few seconds to 7.5 minutes and can last for several hours.
4. The Solar Eclipse will begin on April 8 at 2:12 pm and end at 2:22 am on April 9. Therefore, the entire solar eclipse will last for about twelve hours.
5. "A total solar eclipse happens when the Moon passes between the Sun and Earth, completely blocking the face of the Sun. The sky will darken as if it were dawn or dusk," the National Aeronautics and Space Administration (NASA) said.
6. It is best to avoid staring directly at the sun during a solar eclipse, as it can put your eyes at risk. To view the celestial event, one must wear 'specialized eye protection' for solar viewing.
7. If a *special-purpose solar filter* is not fastened over the front optics of a camera lens, binoculars, or telescope through which any portion of the bright Sun is viewed, severe eye damage may result.
8. The Moon will be 3,60,000 kilometres away from the Earth, the closest distance between the Moon and the Earth, a day before the total Solar Eclipse. Due to its close proximity, it will also appear larger in the sky than usual. This will produce a stunning cosmic view in addition to the ideal alignment for the Solar Eclipse.
9. The first location of the Solar Eclipse will be North America. After Mexico, it will move towards the United States in Texas, and then travel through Oklahoma, Arkansas, Missouri, Illinois, Kentucky, Indiana, Ohio, Pennsylvania, New York, Vermont, New Hampshire, and Maine.
10. The next total Solar Eclipse will occur in 2026 on August 12 and will be visible across the continents of Asia, Africa, Europe, and North America.



Perhaps more than anything else, the *Russia-Ukraine war* has shown the relevance of the tank again. In spite of the initial drawbacks, which were largely the result of bad handling, the mechanised forces were at the forefront of actions by both sides. In fact, the Ukrainians have used it better, both in the offensive and defensive roles. They used them effectively in a series of defensive battles, and their utilisation in the *Autumn offensive of Oct. 22* was exemplary. However, they were found wanting during their *Spring offensive of 2023*, largely because they were not used in adequate numbers and most importantly because they could just not effect a penetration of the Russian defensive layout. The Russians faltered in the initial handling of armoured vehicles, deploying them on roads and using them to break their way out of built-up areas, roles they were not optimally designed for.



French first world war tank EC7PBB.

# The Tank A Modern-Day Machine?



The British tanks had some success, but were slow, ungainly, and difficult.

■ Col Ajay Singh (Retd.)

### Enter the Tank

It is over a hundred years now that the *first tank* rumbled over the battle-scarred landscape of *Somme* on 15 September, 1916. Created to break the impasse of trench warfare, the tank did more than that. Even though it advanced less than six kilometres on that fateful day, it created a 'psychological impact' that changed the very nature of warfare.

But then the origins of the tank go even beyond that. The idea actually fermented in the mind of the great genius, *Leonardo Da Vinci*, who conceived an 'iron war machine' with slits on its sides to permit firing of weapons. The machine would be physically moved by a two-man crew, pushing it from within. The idea remained just a thought on paper till the invention of the internal combustion engine gave it a form.

The first workable tank designs were made in 1914 by a British Engineer Officer, *Ernest Swinton,* who proposed an armoured vehicle using 'Holt farm tractor caterpillar tracks.' Aided by the efforts of *Winston Churchill*, then the First Lord of the Admiralty, the idea of 'Landships' took shape and on Sep. 15, 1915, the first machine, 'Big Willie' came into existence. Armed with rhomboidal tracks and two six pounder guns, it was eventually sent to France in August 1916, designated as 'tanks- a cistern to carry water' to ensure secrecy. Its induction to *battle in Somme*, on the morning of 15 September 1916, was not very impressive. 49 tanks were deployed, of which only 30 reached the start line and only 9 managed to make some penetration in ones and twos. It was only in 20 Nov, 1917 that tanks were used in the way they had to be, en masse, when 476 tanks were deployed in the *Battle of Cambria* and attained a six-kilometre penetration on a seven-mile wide front.

### The tank had arrived


Other nations began their own programs. The French developed the Snieder, Saint-Chamond and the Renault FT, the first tank with a revolving turret. The Germans responded with their own A7V, a clumsy 30-ton monster, with a crew of 18. On 24th April 18, the inevitable happened. The first 'tank engagement' in history took place when three German A7Vs clashed with four British Whippet tanks, both sides withdrawing after losing one each. The stage was being set for the future.



The first French tank design, the Schneider CA1, was not considered a success.



Leonardo's tank.



M1917 Tank.

### World War II

World War I brought about the initial interest in the tank, but in different ways. The British believed that it was to be used primarily in the Infantry support role, in spite of the writings of Gen J.F.C. Fuller and Capt. Basil Liddell Hart. The Germans, under the genius of *Heinz Guderian*, realised that the panzer arm had to be an all-arms force, comprising of aircraft, tanks, infantry, artillery and engineers, working in unison and evolved their concepts of '*Blitzkrieg.*' The Russians developed their concepts of '*Deep Battle*' under Marshal Tukachevsky. As the concepts evolved, so did the equipment. Then came World War II and the 'tank' really came into its own.

The 'German concept of *Blitzkrieg*' was validated when the Germans invaded Poland in Sep. 1939 and then followed up on 10 May 1940, by skirting the so-called impregnable Maginot Line and executing a huge envelopment behind the French lines. The tank did in twenty-one days what could not be achieved in four years of the First World War. It had arrived as the main instrument of manoeuvre.

The six years of the war saw a spurt in design and concept. The Germans accelerated through three generations of tank design, creating the light Panzer I, the Panzer II, the medium Panzer III, IV and the formidable Panther and Tiger tanks. The Soviets deployed the T-26, the T-34, perhaps the best all-round tank of the war, using a simple design that became the basis of Soviet tank production, thereafter. The US, with the entire weight of its heavy industry behind them, produced an amazing 88,410 tanks in the wartime years, evolving from the M3 Lee Grant, to the M-24 Chafee, the M 26 Pershing and the M4 Sherman, with its powerful 75 mm gun, which became one of the icons of tank production. The British, too, produced their Matildas, Comets, Churchills and towards the end of the war, their own icon, the *Centurion*.

The six years of the war also saw some of the most spectacular tank battles in history, in Europe, in North Africa when Rommel's Duetch Afrika Korps clashed with Montgomery's Eighth Army, in the *classical battles of Alamein and Gazala*. The greatest tank battle in history took place in July 1943, when 3000 German panzers clashed with 6000 Soviet tanks at Kursk. The engagement ended eleven days later with a loss of an estimated 1500 German and Soviet tanks and announced the death knell of German armour. But then the Germans had flouted the very principles of 'Armoured warfare.' They used their panzer arm as a sledgehammer and not as a rapier, and the result was never really in doubt.

#WARRING



> The Germans, under the genius of *Heinz Guderian*, realised that the panzer arm had to be an all-arms force, comprising of aircraft, tanks, infantry, artillery and engineers, working in unison and evolved their concepts of '*Blitzkrieg*.' The Russians developed their concepts of '*Deep Battle*' under Marshal Tukachevsky.

### After the War

The mushroom cloud of the Atomic Bomb, which ended the war, gave impetus to the 'tank,' the only weapon system that could operate in a nuclear environment. As the Cold War heated up, tank design developed. The Soviets followed up the T-34 with the T-55, the most widely produced tank in history, with over 80,000 machines serving in 27 armies across the world. Then came the T-64, the first tank that could fire a missile from its barrel, then the T-72, another iconic tank and the T-90.

The Western nations countered the Soviet concept of 'massed armour' by designing fewer but far more sophisticated tanks. The US M47 and 48 evolved into the M60, and then the *M1 Abrams*, perhaps, the best in the world, whose depleted uranium body and array of sensors gave it unprecedented protection and situational awareness. The UK followed up their Centurions with the *Chieftain* and then the *Challengers* while the Germans and French unveiled their Leopard and AMX series. The need for infantry, to keep pace with tanks, also saw the development of the ICV with the BMP proving to be, perhaps, the best to date.

And tanks continued to prove its worth in the spate of wars that followed. In January 1950, North Korea launched a stunning *blitzkrieg* across the 38th parallel into South Korea, led by two armoured prongs. The Vietnam War saw over 1000 tanks deployed, though with limited effectiveness. The Iran-Iraq war, too, saw a series of tank battles. But it was the Middle East and the Indian sub-continent that saw some of the world's major tank battles post the World War.

The Israelis had inherited the German mantle of being the 'masters of manoeuvre' and they proved it in all three Arab-Israel wars. In 1958, their 7th Armoured Brigade raced 241 kilometres in two days, in the 1967 Arab-Israel War, they reached the Suez Canal and the Golan Heights. And in 1973, they launched a brilliant riposte behind the Egyptian bridgehead, to cut off two Egyptian armies. That was, perhaps, the last 'great armoured manoeuvre' in history.

### 60 Years of the Indian Armoured Corps

*The Indian Armoured Corps* came into being in 1938, when two old and proud Cavalry Regiments bid farewell to their horses and took on Armoured Cars. Mechanisation of the Indian cavalry followed rapidly in the years of the war, with the Armoured Cars giving way to Stuart light tanks and Shermans. The fledging Corps was bloodied soon after independence, when Armoured cars were inducted into Kashmir, to help repel Pakistani raiders. That campaign also saw the light Stuart tanks of 7 LIGHT CAVALRY being launched into attack at the Zoji La Pass, at an altitude of 11,400 feet, the highest point where tanks have been employed anywhere in the world.

In the 1965 Indo-Pak War, 225 tanks of the *Indian 1 Corps* fought a pitched battle with 280 Pakistani tanks, in the area of Phillora-Chawinda. The long, brutal slogging match saw the largest tank battle ever since the Second World War. While the results were largely inconclusive, in the South, *Pakistan's 1 Armoured Division* was funnelled into defeat in the flooded fields of the Punjab. Over 97 Pakistani tanks, most of them M47 and M48 Pattons, were captured or destroyed with 38 captured in mint condition. Indian armour was again at the forefront, when the Indian Army raced to Dacca in fourteen eventful days.

### The Changing Contours of Tank Warfare

The decade of the 70s and 80s saw major changes in armoured warfare. The Soviets invaded Afghanistan in 1978 and in the rugged mountains, over 1000 tanks and APCs were deployed and 147 eventually destroyed there. Faced with Fourth Generation Warfare, they encountered a new form of 'warfare.'

The role of the tank, in this kind of conflict, changed. They were used by the Israelis in Lebanon in 1982, but the proliferation of hand-held weaponry reduced its role. Armour was used by the Russians to curb the Chechen uprising, in 1994, with disastrous results. Over 102 Armoured vehicles of the Russian 131 Brigade were ambushed and destroyed in the town of Grozny by Chechen rebels, the largest single loss of Armoured vehicles to an unconventional adversary. And during the Israeli invasion of Lebanon in 2006, it lost 40 of its prized Merkavas, 10 percent of its fleet, to an enemy that did not possess a single tank or helicopter.

Yet, the tank came back to its conventional roles in the 1993 and 2003 Iraq wars. The sophisticated M1 Abrams and Challengers virtually decimated the antiquate T-55s, T-62s and T-72s, manned by ill-trained and equipped Iraqi crew. This war saw three major tank battles, the first was when the famed 7th Armoured Brigade clashed with the Iraqi 51st Mechanised Division at Basra and again at the Karbala gap between the US 3rd Division and the Iraqi Madina Division, and at the outskirts of Baghdad.

Perhaps more than anything else, the *Russia-Ukraine war* has shown the relevance of the tank, again. In spite of the initial drawbacks, which were largely the result of bad handling, the mechanised forces were at the forefront of actions by both sides. In fact, the Ukrainians have used it better, both in the offensive and defensive roles. They used them effectively in a series of defensive battles, and their utilisation in the *Autumn offensive of Oct. 22* was exemplary. However, they were found wanting during their *Spring offensive of 2023*, largely because they were not used in adequate numbers and most importantly because they could just not effect a penetration of the Russian defensive layout. The Russians faltered in the initial handling of armoured vehicles, deploying them on roads and using them to break their way out of built-up areas, roles they were not optimally designed for. The developments in *Anti-tank weaponry* meant that new generation missiles could easily get the better of a tank's armour, through top-attack and tandem warhead modes. Drones too proved a potent adversary, both for providing early warning and to launch anti-tank strikes. Perhaps, the most significant aspect that emerged, was the fact that drones have to be co-opted into Armoured and Mechanised units and formations, as force-multipliers.The other is that battlefield management systems, enhanced recce and surveillance systems, and active protection is essential for the tank to perform effectively, in today's battlefield.

The tank, like all weapon systems, will continue to evolve, take on other *avatars* in the continuously changing landscape of the battlefield.


rajeshsharma1049@gmail.com


#PARENTING

# Tips To Raise Confident & Happy Kids

Happiness takes many forms, and we want our children to have a skill set that brings out self-confidence.



*Confidence and self-esteem* may be among the most admirable qualities that someone can hold. But if we aren't taught how to be confident in our younger years, it can make for a self-conscious, insecure adulthood. Happiness takes many forms, and we want our children to have a skill set that brings out self-confidence. In a highly scheduled and frenetic world, with lots of external events happening regularly, we can forget that intellectual engagement is actually a pretty important part of a kid's happiness and confidence. Here are a few tips on how to raise and motivate children to be their most confident, happy selves.



### Push children beyond what is 'easy'



Oftentimes, parents and educators believe that self-confidence grows by having kids do tasks that are easily 'achievable.'

Actually, self-confidence comes when kids work through a struggle, when they are given a hard math problem or given a difficult opponent. When they are given a difficult learning task, and they make it to the other side, which is what builds 'confidence.' And we take that away from children at our own peril and, frankly, at their own peril.

In a world of instant gratification, it's easy to get fed up when we don't succeed immediately. But success and self-confidence come from navigating and recovering from failure. Plus, it feels great to finally achieve something that you've been working towards. Sports and clubs can teach some skills better than the classroom. After-school activities such as sports, theater, debate team, and other clubs play an integral role in creating 'intellectually vibrant' children, who are intellectually stimulated, energized, and challenged, which boost confidence and happiness. The notion of recovering from failure and the need for resilience are actually sometimes easier to teach in the realm of sports or other team activities than in a classroom. Take self-confidence, you can gain that in the theater and in the debate team, in a way that is harder to develop in, say, an English or math class.

### Teach coping mechanisms for anxiety and stress

School, home life, friendships, extracurricular, and even things like appearance and crushes are factors that all can weigh heavily on children of all ages, leading to stress and anxiety.

Childhood anxiety disorders affect one in eight children and nearly one in four teenagers. Anxiety can lower self-confidence, but a little of it is actually normal and healthy. "It's a bit of a *Goldilocks theory*."

Every child responds to stressors differently. So, it's important to be in tune with your child's behaviour and how they respond to academic rigor or their social environment.

Most children can learn to deal with stress. You're not going to be able to protect them entirely from the thrust of the external world, whether that is economic pressures or any number of influences in their lives or, frankly, world events.

To help a child with anxiety, try teaching them the *5, 4, 3, 2, 1 grounding method*. Ask them to identify five things they can see, four things they can touch, three things they can hear, two things they can smell, and one thing they can taste. This will help engage their senses and calm their nerves. This method may be beneficial at any age.

If a child has the tools to ground themselves and knows how to talk through what they are feeling, they can be confident in their ability to deal with stress and anxiety.


### Parents: Enjoy parenting

It's easy to get caught up in the hullabaloo that is parenting, frantic school drop-offs, overtired kids (and yourself), a million and one items on a never-ending to-do list. But kids sense when you're stressed, too. If you impose your parenting angst and stress on your kids, they won't enjoy childhood as much as they can, and you won't enjoy parenting. And it's really important that one's child knows that they enjoy being a parent, being 'their parent.'

Watch movies and TV shows with your children that you actually enjoy and play games you like to play. Do these things to not only bond with each other but also to ensure that you're happy, too.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अवैध बजरी भरे डंपर ने बाइक सवार तीन लोगों की जान ली

## घर से हिंगलाज माताजी मंदिर जाने का कहकर निकले थे बाइक सवार तीनों लोग

- पुलिस ने बताया कि डंपर को जब्त किए जाने के साथ चालक को गिरफ्तार किया
- मौके पर लोगों ने हंगामा किया, पुलिस ने शवों को अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में अवैध बजरी से भरे से डंपर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं जो किसी राहगीर की परवाह किए बिना ही रौंदते निकलते हैं। सोमवार की सुबह ऐसी ही एक घटना में अवैध बजरी डंपर ने सालावास रोड पर बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया, जिससे तीनों की तत्काल मौत हो गई।

इधर घटना की जानकारी मिलने पर विवेक विहार पुलिस वहां पहुंची। इस बीच काफी लोगों का वहां जमावड़ा हो गया। लोग विरोध जताने लगे तब पुलिस ने उन्हें शांत करवाने के साथ शवों को अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। हालांकि उन्हें डॉक्टर से चेक कराने पर मृत बता दिया गया। पुलिस ने बाद में सीसीटीवी फुटेज देख अज्ञात डंपर और चालक की तलाश आरंभ करवाई। पुलिस ने आरोपी डंपर चालक को हिरासत में लिए जाने के साथ डंपर को भी जब्त किया है। इस बारे में अग्रिम जांच की जा रही है।

विवेक विहार थानाधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि आज सुबह तीन लोग बाइक पर सवार होकर सालावास रोड से निकल रहे थे। तब पीछे से आए एक डंपर चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग नीचे गिर गए, इससे वे डंपर के पिछले टायर के नीचे आकर कुचले गए। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। मगर डॉक्टर ने चेक कर उन्हें मृत बता दिया।

डंपर को जब्त किए जाने के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हादसे में मरने वालों की पहचान सालावास निवासी 17 साल का सदीक पुत्र जगदीश मिरासी, 22 साल का रणवीर पुत्र लूणाराम एवं दूदाबेरा बालेसर निवासी 18 साल के प्रवीण के रूप में की गई। यह तीनों घर से हिंगलाज माताजी मेले में जाने का कहकर निकले थे। सदीक के घर में एक छोटा भाई हरीश एवं बड़ी बहन बताई जाती है। पिता मजदूरी करते है। मृतक यहां पर पढ़ाई करता था। वहीं रणवीर की पत्नी गर्भवती है और उसके दो पुत्र है जो कि चार एवं दो वर्ष के है। उसके पिता मजदूरी करते है। जबकि प्रवीण अपने मां पिता का इकलौता पुत्र बताया गया है।

## महिला से दुष्कर्म

**बीकानेर, (निसं)।** छत्तरगढ़ थाने में फरियाद लेकर गई एक महिला के साथ बलात्कार करने का मामला सामने आया है। इस मामले में तीन पुलिसकर्मियों के नाम आने के बाद उन्हें छत्तरगढ़ थाने से हटाकर खाजूवाला थाने लगा दिया गया है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता का आरोप है कि उसके बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराने गई। तब सिपाही विनोद ने उसे झांसे में लेकर कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बाद बलात्कार किया और अश्लील वीडियो व फोटो खींच लिए। बाद में आरोपी बदनाम करने का डर दिखाकर बार-बार बलात्कार करता रहा। आरोपी सिपाही विनोद के दो साथी करमसिंह व दलीपदास ने भी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बलात्कार किया। बेटे की गुमशुदगी दर्ज नहीं होने पर यह महिला पिछले साल पुलिस अधीक्षक एवं बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक से भी मिली थी। उच्चाधिकारियों के आदेश पर गुमशुदगी रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई। एसपी तेजस्वनी गौतम के अनुसार, पीड़िता का मेडिकल और बयान कराया गया हैं। मामले की जांच प्रभावित न हो, इसलिए सिपाही विनोद बिश्नोई, करमसिंह एवं दलीपदास को छतरगढ़ थाने से हटाकर खाजूवाला थाने में लगाया गया है। मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (महिला प्रकोष्ठ) अरविंद बिश्नोई कर रहे हैं।

# दुकान में आग लगने से 12 लाख का सामान जला

## आग से पास की दूसरी दुकानों को कोई नुकसान नहीं हुआ, कोई जनहानि भी नहीं हुई

- आग की लपटें देख पड़ोसियों ने फायर ब्रिगेड और दुकान मालिक को सूचना दी
- मौके पर पहुंची दो फायर ब्रिगेड ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया
- आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के बीचो-बीच यूआईटी मार्केट में स्थित एक जनरल सामान की दुकान में रविवार रात अचानक आग लग गई। दुकान से धुआं और आग की लपटें देख पड़ोसियों ने फायर ब्रिगेड और दुकान मालिक को सूचित किया, मौके पर पहुंची दो फायर ब्रिगेड ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मामला शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में यूआईटी मार्केट स्थित एलानी एजेंसीज का है। रविवार रात करीब नौ बजे के आसपास दुकान से अचानक धुंआ और आग की लपटें देख पड़ोसियों ने इसकी सूचना दुकान मालिक गोविंद एलानी और फायर ब्रिगेड को दी। दुकान मालिक के बेटे अशोक एलानी ने बताया कि रविवार होने के चलते दिन में करीब ढाई तीन बजे के आसपास दुकान मंगल (बंद) करके वो अपने घर चला गया था। रात को 8:30 बजे के आसपास वो मार्केट में घूमता हुआ अपनी शॉप के बाहर से भी निकाला था लेकिन तब तक वहां सब कुछ ठीक था। उसके घर पहुंचने कुछ देर बाद ही पड़ोसियों का फोन आया और उसे आग लगने की सूचना दी। उसने तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन लगाया और अपने पिता को भाई के साथ दुकान पर पहुंचा।

यहां आकर देखा तो दुकान और अंदर रखा करीब 10 से 12 लाख रुपए का माल आग और पानी से नष्ट हो चुका था। अशोक ने बताया कि उनकी शॉप पर जनरल आइटम और प्लास्टिक के समान ने अचानक आग पकड़ ली और आग ने सारे माल को जला दिया। फिलहाल शॉर्ट सर्किट आग लगने का कारण बताया जा रहा है। गनीमत यह रही कि आग से आसपास की दूसरी दुकानों को कोई नुकसान नहीं हुआ है साथ आग लगने से कोई जनहानि भी नहीं हुई। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड के साथ करीब दो घंटे से ज्यादा की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# 30 से ज्यादा वारदात अंजाम देने वाला बदमाश गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** 50 हजार के इनामी और करीब 30 से ज्यादा वारदात को अंजाम देने वाले शातिर बदमाश को सुभाषनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अक्षय उर्फ दुर्गालाल उर्फ अर्जुन उर्फ विक्रम गुर्जर निवासी तालेड़ा (बूंदी) आजीवन सजा काटने के बाद भी आरोपी अपराध जगत में फिर से ऐक्टिव हो गया। आरोपी के खिलाफ अब तक गंभीर प्रवृति के करीब 30 मामले दर्ज हैं।

- आजीवन सजा काटने के बाद भी आरोपी अपराध जगत में फिर से ऐक्टिव हो गया था
- आरोपी चोरी नकबजनी, लूट मारपीट व दुष्कर्म सहित 30 वारदात कर चुका है



सुभाषनगर पुलिस ने 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया।

एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि सुभाषनगर थाने में 18 मार्च को मुमताज निवासी गुल नगरी ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि 24 फरवरी को वो बदनौर गया था। वापस आने पर घर के ताले टूटे मिले। घर से 8 लाख कैश व सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए थे। इस पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। पुलिस में जांच के बाद कोटा रेंज के आदतन अपराधी दुर्गा लाल उर्फ अक्षय उर्फ अर्जुन उर्फ विक्रम (46) पुत्र सुखदेव गुर्जर निवासी अकतासा (तालेड़ा) बूंदी को गिरफ्तार किया। सुभाषनगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि आरोपी भेष बदलकर दिन के समय सूने मकान की रैकी करता है और रात को वारदात को अंजाम देता है। साथ ही यह शातिर आरोपी कैमरे की नजर से दूर रहता है और मौका मिलते ही रात के समय सूने मकान को अपना निशाना बनाता है। आरोपी चोरी नकबजनी, लूट मारपीट के साथ-साथ नाबालिगा के साथ दुष्कर्म सहित 30 वारदात को अंजाम दे चुका है। इस पर 50 हजार का इनाम घोषित था।

## शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**छबड़ा (निसं)।** बापचा पुलिस ने रविवार को एमपी की ओर जा रही पिकअप के चालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात लाख रूपए कीमत की अवैध शराब सहित पिकअप जब्त की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड प्राप्त किया है।

बापचा थानाधिकारी बुद्धाराम जाट ने बताया कि रविवार देर रात को राजस्थान से एमपी की तरफ जा रही पिकअप को रोककर तलाशी ली तो अलग-अलग ब्रांड की अवैध शराब के 201 कार्टून जब्त किए और चालक मोतीपुरा निवासी मुकेश ऐरवाल (32) पुत्र मन्नालाल को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा आरोपी से अवैध शराब के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है।

**देशी पिस्टल सहित युवक गिरफ्तार :-** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विषेश अभियान के तहत एक देषी पिस्टल सहित एक युवक को गिरफ्तार किया। सीआई राजेश खटाणा ने बताया कि कोल्हूखेड़ी तिराहे से शिव कॉलोनी निवासी मोनू हरिजन के कब्जे से एक देषी पिस्टल जब्त कर उसे गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# डेढ़ साल पहले हुई प्रतियोगी परीक्षा में बिठाया फर्जी परीक्षार्थी, अब खुलासा

## एक परीक्षार्थी ने अपने स्थान पर किसी अन्य को बिठाकर परीक्षा को पास कर लिया था

- बाद में काउंसलिंग के लिए बुलाया, ऑनलाइन फोटो मिलान में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ
- पुलिस ने बताया कि अजमेर सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज किया गया है
- वहीं मामले में आरोपी और फर्जी परीक्षार्थी की फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में डेढ़ साल पहले प्रधानाध्यापक हिन्दी स्कूल शिक्षक प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन हुआ था। इसमें एक परीक्षार्थी ने अपने स्थान पर किसी अन्य को बिठाकर परीक्षा को पास कर लिया। बाद में काउंसलिंग के लिए बुलाया गया। मगर ऑनलाइन फोटो मिलान में फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया। इस पर आरोपी के खिलाफ देवनगर थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। अजमेर के सिविल लाइन पुलिस थाना से जीरो नंबरी एफआईआर को जोधपुर आयुक्तालय भेजा गया। पुलिस अब गहनता से जांच कर रही है। फिलहाल आरोपी को हिरासत में नहीं लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि 15 अक्टूबर 2022 को प्रधानाध्यापक हिन्दी स्कूल शिक्षक प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसमें सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन परीक्षा हुई थी। एक अभ्यर्थी बाड़मेर जिले के पचपदरा स्थित डउकियों का तला निवासी दुर्गाराम पुत्र खेमाराम का सेंटर पाल लिंक रोड स्थित फिरोज खां गर्ल्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल में आया था। उसके द्वारा दो सत्रों में सुबह और दोपहर में परीक्षा देनी थी। मगर उसने अपने स्थान पर किसी अन्य को परीक्षा में बिठाकर परीक्षा को उतीर्ण कर लिया।

14 जून 2023 को सूची जारी की गई और बाद में ऑनलाइन आवेदन के साथ उसे बुलाया गया था। मगर ऑनलाइन आवेदन में लगाई गई फोटो और प्रवेश पत्र में जारी फोटो का मिलान किए जाने पर उसमें घालमेल नजर आया। अब उसे ऑनलाइन मैसेज के साथ पत्र व्यवहार कर अजमेर बुलाया गया। मगर कोई जवाब नहीं दिया गया। इस पर दुर्गाराम के फर्जी तरीके से परीक्षा पास करने का पता लगा।

पुलिस ने बताया कि अजमेर सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज किया गया। जहां से बिना नंबरी एफआईआर को जोधपुर पुलिस आयुक्तालय भेजा गया। बाद में पत्र क्र मांक के आधार पर अब देवनगर थाने में दुर्गाराम के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया गया। इस बारे में आरोपी और फर्जी परीक्षार्थी की फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# आवारा गौवंश के हमले में घायल हुये युवक की मौत

- पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजन को सौंप दिया

**बूंदी, (निसं)।** शहर में आवारा गोवंश के जानलेवा हमले की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। शहर के लंका गेट रोड पर गोवंश के हमले में गंभीर घायल हुए युवक की कोटा में उपचार के दौरान मौत हो गई।

कोतवाली थानाधिकारी तेजपाल ने बताया कि शहर के रजतगृह गेट नं. 3 निवासी 43 वर्षीय मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद सलीम 24 मार्च को शाम सात बजे करीब बाईपास रोड बूंदी स्थित अपनी दुकान से मोटरसाइकिल लेकर घर जा रहा था, तभी कोटक बैंक के आगे लंका गेट रोड पर एक आवारा गोवंश ने मोहम्मद समीर को टक्कर मार दी, जिससे वो नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। गंभीर घायल को राहगीर उठाकर जिला अस्पताल ले गए जहां से चिकित्सकों ने युवक की गम्भीर हालत को देख कोटा रेफर कर दिया। जिसने निजी हॉस्पिटल कोटा में इलाज के दौरान शाम को दम तोड़ दिया। मृतक के भाई मोहम्मद असीम ने कोतवाली में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजन को सौंप दिया। मृतक के 10 और 12 साल की दो लड़कियां है।

गोपाल गौ सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपाल माहेश्वरी ने बताया कि नगर परिषद द्वारा नंदी शाला का निर्माण कराया जा चुका है। जहां गोवंश को शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर गोपाल गौ सेवा समिति द्वारा लगातार आंदोलन भी किया जा रहा है। नगर परिषद की लापरवाही के चलते दुर्घटना हुई। है। अगर समय पर गोवंश को नंदीशाला में शिफ्ट कर दिया जाता तो शायद घटना नहीं होती। जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# तीस लाख की शराब से भरा कंटेनर जब्त, एक गिरफ्तार

- कंटेनर में अवैध शराब के 232 कर्टन पाए गए

**उदयपुर, (कासं)।** गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान 30 लाख रूपये की अवैध शराब से भरा कंटेनर जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। कंटेनर की तलाशी ली तो उसमें अवैध शराब के 232 कर्टन पाए गए।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्रसिंह राव के सुपरविजन में पुलिस उप अधीक्षक प्रशिक्षु आईपीएस गोवर्धन विलास थानाधिकारी निश्चय प्रसाद के नेतृत्व में सीआई अजयसिंह राव मय दल ने नेशनल लाईवे काया पुलिया के पास नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान एक कंटेनर को रोक तलाशी ली तो उसमें 30 लाख रूपये मूल्य की अवैध शराब के 232 कर्टन पाए गए। पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर शराब सहित कंटेनर जब्त कर चालक हिसाल हरियाणा नारनुंद माडा निवासी नवीन पुत्र करतारसिंह को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। नाकाबंदी के दौरान मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर कंटेनर चालक को रूकने का इशारा किया। इस दौरान भागने का प्रयास करने पर पुलिस वाहन आगे खड़ा का कंटेनर को रोककर पूछा तो चालक ने वॉल्टाज एसी मशीन होने की जानकारी दी। इस पर तलाशी ली तो शराब के कार्टन मिले।

## जेल में तलाशी अभियान चलाया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर सेंट्रल जेल में रविवार की रात को जेल प्रशासन ने अचानक ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया। इसमें 16 मोबाइल, 9 सिम कार्ड, एक चार्जर और एक डेटा केबल बरामद की। अज्ञात शख्स के खिलाफ रातानाडा थाने में इस बाबत रिपोर्ट दी गई है। इतनी अधिक संख्या में जेल के भीतर मोबाइल मिलने की संभवतः पहली घटना है। केंद्रीय कारागार अधीक्षक प्रदीप लखावत ने बताया कि कारागृह में निषिद्ध सामग्री की रोकथाम के लिए बंदियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के लिए रविवार की रात साढ़े आठ से साढ़े बारह बजे के बीच में ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया गया। जेल प्रशासन द्वारा इस दौरान 16 मोबाइल, 9 सिम कार्ड, एक चार्जर एवं एक डेटा केबल को बरामद किया गया है।

# घर में सो रहे रिटायर्ड पोस्टमास्टर की हत्या

- घर में लहुलूहान हालत में मिला बुजूर्ग का शव

**पचेरी कलां, (निसं)।** घर में सो रहे बुजूर्ग की हत्या का मामला सामने आया है। घटना पचेरी कलां थाना इलाके के भालोठ गांव की है।

मृतक 76 वर्षीय रिटायर्ड पोस्ट मास्टर भानाराम है। जानकारी मिली है कि भानाराम के सिर पर गोली मारकर हत्या की गई है। बुजूर्ग का शव घर में ही लहुलूहान हालत में मिला है। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार पचेरी थाना इलाके के भालोठ गांव में भानाराम रात को खाना खाकर कमरे में सो गए थे। जब सोमवार सुबह चाय देने के लिए कमरे में उनकी पत्नी भतेरी देवी गई तो रिटायर्ड पोस्टमास्टर भानाराम लहुलूहान पड़े थे। इसके बाद परिजनों ने पचेरी कलां पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद भालोठ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी के बाद पचेरी थानाधिकारी राजपाल मौके पर पहुंचे। झुंझुनूं से एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। शव को बुहाना के सामुदायिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। जहां मेडिकल टीम द्वारा पोस्टमॉर्टम कराया गया तो टीम को मृतक के सिर में गोली मिली है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी हैं।

## जेईई-मेन-2024 : तीन दिन पहले जारी हो रहे प्रवेश पत्र

- जेईई-मेन 4 अप्रेल से 12 अप्रेल के मध्य 11 पारियों होने जा रही है

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन अप्रैल 4 अप्रेल से 12 अप्रेल के मध्य 11 पारियों होने जा रही है। इसमें 4, 5, 6, 8 एवं 9 अप्रेल को बीई बीटेक की 10 पारियों में परीक्षा एवं 12 अप्रैल को एक पारी में बीआर्क की परीक्षा संपन्न होगी। जनवरी परीक्षा के लिए पूर्व में 12 लाख 31 हजार विद्यार्थी पहले ही पंजीकृत हो चुके हैं एवं उसके उपरांत करीब तीन लाख विद्यार्थी अप्रेल परीक्षा के लिए नए पंजीकृत हुए हैं। ऐसे में जनवरी जेईई मेन दोनों सेशन मिलाकर यूनीक कैंडीडेट की संख्या 15 लाख तक पहुंच चुकी है। इसमें 11 लाख से अधिक विद्यार्थियों के अप्रेल परीक्षा में शामिल होने की संभावना है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा रविवार को एडमिट कार्ड रिलीज करने के साथ ही नोटिफिकेशन भी जारी किया गया। इसमें स्पष्ट किया गया है कि केवल 4, 5 व 6 अप्रेल को परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के ही प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। इस तिथि के बाद होने वाली परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड परीक्षा दिन से दो दिन पूर्व जारी किए जाएंगे। विद्यार्थी को चाहिए कि अनावश्यक रूप से परेशान नहीं हों और दिए गए नोटिस के अनुसार दो दिन पहले अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करें। यह व्यवस्था पिछले साल भी लागू की गई थी।

कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड पर दिए गए स्वयं के रिपोर्टिंग शेडूल पर रिपोर्ट करना है और परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले प्रवेश बंद कर दिए जाएंगे। विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र में दिए गए बार कोड रीडर के माध्यम से लैब आवंटित की जाएगी। प्रवेश पत्र में सेल्फ डिक्लेरेशन प्रारूप में विद्यार्थी को बांये हाथ का अंगूठा का निशान एवं स्वयं की फोटो लगाकर ले जाना होगा। विद्यार्थी को इस प्रारूप में स्वयं के हस्ताक्षर, परीक्षा केन्द्र में परीक्षक के सामने ही करने होंगे। विद्यार्थी अपने साथ ओरिजनल आईडी प्रूफ, सेल्फ डिक्लेरेशन भरा हुआ प्रवेश पत्र, पारदर्शी पेन, स्वयं का फोटो, पानी की पारदर्शी बोतल साथ में लाने होंगे। विद्यार्थियों को आईडी प्रुफ की फोटोकॉपी या मोबाइल से लिए हुए फोटो से एंट्री नहीं दी जाएगी।

# जिस विकास भास्कर को मरा हुआ समझ रहे थे, वह अचेत अवस्था में अपने घर में मिला

## बी.डी.के. अस्पताल में ईलाज के दौरान फौजी विकास भास्कर की हुई मौत

**झुंझुनूं, (नि.सं.)।** जिले के मुकुंदगढ़ थाना इलाके के डूंडलोद गांव की बलरिया रोड पर बने रेलवे अंडरपास में होली के दिन रात को कार में आग लगने और उसमें एक व्यक्ति के जिंदा जलने के मामले में यह तो साफ हो गया है कि उस कार में कंवरपुरा बालाजी निवासी सेना में कार्यरत सैनिक विकास भास्कर नहीं था।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह पुलिस को विकास भास्कर अपने घर में ही अचेत अवस्था में मिला, जिसके बाद पुलिस विकास भास्कर को अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन इलाज के दौरान विकास की मौत हो गई। विकास के शव का मेडिकल बोर्ड और वीडियोग्राफी के साथ राजकीय जिला बीडीके अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया। मौके पर एसपी राजर्षि राज वर्मा व एसडीएम सुमन सोनल मौजूद रही।


विकास के शव का बीडीके अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया, मौके पर एसपी राजर्षि राज वर्मा व एसडीएम सुमन सोनल मौजूद रही।

- एसपी ने कहा कि परिजनों ने ही सूचना दी थी कि विकास घर आया है
- होली को कार में आग लगने के बाद संभावना जताई थी कि फौजी विकास जल गया है

एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि पुलिस को परिजनों से सूचना मिली थी कि विकास ने कुछ दिन पहले परिजनों से संपर्क किया था। इसके बाद परिजनों को भी कहा गया था कि दुबारा कोई सूचना मिले तो पुलिस के साथ जरूर साझा करें। इसके अलावा पुलिस टीमें भी विकास को ढूंढने में लगी हुई थी। रविवार को विकास पुलिस को चूरू में दिखाई भी दिया था। लेकिन पुलिस उसे पकड़ नहीं पाई। सोमवार सुबह पुलिस के पास परिजनों से ही सूचना मिली कि विकास घर आया हुआ है। जिस पर पुलिस घर पहुंची तो वहां पर विकास मिला। लेकिन विकास अचेत अवस्था में था। जिसे पुलिस अपने और परिजनों को साथ लेकर पहले मुकुंदगढ़ सीएचसी पहुंची, जहां से उसे झुंझुनूं रैफर किया गया। झुंझुनूं में इलाज के दौरान विकास की मौत हो गई। एसपी राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि इस मामले में विकास से कोई पूछताछ नहीं हुई। इसलिए अभी भी पुलिस के सामने कई सवाल है। जिसके जवाब ढूंढने के लिए, लगातार पुलिस जांच जारी है। वहीं डीएनए जांच रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है, ताकि पुलिस इस बात की अधिकारिक तौर पर पुष्टि कर सके कि कार में जो व्यक्ति जिंदा जला था, वो विकास भास्कर के पिता के बटाई पर लिए गए खेत में मजदूरी करने वाला महेश मेघवाल ही था। एसपी ने कहा कि पूरे मामले का खुलासा करने के लिए लगातार पुलिस टीमें प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार होली के दिन रात को कार में आग लगने के बाद यह संभावना जताई जा रही थी कि फौजी विकास भास्कर जिंदा जल गया है। इसके कुछ दिन बाद महेश मेघवाल के परिजन आए और उन्होंने कहा कि महेश घटना के दिन से लापता है और आखिरी बार वह विकास के साथ देखा गया था। उसी दिन से पुलिस ने अपनी जांच अलग बिंदुओं से शुरू की थी। जिसके बाद पुलिस को काफी हद तक सफलता भी मिली, लेकिन आज पहले तो विकास का अचेत हालत में मिलना और फिर इलाज के दौरान विकास की मौत होना, पुलिस के सामने इस प्रकरण को सुलझाने में एक नई चुनौती दे गया।

## संक्षिप्त

### सिद्धार्थ गुर्जर संयोजक नियुक्त



सिद्धार्थ गुर्जर

**कोटपूतली, (निसं)।** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची (गार्ड) ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी के निर्देशानुसार भाजयुमो जयपुर देहात उत्तर के जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ गुर्जर टोरडा को जयपुर ग्रामीण लोकसभा के लिये भाजयुमो का लोकसभा चुनाव सह संयोजक नियुक्त किया है। सिद्धार्थ ने उक्त नियुक्ति पर आलाकमान का आभार व्यक्त किया।

### विभिन्न मामलों में तीन गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** झिराना थाना क्षेत्र में विशेष अभियान के तहत वृताधिकारी पीपलू, देशराज कुलदीप व थानाधिकारी राजेश द्वारा गठित टीम ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए दौराने गश्त ग्राम जंवाली से अवैध बजरी खनन व परिवहन करते हुए एक टेक्ट्रर-ट्रोली जप्त किया साथ ही रैंकी व शान्तिभंग में तीन आरोपी गणेश पुत्र नारायण मीणा उम्र 20 साल निवासी हमजापुरा झिराना, हीरालाल पुत्र देवालाल गुर्जर उम्र 35 साल निवासी जंवाली, झिराना एवं गिर्राज पुत्र बालूराम जाति गुर्जर उम्र 30 साल निवासी जंवाली थाना झिराना जिला टोंक को सीआरपीसी में गिरफ्तार किया।

### कांग्रेस सेवादल के चार प्रभारी नियुक्त

**टोंक, (निसं)।** जिला कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष एवं जिला लोकसभा प्रभारी, अब्दुल खालिक ने बताया कि आगामी लोकसभा के मध्यनजर रखते हुए कांग्रेस सेवादल ने अपने विधानसभा प्रभारी नियुक्त किये है। कांग्रेस सेवादल प्रदेशाध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निर्देशानुसार लोकसभा टोंक जिला प्रभारी सेवादल के जिलाध्यक्ष ने टोंक विधानसभा प्रभारी-मासूम अली, मालपुरा-टोडा प्रभारी- सतीश शर्मा, निवाई-पीपलू प्रभारी- गिरिराज चौधरी, उनियारा-देवली प्रभारी- यज्ञराम गुर्जर को नियुक्त किया। जिनको निर्देशित किया गया कि वें चारों विधानसभाओं में पार्टी की जिम्मेदारी निभाएगें, जो गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर पार्टी प्रचार-प्रसार करवाये तथा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से भारी दाताद में मतदान करवाये।

### चुनाव कमेटियों का विस्तार किया

**अलवर, (निसं)।** लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन के लिए एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने विभिन्न कमेटियों का विस्तार किया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि कार्यालय एवं कन्ट्रोल रूम कमेटी में अजय अग्रवाल, सुरेश गौतम, अशोक शर्मा (राजू पहलवान), हरिराम यादव, गफूर खान, श्रीनिवास मीणा, जीतकौर सांगवान, मीडिया मैनेजमेंट कमेटी में राजेश कृष्ण सिद्ध, विजय दहमी, दीपेंद्र सैनी, जयदीप आर्यन, प्रदीप पुण्डीर, बूथ कमेटी एवं प्रचार सामग्री वितरण कमेटी में ओम प्रकाश सेन, एस आर यादव, सुनील पाटोदिया, देवेंद्र शर्मा, अनिल चुघ, सुंदर गुर्जर, यातायात प्रबंधन कमेटी में शिव यादव, अजय मेठी, नारायण साईंवाल, विक्रम यादव, गौरी शंकर विजय, पप्पू खान, असरु खान, सुभान खान, सोशल मीडिया कमेटी में लीली यादव को शामिल किया गया है।

### शराब ले जाता एक आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** सोप थाना क्षेत्र में स्थित सोप थाना पुलिस द्वारा राजकीय विद्यालय कंजर बस्ती के पास से अवैध हथकड शराब परिवहन करते आरोपी रवि कंजर माता का नाम लक्ष्मा कंजर 31 साल निवासी कंजर बस्ती सोप तह. उनियारा जिला टोंक को 3 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर एक्साईज एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### देशी शराब के 53 पव्वे जब्त

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने अवैध देशी शराब के 53 पव्वों के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान के दौरान खण्डदेवत रोड पर कन्या महाविद्यालय के पास एक महिला प्लास्टिक के कट्टे साथ मिली। पुलिस ने कट्टे को खोलकर देखा तो उसमें अवैध शराब के 53 पव्वें मिले। पव्वों को जब्त कर सोना सांसी पत्नी चरत सांसी निवासी डांगरथल हाल निवासी डींग की ढाणी निवाई को गिरफ्तार किया है।

# अपहरण का मामला दर्ज होने के छह घंटे बाद खुलासा, एक गिरफ्तार

**लालसोट, (निसं)।** मंडावरी थाना क्षेत्र में मंडावरी रेलवे स्टेशन से आ रहे पिता पुत्र का आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों द्वारा अपहरण करने के मामले का पुलिस उपाधीक्षक उदय सिंह मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मामला दर्ज होने के महज छह घंटे में खुलासा कर दिया गया।

पिता पुत्र के अपहरण की घटना 30 मार्च को उस समय की जब पिता मीठालाल मीना अपने पुत्र अंकित को रेलवे स्टेशन से दोपहर करीब डेढ बजे के आसपास घर की तरफ लेकर जा रहा था। इसी दौरान रेलवे स्टेशन से निकलते ही रास्ते में आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों द्वारा उनको रोक लिया गया है एवं दोनों पिता पुत्र का अपहरण कर वहां से ले गए। वही पिता पुत्र के साथ मारपीट करते हुए पिता मीठालाल मीणा को बदमाशों द्वारा मंडावरी कस्बे के पास हमीरपुरा बालाजी के करीब पटक कर अपहरणकर्ता पीडित पिता के पुत्र को जबरन लेकर वहां से चले गए।

पूरे मामले को लेकर डिप्टी एसपी उदय सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले को लेकर अपहरण के पीडित पिता ने मंडावरी थाने में दूरभाष पर सूचना दी थी कि वह अपने पुत्र को मंडावरी रेलवे स्टेशन से घर लेकर जा रहा था इसी बीच रास्ते में लेखराज मीणा, राम सिंह मीणा, अंकित कुमार मीणा, अन्ना मीना, राय सिंह मीणा गोरा वाली ढाणी व अन्य तीन लोगों द्वारा उनके साथ पकडा धकडी एवं मारपीट की एवं गाडी में जबरन पटक हमीरपुर बालाजी के पास ले गए। इस दौरान अपहरणकर्ताओं ने पिता को हमीरपुर बालाजी के पास छोड दिया एवं उसके पुत्र को लेकर वहां से फरार हो गए। युवक के इस अपहरण के मामले को लेकर पांच नामजद शाहिद तीन अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। डिप्टी एसपी मीणा ने बताया कि इस मामले के त्वरित खुलासे को लेकर एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया।



मंडावरी पुलिस ने अपहरण के मामले में गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया।

■ रेलवे स्टेशन से घर जा रहे पिता पुत्र का बदमाशों ने किया था अपहरण

जहां पर एक पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान करने के साथ साइबर सेल की मदद से अपहर्ताओं के चुंगल से युवक अंकित कुमार मीणा को दस्तयाब करने के साथ अपहरण के एक आरोपी रायसिंह मीणा पुत्र शंकर लाल मीणा निवासी गोरा वाली ढाणी मंडावरी को थाना क्षेत्र बामनवास जिला गंगापुर सिटी से गिरफ्तार कर लिया गया। डिप्टी एसपी मीणा ने बताया कि मामला कोई पुरानी रंजिश से जुडा हुआ बताया जा रहा है।

वहीं पुलिस टीम बाकी फरार अपहरणकर्ता बदमाशों को सरगर्मी से तलाश कर रही है एवं अपहरण करने वाले बदमाशों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। अपहरण की इस घटना का खुलासा करने के लिए डिप्टी एसपी मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम मे मंडावरी थाना अधिकारी सुनील टाक, सहायक उप निरीक्षक हरिराम, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश, कांस्टेबल ओमप्रकाश, कुशल पाल, महेंद्र, इंद्रजीत, रणवीर, अजय परेवा आदि शामिल रहे। वही अपहरण के मामले में गिरफ्तार आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां पर न्यायालय के आदेशों पर अपहरण के आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया गया।

### अंग्रेजी शराब पकड़ी, चार गिरफ्तार

**अलवर, (निसं)।** रामगढ पुलिस ने बडी कार्रवाई करते हुए मिलकपुर गांव के पास नाकाबंदी के दौरान बोलेरो कैंपर गाडी में भरी 451 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब का जखीरा पकडा है। पिकअप गाडी सहित चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी सवाई सिंह का कहना है मुखबिर से सूचना मिली कि मिलकपुर गांव के पास अवैध अंग्रेजी शराब से भरी एक पिकअप गाडी जो की ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई करने के लिए जा रही है। मुखबिर की सूचना पर टीम गठित कर मिलकपुर गांव के पास नाकाबंदी की गई। जहां पर सामने से एक पिकअप गाडी आकर दिखाई दे तो पुलिस ने उसको रोकने की कोशिश की लेकिन पिकअप गाडी का चालक गाडी को भागने की कोशिश करने लगा लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर गाडी को पकड लिया। गाडी की पीछे से चेकिंग की तो गाडी में अवैध अंग्रेजी शराब का जखीरा भरा हुआ मिला। जिसमें विभिन्न अंग्रेजी ब्रांड की अंग्रेजी शराब व 27 पेटी किंगफिशर बियर की कुल 451 लीटर अंग्रेजी शराब पुलिस ने मौके से गाडी में भरी शराब को जप्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पकडी हुई शराब की अनुमानित राशि चार लाख रुपए बताई गई है।

# सप्ताह में तीन दिन एक-एक घंटे हो रही पानी की सप्लाई के निर्णय का विरोध

**किशनगढबास, (निसं)।** जल अभियंत्रिक विभाग की ओर से एक दिन छोडकर एक घंटे की गई पानी सप्लाई के निर्णय के विरोध में विधायक दीपचंद खेरिया व पंचायत समिति प्रधान बद्री प्रसाद सुमन नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता उमेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद व शहर के लोग एसडीएम मूलचंद लूणिया से मिले हैं।

विधायक सहित कांग्रेस नेताओं ने जल अभियंत्रिक विभाग के अधिशासी अभियंता के एक दिन छोडकर एक दिन यानी 48 घंटे में 1 घंटे पानी दिए जाने के निर्णय को ज्ञापन सौंपकर गलत ठहराते हुए विरोध प्रकट किया है। विधायक दीपचंद खेरिया ने एसडीएम मूलचंद लूणिया से मांग की और कहा कि स्वीकृत ट्यूबवेल शीघ्र कराएं जाए जिससे लोगों को पर्याप्त पानी रोजाना मिल सके। विधायक ने कहा पानी की समस्या को देखते हुए 6 ट्यूबवेल स्वीकृत कराए जिससे लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके। अधिकारी जनवरी फरवरी माह में स्वीकृत बोरिंग करा देते तो आज एक दिन छोडकर एक दिन पानी देने की नौबत नहीं पैदा होती।



पानी की समस्या को लेकर विधायक दीपचंद खैरिया व कांग्रेस नेता एसडीएम मूलचंद लूणिया से मिले।

किशनगढबास में अधिकारी नहीं चाहते कि लोगों को रोजाना पर्याप्त पानी मिले। विधायक ने कहा जल्दी ही किशनगढबास में बोरिंग करा पानी की व्यवस्था ठीक नहीं की गई तो किशनगढबास के लोगों के साथ वह धरने पर बैठेंगे। नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता उमेश यादव का कहना है कि जल अभियंत्रिक विभाग के अधिकारियों की मॉनिटरिंग सही से नहीं होने के कारण किशनगढबास में पानी की व्यवस्था चरमराई है। इस मौके पर प्रधान बीपी सुमन, ब्लॉक अध्यक्ष सन्दीप पाटिल, नेता प्रतिपक्ष उमेश यादव भागेन्द्र खैरिया, पार्षद सुनील सांवरिया, पार्षद नथूराम सैनी, पूर्व सरपंच बाबूलाल सैनी, शुभराम खेरिया, धर्मेंद्र बजाज, इंदर सिंह, नवीन खेरिया, राजेंद्र सिंघल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**पावटा के ग्राम खेलना में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रत्ना कुमारी शाहपुरा ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र भाजपा के प्रत्यासी राव राजेंद्र सिंह के समर्थन मे होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में महिला शक्ति को शामिल होने का आग्रह करते हुए घर घर जाकर महिलाओं को पीले चावल बांटे और जयपुर ग्रामीण लोकसभा प्रत्यासी राव राजेंद्र के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रत्ना कुमारी ने बताया की मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोटपुतली पधार रहे तो हम सब उनका स्वागत करने के लिए आतुर है। लाखो की संख्या में लोग सभा में शामिल होंगे इसके साथ उन्होंने नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए कार्य की पुस्तिका और कैलेंडर वितरण किए। इस दौरान विनोद सिंह अध्यक्ष राजपूत समाज खेलना इकाई, नवरत्न सिंह खेलना, मोहन सिंह, सुप्यार कंवर, अनोप कंवर, वीर कंवर सहित काफी महिलाए शामिल रही।**

# निवाई में कुएं में गिरने से महिला की मौत

■ गेहूं के खेतों से गायों को भगाने गई थी जो वापस नहीं लौटी

**निवाई, (निसं)।** गांव बाढ छोरियां में कुएं में गिरने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कैलाशी देवी पत्नी रामप्रसाद मीणा उम्र 45 वर्ष निवासी बाढ छरियां 29 मार्च की रात करीब 11 गेहूं के खेतो से गायो को दौडाने गई थी। जो वापस नहीं लौटी।

जिसकी आसपास के गांवों एवं रिश्तेदारों से भी संपर्क करके तलाशी की। लेकिन उसका कोई भी पता नहीं चला। जिसको लेकर पुलिस ने कैलाशी देवी की गमशुदगी का मामला दर्ज करके गांव बाढ छौरिया, भणकपुरा, जोधपुरिया, सुनारा, सुनसारी, प्रतापपुरा, चतुर्भुजपुरा, रोहिडा, अकोडिया, शोभागपुरा, जगतपुरा एवं मनोहरपुर सहित कई गांवों में तलाशी की। इस दौरान सोमवार को कुछ ग्रामीण एक कुएं पर गए जहां कुएं में से बदबू आ रही थी उन्होंने कुए में देखा तो कुए में एक महिला का तैरता हुआ शव दिखाई दिया।

ग्रामीणों ने उसकी सूचना सदर पुलिस व विधायक रामसहाय वर्मा को दी। सूचना पर पुलिस व विधायक रामसहाय वर्मा मौके पर पंहुचे और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने निवाई अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शीतलाष्टमी पर ठंडे पकवानों का लगाया भोग, मांगी खुशहाली की कामना

**दूदू, (निसं)।** जिला मुख्यालय एवं आसपास से क़स्बों गांवों मे शीतला अष्टमी का पर्व शीतला माता के मंदिर में ठंडे भोजन का भोग लगाया जाकर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर प्रात: महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में थालियों में पोहे पापडी रबडी अन्य व्यंजनों सहित सजाकर मंगल गीत गाते हुए मंदिर में पहुंची। पूजा अर्चना के बाद जगह-जगह झुंड बनाकर पूजा करने के बाद खुशी की कामना की।

**श्रीमाधोपुर,** कस्बे में शीतलाष्टमी (बास्योडा) का पर्व सोमवार को मनाया। इससे पूर्व रविवार को रांधा पुआ मनाया गया। महिलाओं द्वारा विभिन्न पकवान बनाए गए। इससे पहले बाजारों में मिट्टी के बर्तन और अन्य पूजन सामठी खरीदी गई। दही जमाकर राबडी, पकौडी, पुये, पूडी, पूवा-



महिलाओं ने ठंडे पकवानों का भोग लगाकर पूजा अर्चना की।

पापडी, बाजरा, चावल, सक्करपारा, रोटी बनाई गई। महिलाओं का सुबह से शाम तक का समय रसोई में ही गुजरा। रात्रि को कंडबारों में पानी भरा गया और पूजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। सोमवार को सूर्योदय से पूर्व उठकर

■ महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में थालियों में विभिन्न व्यंजन सजाकर मंगल गीत गाते हुए मंदिर पहुंची

महिलाएं और पुरुष ठंडे पानी से नहाकर पूजन की तैयारी में जुटकर मिट्टी के नौ कंडबारों में राधा-पुआ पर बनाए ठंडे पकवानों को भरा जाएगा। मिट्टी के करों में ठंडा पानी भरकर महिलाएं गीत गाती हुई शीतला माता मंदिर पहुंच कर मनुहार कर माता को दही, राबड़ी, रोटी, पूडी, पूए, चावल, आदि का भोग लगाकर परिवार पर कृपादृष्टि रखने की मनोकामना की। शीतला को शीतल ठंडे व्यंजन और जल पसंद है। शीतला माता निरोग होने का वरदान देती है। इस दिन महिलाओं को रसोई से छुट्टी मिलती है। शीतलाष्टमी को घरों में चूल्हे नहीं जलते हैं। चाय भी शीतला माता के भोग लगाने के बाद ही पी जाती है। नव विवाहिताएं व कुंवारी कन्या कुम्हार के घर से मिट्टी की गणगौर लाकर पूजन करते हैं व रात को घड़ुधुल्या घर-घर घूमाती है ।

**निवाई -** सिरस के गांव श्योसिंहपुरा में सोमवार को शीतला सप्तमी पर्व पर महिलाओं ने शीतला माता जी की पूजा अर्चना की। इस दौरान कई महिलाए एकजुट होकर माता जी की पूजा करके कहानी सुनी। शीतला सप्तमी के दिन घरों में चूल्हे नहीं जलाए और रविवार की शाम को सोमवार के लिए बनाएं भोजन को शीतला माता की पूजा कर बासा भोजन किया।

## सार-समाचार

### छोटे बच्चों को बनाया ईसर गणगौर



**सांभरझील, (निसं)।** होली पर्व के समापन के बाद से ही सुहागिन महिलाओं की ओर से 16 दिन तक ईसर गणगौर की पूजा अर्चना का दौर भी शुरू हो गया है। कन्याएं भी ईसर गणगौर को उत्साह के साथ मनाती है। इसके लिए महिलाएं सजधज कर नजदीक पार्क में कलश लेकर जाती है और जल कलश को भरकर हरी दूब डालकर पूजा करती है और यहां से आसपास की महिलाएं ढोल के साथ माथे पर कलश लेकर चलती हुई घर पहुंचकर कलश स्थापना के साथ ईश्वर गणगौर की पूजा की विधिवत शुरुआत करती है। बच्चों को भी बींद बीनणी बनाकर ईसर गणगौर के रूप निकाला जाता है।

### सती चरित्र का वर्णन सुनाया



**पावटा, (निसं)।** बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर पावटा में बाबा भूतनाथ कमेटी पावटा के तत्वाधान में चल रही संगीतमय शिव महापुराण की कथा के दूसरे दिन 11 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय भागवत भूषण कथा व्यास श्री कृष्णा दुबे महाराज ने बिल्व पत्र की महिमा का वर्णन, गोपेशश्वर महादेव का वर्णन करते हुए भगवान शिव व माता पार्वती की संजीव झांकी सजाई गई। वही भागवत भूषण कथा व्यास श्री कृष्णा दुबे महाराज ने सती चरित्र वर्णन, पितरो का वर्णन सुनाया। कथा का वर्णन करते हुए कथा व्यास श्री कृष्णा दुबे महाराज ने सती चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि मनुष्य को कभी भी झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। झूठ बोलने से मनुष्य का चरित्र नष्ट हो जाता है। शिव महापुराण की कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। भक्ति के बिना मनुष्य का उद्धार नहीं होता। भक्ति नो प्रकार की होती है। भक्ति से शिव लोक की प्राप्ति हो जाती हैं। इस अवसर पर पावटा ब्राह्मण महासभा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, गजानंद टीलावत, करण पंसारी बुद्धराज ने सह परिवार शिव पुराण का पूजन किया। मंगलवार को कथा में शिव पार्वती का विवाह उत्सव मनाया जाएगा तथा संजीव झांकिया सजाई जायेगी।

### श्रीमाधोपुर के लिए बस सेवा का शुभारंभ

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, श्रीमाधोपुर आगार के मुख्य प्रबंधक दीपक कुमावत ने बताया कि नवीनतम समय सारणी अप्रैल 2024 में आमजन को सिंधी कैंप जयपुर से श्रीमाधोपुर के लिए रात्रि 9 बजे बस की सुविधा उपलब्ध होगी। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय से प्राप्त आंकडों के आधार पर तथा कर्मचारियों की लग्न व मेहनत से श्रीमाधोपुर आगार द्वारा मार्च 2024 के रिजल्ट्स में सुधार करते हुए लक्ष्य आय 2.59 करोड़ के मुकाबले 2.69 करोड रुपए प्राप्त कर 10 लाख रुपए की अधिक आय अर्जित की गई है तथा यात्री भार में भी 100 प्रतिशत लक्ष्य की तुलना में 108 प्रतिशत यात्री भार प्राप्त कर पूरे राजस्थान में श्रीमाधोपुर आगार चौथे स्थान पर रहा है। इसके लिए सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों का मुख्य प्रबंधक ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

### स्वीप गतिविधियों का आयोजन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** भारत निर्वाचन आयोग के भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत उपखंड अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय श्रीमाधोपुर में नोडल स्वीप प्रभारी विनोद कुमार काछवाल के निर्देशन में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वीप सहप्रभारी अशोक कुमार शर्मा एवं हेमराज वर्मा ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारी एवं आगंतुक अन्य नागरिकों से 19 अप्रैल शुक्रवार को अवश्य मतदान करने की अपील की, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने के उद्देश्य से आयोग द्वारा निर्धारित सी -विजिल एप, विएचए ऐप डाउनलोड करवाए गए। उपस्थित सभी लोगों के मोबाइल फोन से ई संकल्प पत्र भरवाया गया। इस अवसर पर बीवीएचओ उपनिदेशक डॉ मोहनलाल अग्रवाल तथा डॉक्टर विनोद कुमावत भी उपस्थित रहे।

### नामांकन रैली की तैयारी पर चर्चा

**दूदू, (निसं)।** भाजपा कार्यालय सभागार में विधानसभा क्षेत्र के मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान 2 अप्रैल मंगलवार को अजमेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के नामांकन रैली की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ पूर्व उप जिला प्रमुख पदमचंद जैन मंडल अध्यक्ष राजनारायण शर्मा दातार सिंह बिरदी चन्द अहलावत भूपेंद्र सिंह रामधन अहलावत महामंत्री अवधेश शर्मा नानूराम धाभाई जितेंद्र कुमावत अमित जोशी तरुण कुमावत रामरतन नासना युवा नेता प्रदेश राजू धेतर वाल हनुमान डूडी त्रिलोक दायमा प्रकाश जैन सुवालाल गुर्जर सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। संबोधन में कहा कि हर बूथ से 20 कार्यकर्ता नामांकन रैली में पहुंचकर मोदी सरकार का नारा 400 से पार के लक्ष्य को पूरा करने में जुट जाना होगा। दूदू कार्यालय से विभिन्न वाहनों से कार्यकर्ता रवाना होकर आजाद पार्क अजमेर मे विशाल सभा में भाग लेंगे।

### हनुमान जयंती की तैयारी को लेकर बैठक

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के स्टेशन रोड स्थित इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। भक्त राजू नाई ने बताया कि इस दौरान हनुमान जयंती की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में 22 अप्रैल को रामायण पाठ, 23 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं शाम को पंगत प्रसादी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान महेश स्वामी, मुकेश सोनी, नवलकिशोर फूलका, मुकेश कुमावत, विजेन्द्र जांगिड, पवन शर्मा, गुड्डू शेखावत, सत्यनारायण, जुगल जांगिड, भवानी सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्टाम्प विक्रेताओं ने सौंपा ज्ञापन

**मालपुरा, (निसं)।** ऑनलाईन ऐप के माध्यम से स्टाम्प बिक्री के लिये लागू किये गये प्रोजेक्ट को वापस लेने की मांग को लेकर स्टाम्प विक्रेता संघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। संघ अध्यक्ष कैलाश विजय के नेतृत्व मे सौंपे ज्ञापन मे बताया कि कई वर्षो से स्टाम्प वेन्डरो के जरिये स्टाम्प बिक्री का कार्य राजस्थान मे किया जा रहा है। जिससे इन स्टाम्प वेन्डरो के घर परिवार का गुजर बसर हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा हाल ही मे स्टाम्प बिक्री के कार्य को ऐप के माध्यम से किये जाने की योजना तैयार की है। यदि ऐप के माध्यम से स्टाम्प की बिक्री योजना लागू करते है तो कई परिवार बेरोजगार हो जायेगें। फिजिकल रूप से स्टाम्प बिक्री के कार्य मे लगे कई स्टाम्प वेन्डर उम्र के इस पडाव पर पहुंच चुके है अब वो ऑनलाईन ऐप के जरिये यह कार्य नही कर सकते। कई वेन्डरो के पास तो आर्थिक तंगी के चलते आज भी स्मार्टफोन नही है। एक स्वर मे ऐप के माध्यम से स्टाम्प बिक्री करने की योजना को स्थगित करने की पूरजोर मांग की गई।

# एस.एम.एस. अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एन.ओ.सी. देने के रैकेट का खुलासा

## मामले में एसीबी की टीम ने सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह और ई.एच.सी.सी. अस्पताल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर अनिल जोशी को गिरफ्तार किया

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रविवार देर रात को जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में रुपये लेकर अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी देने के मामले में सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह और ईएचसीसी अस्पताल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर अनिल जोशी को लेनदेन करते गिरफ्तार किया है। मामले में फोर्टिस अस्पताल के अंग प्रत्यारोपण समन्वयक विनोद को भी पकड़ा है।

एसीबी की टीम ने मौके से सत्तर हजार रुपये और तीन फर्जी एनओसी लेटर भी जब्त किए हैं। साथ ही एसीबी के अधिकारियों ने आरोपी गौरव सिंह और अनिल जोशी के घर और अन्य ठिकानों पर सर्च किया। एसीबी को गौरव सिंह के घर से 100 से अधिक फर्जी सर्टिफिकेट मिले हैं। किसी भी सर्टिफिकेट पर साइन और मुहर नहीं थी, लेकिन इन पर अस्पतालों के नाम लिखे थे। एसीबी की टीम ने आरोपी के ऑफिस से महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए हैं। उधर मामले में चिकित्सा विभाग ने ईएचसीसी अस्पताल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है।

### गौरव सिंह को सस्पेंड किया

जांच में सामने आया कि सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह को 20 मार्च को अंग प्रत्यारोपण संबंधी यूनिट से हटाकर सवाई मानसिंह अस्पताल में संपर्क पोर्टल शिकायत निवारण यूनिट में लगाया था। लेकिन उसने जॉइन नहीं किया था। गौरव सिंह को सोमवार को अस्पताल प्रशासन ने सस्पेंड कर दिया। एसीबी ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एनओसी मामले में फोर्टिस अस्पताल के को-ऑर्डिनेटर विनोद सिंह को भी गिरफ्तार किया है। विनोद ने भी रिश्वत देकर फर्जी एनओसी बनवाई थी। एसीबी ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए चार दिन के रिमांड पर लिया है।



गिरफ्तार तीनों आरोपी गौरव सिंह, अनिल जोशी व विनोद।

### एसएमएस प्रशासन ने की थी शिकायत

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक राजीव शर्मा ने बताया कि एसीबी के पास तीन दिन पहले एसएमएस अस्पताल के अधिकारी ने शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में कोई अंग प्रत्यारोपण के फर्जी एनओसी सर्टिफिकेट बिना कमेटी की बैठक के जारी कर रहा है। साथ ही यह लोग पैसा लेकर फर्जी सर्टिफिकेट दे रहे हैं। बिना कमेटी के जारी इन सर्टिफिकेट की कोई वैल्यू नहीं हैं। यह लोग निजी अस्पतालों से सांठगांठ कर पैसा कमाने के लिए यह सब कर रहे हैं। इस सूचना के बाद एसीबी के डीआईजी डॉ. रवि के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने गोपनीय तरीके से संदिग्ध अधिकारी की पहचान कर उनका पीछा करना शुरू कर दिया। इसके बाद एसीबी ने रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे एसएमएस के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह और ईएचसीसी अस्पताल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर अनिल जोशी को एनओसी के बदले लेन-देन करते समय रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। वहीं एसीबी की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह रिश्वत के बदले पिछले कई महीनों से कमेटी के सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर करते हुए एनओसी बनाकर कई अस्पतालों को दे चुका है।

- इस मामले में फोर्टिस अस्पताल के अंग प्रत्यारोपण समन्वयक विनोद को भी गिरफ्तार किया
- एसीबी ने रविवार देर रात डेढ़ बजे कार्रवाई को अंजाम दिया।
- एसीबी ने मौके से सत्तर हजार रुपये और तीन फर्जी एनओसी लेटर जब्त किए।
- आरोपी गौरव सिंह के घर से 100 से अधिक फर्जी सर्टिफिकेट मिले हैं।
- मामले में चिकित्सा विभाग ने ईएचसीसी अस्पताल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट का लाइसेंस सस्पेंड किया।

इधर, मामले में ईएचसीसी अस्पताल ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर अनिल जोशी को सस्पेंड कर दिया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उनकी ओर से आंतरिक जांच की जा रही है। साथ ही वह एसीबी को जांच में पूरा सहयोग करेंगे।

### उच्च स्तरीय कमेटी का गठन

मामले को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने रिश्वत लेकर अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी देने के प्रकरण में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उच्च स्तरीय कमेटी से प्रकरण की जांच करवाने और 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को लेकर सरकार पूरी तरह गंभीर है और मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 के तहत ईएचसीसी अस्पताल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है।

एसएमएस अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि ऑर्गन ट्रांसप्लांट एक सतत प्रक्रिया है। केवल मरीज के ब्लड रिलेशन वाले को ही एनओसी दी जाती है। कमेटी में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा, ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज डॉ. अनुराग धाकड़, कार्डियक सर्जन डॉ. रामगोपाल यादव, एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, नेफ्रोलॉजी और गेस्ट्रॉलोजी के एक-एक डॉक्टर और अंगदान के क्षेत्र में काम करने वाले दो सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होते है। इस कमेटी के पास जब कोई लिवर या किडनी ट्रांसप्लांट का केस आता है तो सबसे पहले डोनर और रिसीवर का ब्लड रिलेशन जांच करते हैं। अगर वह ब्लड रिलेशन में होता है तो दोनों (रिसीवर और डोनर) की मेडिकल जांच होती है और उसकी रिपोर्ट के आधार पर एनओसी जारी की जाती है। इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लगता है। राजस्थान में अभी किडनी ट्रांसप्लांट 14 हॉस्पिटल में होता है।

## राव राजेंद्र सिंह के कार्यालय का डॉ.पूनिया ने किया शुभारंभ



भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आमेर विधानसभा क्षेत्र के टाटियावास टोल प्लाजा के पास जयपुर ग्रामीण लोकसभा के चुनाव कार्यालय आमेर का उद्घाटन किया।

**जयपुर ।** हरियाणा भाजपा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने आमेर विधानसभा क्षेत्र के टाटियावास टोल प्लाजा के पास जयपुर ग्रामीण लोकसभा के चुनाव कार्यालय आमेर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पूरा भरोसा है 'फिर से मोदी सरकार' के संकल्प में जयपुर ग्रामीण लोकसभा सहित प्रदेश की सभी 25 सीटों की अग्रणी भूमिका होगी, राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर भाजपा को जिताने का जनता मन बना चुकी है और भाजपा-एनडीए का 400 पार सीटों पर विजय का संकल्प भी देशभर में पूरा होगा।

सतीश पूनियां ने जयपुर ग्रामीण भाजपा लोकसभा प्रत्याशी राव राजेंद्र सिंह को भारी मतों से विजय बनाने का आवहान करते हुये कहा कि इनकी जीत से जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा, ऐसा हमें पूरा भरोसा है। सतीश पूनिया ने मंगलवार दोपहर 1 बजे कोटपूतली में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में बड़ी संख्या में आकर भाजपा को समर्थन देने की आमजन, युवा, किसान और मातृशक्ति से विनम्र अपील की है।

## जयपुर से सोनिया, राहुल और खड़गे करेंगे प्रचार अभियान की शुरुआत

- 6 अप्रैल को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में होगी चुनावी रैली
- इसी दिन पार्टी जारी करेंगी जन घोषणा पत्र

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले दौर के प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कांग्रेस जयपुर में बड़ी रैली आयोजित कर राजस्थान की राजधानी से ही पार्टी का जन घोषणा पत्र जारी करेगी। इस रैली और जन घोषणा पत्र को जारी करने के लिए यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सहित राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ,पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पार्टी महासचिव सचिन पायलट सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

इस आयोजन की तैयारी शुरू करते हुए जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र सहित आसपास के लोकसभा क्षेत्र से लोगों की भीड़ जुटाने के लिए पार्टी ने विधानसभा वार प्रभारी नियुक्त किए हैं। यह पहला मौका है जब कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अपना जन घोषणा पत्र दिल्ली से जारी करने के बजाय राजस्थान की राजधानी जयपुर में रैली कर रही है। कांग्रेस की यह चुनावी रैली और जन घोषणा पत्र जारी करने का कार्यक्रम 6 अप्रैल को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित होगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने इस चुनावी रैली और जैन घोषणा पत्र जारी करने के कार्यक्रम के लिए लोकसभा क्षेत्र सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, दौसा एवं अजमेर के तहत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभावार प्रभारियों की नियुक्ति की है। डोटासरा की ओर से लोकसभा क्षेत्र सीकर के विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ में रामसिंह राव, धोद में रघुवीर सिंह राठौड़, सीकर में राहुल भाकर, दांतारामगढ़ में सुरेन्द्र लाम्बा, खण्डेला में डॉ. राजेन्द्र मीणा, नीमकाथाना में अजयसिंह कच्छावा, श्रीमाधोपुर में भीमराज जाखड़, चौमूं में तारा बेनीवाल को प्रभारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र जयपुर ग्रामीण के विधानसभा क्षेत्र कोटपूतली में सी. एल. यादव, विराटनगर में पी. एल. प्रजापति, शाहपुरा में अविनाश थानवी, फुलेरा में विक्रम वाल्मीकि, झोटवाड़ा में राजीव चौधरी, आमेर में राजेश अत्री, जमवारामगढ़ में अरूण लुहारीवाल, बानसूर में कमल पहाड़िया को प्रभारी लगाया गया है।

## देश की महिलाओं का मोदी ने बढ़ाया है मान : भजनलाल शर्मा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी जयपुर लोकसभा क्षेत्र के सांगानेर विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन किया।

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर लोकसभा क्षेत्र के सांगानेर विधानसभा कार्यालय उद्घाटन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं का मान बढ़ाया है, चाहे वह शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत हो, चाहे तीन तलाक हो या उज्जवला योजना के अंतर्गत दी गई सुविधाओं के अंतर्गत हो।

विधानसभा कार्यालय उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा जयपुर शहर से मंजू शर्मा को रिकार्ड मतों से विजय दिलवाएंगे, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के 400 के लक्ष्य में सहयोग कर राजस्थान से हैट्रिक लगाते हुए 25 सीटों को जीता कर हमारे सांसदों को दिल्ली भेजेंगे। यह निश्चित ही संभव है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देश के विकास के लिए नए आयामो को छुआ है और ऐसे ऐतिहासिक कार्य करके दिए हैं जो पिछले 50 सालों में नहीं हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का विश्व में मान बढ़ाया है और इस बात को जानता जानती भी है इसी को ध्यान में रखते हुए जनता भाजपा को वोट देगी और निश्चित ही हम 400 के लक्ष्य को पार करेंगे और आने वाले समय में देश के हित में ऐतिहासिक फैसले लेंगे। कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश और शहर की सभी महिला मोर्चे की पदाधिकारी मौजूद रही।

## 'शादी के बाद किसी दूसरे से संबंध बनाना अपराध नहीं'

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक आपराधिक मामले में कहा है कि शादी के बाद किसी दूसरे से संबंध बनाना अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। जस्टिस बीरेन्द्र कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश प्रेमी के साथ लिव इन में रहने वाली पत्नी के पति की ओर से दायर प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि यह सच है कि भारतीय समाज में शारीरिक संबंध विवाहित जोड़े के बीच ही होने चाहिए, लेकिन जब वयस्क स्वेच्छा से वैवाहिक संबंधों के बाहर संबंधों में शामिल होते हैं तो यह अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। वयस्क युवक-युवती शादी के बाद किसी अन्य के साथ लिव इन में रहते हैं तो यह आईपीसी की धारा 494 के तहत अपराध की श्रेणी में नहीं आता है, क्योंकि दोनों में से किसी ने भी अपने पति या पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी नहीं की है।

मामले के अनुसार पति ने अदालत में प्रार्थना पत्र दायर किया था। प्रार्थना पत्र में कहा गया था कि उसने अपनी पत्नी के अपहरण को लेकर वर्ष 2021 में भरतपुर में एफआईआर दर्ज कराई थी।

## लाइसेंसधारी की इच्छा के बिना शराब की दुकानों का नवीनीकरण नहीं : हाईकोर्ट

- इस नए वित्तीय वर्ष में करीब 4000 से अधिक दुकानों की बोली नहीं छूटी है। वहीं विभाग ने गत 13 मार्च को आचार संहिता का हवाला देते हुए आदेश निकाला कि जिन दुकानदारों का लाइसेंस 31 मार्च को खत्म हो रहा है, उन्हें नए नियमों के आधार पर तीन माह के लिए रिन्यू किया जा रहा है

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि आबकारी अधिनियम या अन्य नियमों के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि लाइसेंसधारियों की इच्छा के बिना उनकी शराब की दुकानों का नवीनीकरण कर दिया जाए। इसके साथ ही अदालत ने इस संबंध में विभाग की ओर से जारी 13 मार्च के आदेश की क्रियान्विति पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश कृष्णा शर्मा व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर दिए। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यह रोक सिर्फ याचिकाकर्ताओं के प्रकरणों में ही रहेगी।

याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता आरबी माथुर ने अदालत को बताया कि प्रदेश में करीब सात हजार पांच सौ से अधिक शराब की दुकानें हैं। याचिकाकर्ताओं ने वर्ष 2023-24 के लिए दुकान संचालन के लिए लाइसेंस लिया था। इस नए वित्तीय वर्ष में करीब 4000 से अधिक दुकानों की बोली नहीं छूटी है। याचिकाकर्ताओं की दुकानों की भी आबकारी विभाग ने बोली लगाई, लेकिन किसी ने बोली नहीं लगाई। वहीं विभाग ने गत 13 मार्च को आचार संहिता का हवाला देते हुए आदेश निकाला कि जिन दुकानदारों का लाइसेंस 31 मार्च को खत्म हो रहा है, उन्हें नए नियमों के आधार पर तीन माह के लिए रिन्यू किया जा रहा है।

## राज्यपाल पिंजरापोल गौशाला पहुंचे, गौ-धन संरक्षण का किया आव्हान

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र सोमवार को जयपुर स्थित पिंजरापोल गौशाला स्थित वैदिक वन औषधीय पौध केन्द्र पहुंचे। उन्होंने वहां गौ माता की पूजा कर गौ सेवा के लिए किए जा रहे कार्यों, दुर्लभ औषधियों पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की। पिंजरापोल गौशाला में उन्होंने प्राचीन श्री काल भैरव मंदिर के भी दर्शन कर पूजा अर्चना कर सबके मंगल की भी कामना की।

- राज्यपाल ने गौ-काष्ठ और अन्य उत्पादों तथा औषधीय पौधों के संरक्षण की सराहना की

राज्यपाल ने गौशाला में गौ-माता की विभिन्न प्रजातियों और गौ-उत्पादों के निर्यात के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

राज्यपाल मिश्र ने इस दौरान वनौषधियों के संरक्षण के साथ ही जैविक फसल उत्पादन, वनों के संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए कार्य करने का आ ान किया। उन्होंने गौ माता के गोबर से बनी लकड़ी, अन्य उत्पादों का उपयोग करने और गौ-धन संरक्षण के लिए सबको मिलकर प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गौ-माता हमारा पोषण करती है। गौ धन संरक्षण हम सभी का दायित्व है।

इससे पहले उन्होंने वहां महिला स्वयंसमूह की गतिविधियों और उत्पादों का भी अवलोकन किया।

इससे पहले राज्यपाल मिश्र के गौशाला पहुंचने पर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अन्तर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने उनका स्वागत किया। उन्होंने गौशाला के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से उन्हें जानकारी दी।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को जयपुर स्थित पिंजरापोल गौशाला में गौ माता की पूजा की।

## जीवंत संस्कृति वाला प्रदेश है ओडिशा : मिश्र

**जयपुर, (का.सं.)।** राजभवन में सोमवार को ओडिशा स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान ओडिशा के स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामना दी।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि ओडिशा समृद्ध पारंपरिक विरासत के साथ जीवंत संस्कृति वाला प्रदेश है। उन्होंने ओडिशा को भगवान जगन्नाथ, लिंगनाथ की धरती बताते हुए कहा कि अध्यात्म की भारतीय परंपरा से जुड़ी यह भूमि कला की भारतीय परंपरा से भी सर्वाधिक समृद्ध है।

उन्होंने कोणार्क, उदयगिरि और खंडगिरि की गुफाओं की चर्चा करते हुए कहा कि हमारी जो कलात्मक धरोहर है, सभी उसे संरक्षित करने में भी योगदान दें। उन्होंने विश्व इतिहास में प्रसिद्ध रहे कलिंग युद्ध और सम्राट अशोक के हृदय परिवर्तन की चर्चा करते हुए मानवीय मूल्यों के लिए कार्य करने का आव्हान किया।

मिश्र ने ओडिशा के समृद्ध अतीत को याद करते हुए भविष्य के विकास के लिए सतत प्रतिबद्ध होकर कार्य करने पर जोर दिया। इससे पहले ओडिशा के स्थानीय जनों ने राजस्थान में रहने और ओडिशा की संस्कृति के अनुभव साझा किए। आरंभ में राज्यपाल ने सभी को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल उपस्थित रहे।


**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुख के साथ सूचित करते है कि **श्री अनिल चन्द मधुरिया** पुत्र स्व. श्री जमुना प्रसाद मधुरिया का स्वर्गवास दिनांक 31.03.2024 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 02.04.2024 को सायं 5 से 6 बजे निवास स्थान के पास चम्पेश्वर महादेव मन्दिर, 456, सचिवालय विहार कॉलोनी, गांव कल्याणपुरा सांगानेर पर होगी।

**शोकाकुल-** शरदचन्द (भाई), मीना (पत्नी) अंकुर-रक्षा, तुषार-वैशाली (पुत्र-पुत्रवधू), रितिका-आकाश (पुत्री-दामाद) एवं समस्त मधुरिया परिवार।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि एक सम्पति आवासीय प्लाट न. 350, सेक्टर न. 8, विघाधर नगर, जयपुर, राजस्थान कुल क्षेत्रफल 260 वर्गगज का स्वामित्वाधिकार श्री सुदामा केशवानी एवं सजंय केशवानी को था। तत्पश्चात श्री सुदामा केशवानी के स्वर्गवास होने पर उनका 1/2 अविभाजित हिस्सा उनके वारिसान श्रीमती गीता केशवानी, सुधुधी केशवानी एवं अवनीश केशवानी ने श्रीमती पद्मा देवी के पक्ष मे हक त्याग दिनांक 20.03.2024 को कर दिया। श्रीमती गीता केशवानी, सुधुधी केशवानी एवं अवनीश केशवानी के अलावा स्वर्गीय सुदामा केशवानी के अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी एवं वारिस नहीं है। तत्पश्चात श्रीमती पद्मा देवी ने उक्त 1/2 अविभाजित हिस्से को सजंय केशवानी के पक्ष में दिनांक 20.03.2024 को बख्शीश कर दिया। जिसके फलस्वरूप उक्त संपूर्ण सपति के स्वामित्वधिकार सजंय केशवानी को प्राप्त हुए। श्री सजंय केशवानी उक्त सम्पति को ICICI Bank Ltd. में बंधक रखकर ऋण प्राप्त कर रहे है। उक्त सम्पति स्वामित्व, क्रय एवं ऋण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी भी पक्ष को किसी भी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को अन्दर मियाद 7 दिवस में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगीं।

पुलकित गर्ग
एडवोकेट
MZ-4, अलंकार टॉवर, कबीर मार्ग,
बनीपार्क, जयपुर-302016
मो. 09828084002

**वास्ते - प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, रोहतास ताताराम, बिहार**

वैवाहिक वाद संख्या-361 सन् 2023
डा. संतोष कुमार.....आवेदक
बनाम
संगीता....विपक्षी
नोटिस बनाम-

संगीता पिता रामाशंकर सिंह वो पति डा.संतोष कुमार
ए.एन.एम. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भुखरेरी, रतनगढ़ जिला चूरू, राजस्थान
पिन नं. 331022 अन्यपता पलॉट नं. 15 पवन विहार, इस्कोन टेम्पूल रोड नियर कसना स्वीट्स मानसरोवर जयपुर-27 पिन कोड-302020

चूंकि बजरिये इस नोटिस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक ने आपके विरूद्ध उक्त वाद दाखिल किया है जो मेरे न्यायालय में चल रहा है। आप नजारत नोटिस, निबंधित नोटिस के बावजूद भी न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं कर रही है। अतएवं इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में निर्धारित अगली तिथि 24.05.2024 को समय 7 ए.एम. बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा।
इसे अति आवश्यक समझें।
यह नोटिस आज दिनांक 28.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी किया जाता है।

दिनांक-28.03.2024 (मोहर अदालत) प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय रोहतास, तातारम, बिहार

**खोया पाया**

I Shikha Shrivastava W/o Late Shri Rohit shrivastava declare that I have lost my husband's name property document , plot no.1256 JDA patta, gram nevta tehsil Sanganer and plot number 46 sarasvati Enclave village pawaliya tehsil Sanganer, If found inform me 9950729227


**नाम परिवर्तन**

मैं जय श्री पत्नि हितेश हरपलानी निवासी प्लॉट नं. सी-77-ए, मॉडल टाउन, मालवीय नगर, जयपुर। मेरी पुत्री की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की अंकतालिका में मेरा नाम निशा हरपलानी अंकित है जो कि गलत है। अतः भविष्य में मुझे जयश्री के नाम से जाना पहचाना जावें।

Army No -8038350N Rank-L/NK (GD) Name Rathod Karansinh Kalusinh at&po Sahebapur, Teh-Himatnagar, PS-himatnagar,Dist-Sabarkantha,(Gujarat) Pin -383001.Army service Records my son name is registered as Rathod Rudrarajsinh that's Wrong.I want to register in my service Records my son is Rathod Rudrarajsinh Karansinh.

Army No -8039025A Rank-L/NK (GD) Name Chauhan HiteshKumar Natvarsinh at&po-Shampur,PS-Sabalpur, Dist-Arvalli,(Gujarat) Pin -383320.Army service Records my son name is registered as Chauhan Pradipsinh that's Wrong.I want to register in my service Records my son is Chauhan Pradipsinh Hiteshkumar.

I have changed my name from mahesh Kumar to mahesh Kumar navani r/o 118/88 agarwal farm mansarovar Jaipur



अगर ऋषभ पंत की भयावह सड़क दुर्घटना में चोटिल होने से लेकर अब एक हाथ से छक्के जड़ने की 15 महीने की यात्रा किसी को प्रेरित नहीं करती है तो वह संभवत: सच्चा इंसान नहीं है।

-शेन वाटसन

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर, ऋषभ पंत के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## सुमित नागल



**शीर्ष** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। नागल की इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 97 थी। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी। नागल ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बना कर सुर्खियां बटोरी थी। वह इस प्रतियोगिता में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** गोल्फ एकमात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी, 1971 को एलन शेफर्ड नामक अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

# राजस्थान ने मुंबई को 6 विकेट से घर में हराया




## राजस्थान के गेंदबाजों ने शुरुआती झटके देकर मुंबई की कमर तोड़ी, पराग ने अर्द्धशतक जड़ा

वानखेड़े, 1 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग में 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ गया। 17वें सीजन में टीम को अपने ही होम ग्राउंड पर राजस्थान रॉयल्स ने 6 विकेट से हरा दिया। राजस्थान की यह सीजन में लगातार तीसरी जीत रही। सोमवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने पहले बैटिंग की। टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाए। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल ने 3-3 विकेट लिए। मुंबई से तिलक वर्मा ने 32 और हार्दिक पंड्या ने 34 रन बनाए। 126 रन का टारगेट राजस्थान ने 15.3 ओवर में हासिल कर लिया। टीम से रियान पराग ने फिफ्टी लगाई, वह 54 रन बनाकर नॉटआउट रहे। मुंबई के लिए आकाश मधवाल ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

राजस्थान के लिए रियान पराग ने फिफ्टी लगाई। वह 39 बॉल में 54 रन बनाकर नॉटआउट रहे। 16वें ओवर में पराग ने जेराल्ड कूट्जी के खिलाफ 2 सिक्स और एक चौका लगाकर मैच खत्म किया। राजस्थान को चौथा झटका रविचंद्रन अश्विन के रूप में लगा। उन्हें आकाश मधवाल ने कैच आउट कराया। अश्विन ने 16 रन बनाए। राजस्थान के टॉप-3 बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके। यशस्वी जायसवाल ने 10, संजू सैमसन ने 12 और जोस बटलर ने 13 रन बनाए।

आकाश मधवाल ने मुंबई को तीसरी सफलता दिलाई, उन्होंने जोस बटलर को फाइन लेग पर कैच आउट कराया। बटलर ने 16 बॉल पर 13 रन बनाए। इससे पहले मधवाल ने संजू सैमसन को बोल्ड किया। मधवाल मुंबई के लिए इस सीजन पहला ही मैच खेल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन लगातार दूसरे मैच में कुछ खास नहीं कर सके। उन्हें आकाश मधवाल ने बोल्ड किया। सैमसन 10 बॉल पर 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने पारी में 3 चौके लगाए।

## मुझे हर मैच अपना शत-प्रतिशत देना है : पंत

विशाखापत्तनम, 1 अप्रैल। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने रविवार को खेले गये मैच में अपने पुराने रंग में बल्लेबाजी करने के बाद कहा कि एक क्रिकेटर के तौर पर मुझे हर मैच में अपना शत-प्रतिशत देना है। कार दुर्घटना के बाद लगभग डेढ़ वर्ष बाद ऋषभ पंत ने जब पहली बार मैदान पर वापसी की थी तब उन्होंने एक कैमियो पारी खेली, लेकिन कल विशाखापत्तनम में खेले गये मैच में पंत अपने पुराने अंदाज में नजर आए। पंत ने 32 गेंदों का सामना करते हुए 51 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। पंत ने धीमी शुरुआत के साथ पहली 23 गेंदों पर 23 रन और उसके बाद अगली आठ गेंदों पर 28 रन ठोक दिये। पंत ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में अपनी वापसी को लेकर कहा, एक क्रिकेटर के तौर पर मैं यह नहीं सोचता कि मैं वापसी कर रहा हूं, मुझे हर दिन अपना शत-प्रतिशत देना है। इसलिए मैंने शुरुआत में अपना समय लिया क्योंकि मैंने पिछले डेढ़ दो साल में पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेली थी। हालांकि उसी समय मेरे मन में यह भी चल रहा था कि मैं आखिर में मैच का रुख बदल सकता हूं। उन्होंने कहा, हां यह इंतजार काफी लंबा था, लेकिन कई बार आपको वही करना होता है जो आप एक क्रिकेटर होने के नाते कर सकते हैं और आपको इन अनुभवों से सीखना होता है। मेरे अंदर यह दृढ़ विश्वास था कि चाहे जिंदगी में कुछ भी हो जाए, मुझे मैदान पर वापसी करना है।

## महिला हॉकी शिविर के लिए 60 सदस्यीय टीम में कई नए और पुराने चेहरे

पुणे, 1 अप्रैल। गोलकीपर सविता पूनिया और फारवर्ड वंदना कटारिया जैसी अनुभवी खिलाड़ियों सहित 60 खिलाड़ी सोमवार से यहां शुरू हुए सात दिन के मूल्यांकन शिविर में भाग ले रहे हैं। इस शिविर के बाद ट्रायल्स होंगे जिसके आधार पर राष्ट्रीय टीम के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस मूल्यांकन शिविर का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) परिसर में किया जा रहा है। भविष्य के कोचिंग शिविर और अंतरराष्ट्रीय दौरों के लिए संभावित खिलाड़ियों की संख्या 33 करने के लिए 6 और 7 अप्रैल को ट्रायल्स का आयोजन किया जाएगा। हॉकी इंडिया ने बयान में कहा,'' पुणे में हाल में संपन्न हुई सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर 60 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। अब इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर करीबी नजर रखी जाएगी और फिर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।'' सभी खिलाड़ी महिला हॉकी टीम की कोच अंकिता बीएस को रिपोर्ट करेंगे जिन्हें यानेक शोपमैन के त्यागपत्र के बाद यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिविर के लिए चुने गए खिलाड़ियों में कई नए चेहरे भी शामिल हैं।

## कोलकाता और राजस्थान के मैच पर संकट के बादल

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। कोलकाता नाइट राइडर्स का 17 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में होने वाला घरेलू मैच अनिश्चितता का सामना कर रहा है। इस मैच को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर विचार कर रहा है। राम नवमी त्योहार के कारण सुरक्षा चिंताओं के चलते राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ निर्धारित मैच को रिलोकेट या रीशेड्यूल किया जा सकता है। टीमों, राज्य संघ और प्रसारकों सहित सभी हितधारकों को संभावित बदलावों के बारे में सूचित कर दिया गया है। बीसीसीआई और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल सुरक्षा मुद्दों को दूर करने के लिए कोलकाता पुलिस के साथ बातचीत कर रहे हैं। अभी तक अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। शेड्यूल को संभावित रूप से समायोजित करने के लिए चर्चा चल रही है। आम चुनाव के साथ बीसीसीआई ने दो चरणों में शेड्यू की घोषणा की थी। होम-अवे प्रारूप को बनाए रखा था और मैचों को देश से बाहर शिफ्ट करने से भी बचा लिया। पहले फेज में बोर्ड ने 21 मैचों के शेड्यू का ऐलान किया था। चुनाव की तारीख आने के बाद 53 मैचों का शेड्यूल जारी किया गया। आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से हुई थी। यह 26 मई तक चलेगा। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला खेला जाना है।

## धीमे ओवर रेट के लिए ऋषभ पंत पर 12 लाख का जुर्माना

विशाखापटनम, 1 अप्रैल। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर विशाखापटनम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कल खेले गए मुकाबले में स्लो ओवर रेट का दोषी पाये जाने पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल द्वारा जारी किए गए मीडिया रिलीज के अनुसार, 31 मार्च को विशाखापटनम के डॉ वाईएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मुक़ाबले में स्लो ओवर रेट के चलते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुर्माना लगाया गया है। इस सत्र में टीम की पहली गलती मानते हुए आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड के तहत पंत पर 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि इस सत्र में इससे पहले गुजरात टाइटंस पर चेन्नई के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के कारण कप्तान शुभमन गिल पर जुर्माना लगाया गया था।

## एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड ने न्यूज़ीलैंड को चार विकेट से हराया

वेलिंगटन, 1 अप्रैल। एमी जोन्स की नाबाद 92 रन और चार्ली डीन के नाबाद 42 रनों की पारी के साथ ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड की महिला टीम को एकदिवसीय मुकाबले में चार विकेट से हरा दिया है। जोन्स और डीन की जोड़ी ने 130 रन की अटूट साझेदारी कर ना केवल अपनी टीम को ऐसे समय संकट से निकाला जब टीम छह विकेट पर 79 रन के स्कोर पर संघर्ष कर रही थी। यह महिला एकदिवसीय मुकाबले में सातवें विकेट या निचले क्रम की सबसे बड़ी साझेदारी है। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में टैमी ब्यूमोंट का विकेट गवां दिया। माया बाउचर 31 रन, हैदर नाइट 12 रन, नेट साइवर ब्रंट 12 रन और डैनी व्याट 16 रन बनाकर आउट हुई। इंग्लैंड ने एक समय एक के बाद एक अपने छह विकेट 79 के स्कोर पर गवां दिये। उसके बाद एमी जोन्स और चार्ली डीन की महत्वपूर्ण साझेदारी के जरिए पारी को संभाला और टीम को 41.2 ओवर में छह विकेट पर 209 रन बनाकर टीम को चार विकेट से जीत दिला दी।

इससे पहले इंग्लैंड की लॉरेन बेल और चार्जी डीन की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड को 48.2 ओवर में 207 रनों पर समेट दिया था। न्यूजीलैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज सुजी बेट्स ने सर्वाधिक 50 रनों की पारी खेली, बर्नाडाइन बेजुइडेनहौट 35 रन बनाये। अमेलिया केर 24 रन, जॉर्जिया प्लिमर 17 रन, इसाबेला गाजे 18 रन और हन्ना रोवे 16 रन बनाकर आउट हुयी।

## मीराबाई चानू को मिला पेरिस ओलिंपिक का टिकट



नई दिल्ली, 1 अप्रैल। टोक्यो ओलिंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलिंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है।

अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलिंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं। भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलिंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है। क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा विश्व कप के समापन के बाद होगी जब ओक्यूआर अपडेट किया जाएगा। प्रत्येक भार वर्ग से शीर्ष 10 भारोत्तोलक पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे। मीराबाई ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल सितंबर में एशियाई खेलों में भाग लिया था जहां वह चोटिल हो गई थी। वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन उन्होंने पांच बार वजन उठाने में कोई गलती नहीं की।

बांग्लादेश के टीम श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैच खेल रही है। मैच के हर दिन कुछ अजीबोगरीब देखने को मिल रहा है। बांग्लादेश की टीम कुछ न कुछ ऐसा कर दो रही है जिससे किसी की हंसी नहीं रुकती। पहले दिन गेंद बीच बैट पर लगने के बाद भी बांग्लादेशी कप्तान ने डीआरएस ले लिया। दूसरे दिन एक कैच तीन फील्डर के पास गई और तीनों ने उसे ड्रॉप कर दिया। अब मैच के तीसरे दिन भी बांग्लादेश टीम ने कुछ ऐसा किया, जो पहले शायद ही कभी देखा गया होगा।

क्रिकेट के मैदान पर जब बॉल गैप में जाती है तो एक या दो फील्डर उसे पकड़ने के लिए भागते हैं। एक अगर डाइव मारकर पकड़ता है तो दूसरे जल्दी से उसे विकेटकीपर की तरफ थ्रो कर देता है। लेकिन 21वें ओवर में श्रीलंका के एंजलो मैथ्यूज ने गली की तरफ शॉट खेला। यह चौथी स्लिप पर खड़े फील्डर के बाईं तरफ से बाउंड्री की तरफ गई। गेंद को पकड़ने के लिए स्लिप में खड़े चारों फील्डर के साथ ही पॉइंट के फील्डर भी भागने लगे।

## जीत के बाद पंत ने लिखा इमोशनल पोट्स, धोनी को लगाया गले




नई दिल्ली, 1 अप्रैल। आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स मैच के बाद पूरे स्टेडियम का माहौल देखने लायक था। दरअसल, विशाखापट्टनम में दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी में खेले गए । इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा, जो इस सीजन में उनकी पहली हार भी है। लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स की हार के बावजूद स्टेडियम में मौजूद हर सीएसके फैन खुशी से नाच रहा था इसकी वजह महेंद्र सिंह धोनी की बैटिंग थी।

धोनी ने इस पारी के दौरान चार चौके और तीन छक्के लगाए। हालांकि, उनकी पारी भी चेन्नई को जीत नहीं दिला सकी। दिल्ली कप्तान ऋषभ पंत ने बहुत ही अच्छी विकेटकीपिंग के साथ कप्तानी भी की। साल 2022 के आखिर में एक्सिडेंट के बाद पंत आईपीएल 2023 में हिस्सा नहीं ले पाए थे और आईपीएल 2024 के साथ ही उन्होंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। पंत ने इस दौरान 31 गेंदों में 51 रनों की बेहतरीन पारी खेली। पंत के लिए ये पारी बेहद अहम थी।

आईपीएल 2024 के पहले दो मैचों में उनका बल्ला कुछ खास नहीं चला। पिछले मैच में रॉयल्सल के खिलाफ उन्होंने 26 गेंद में 28 रन बनाए। वहीं सीएसके के खिलाफ जीत के बाद ट्विटर पर उन्होंने लिखा, हर रोज मैदान पर उतरना मुझे बहुत ज्यादा खुशी दे रहा है। जिससे प्यार हो, वही करना लग्जरी है। हमेशा शुक्रगुजार रहना चाहिए। किसी भी चीज को कम नहीं आंकना चाहिए। सबने मिलकर दमदार प्रदर्शन किया। अपना सिर नीचे करके हमें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते जाना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी का बयान, कहा-

## अगर आप पंत से प्रेरित नहीं हो, तो आप सच्चे इंसान नहीं हो

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन का मानना है कि अगर ऋषभ पंत की भयावह सड़क दुर्घटना में चोटिल होने से लेकर अब एक हाथ से छक्के जड़ने की 15 महीने की यात्रा किसी को प्रेरित नहीं करती है तो वह संभवत: सच्चा इंसान नहीं है। यह 26 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गया था और इस बार उन्होंने आईपीएल में शानदार वापसी की। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को उन्होंने इस सत्र का पहला अर्धशतक जमाया। अपनी इस पारी के दौरान पंत ने चार चौके और तीन छक्के लगाए। इनमें से एक छक्का उन्होंने एक हाथ के सहारे लगाया। वाटसन ने जिओ सिनेमा से कहा,'' यह प्रेरणादायक रहा, इसमें कोई संदेह नहीं। वह जिस तरह की परिस्थितियों से गुजरे हैं उसे देखते हुए उनकी इस तरह की बल्लेबाजी अविश्वसनीय है।'' उन्होंने कहा,''अगर आप ऋषभ पंत से प्रेरित नहीं हैं, तो फिर आप सच्चे इंसान नहीं हो। उन्हें क्रीज पर पांव जमाने में थोड़ा समय लगा लेकिन जब वह उस चरण से गुजर गए तो फिर उन्होंने ऋषभ पंत की शैली में शॉट खेले और यह वास्तव में असाधारण था।

## देश में फुटबॉल की प्रतिभाओं और तलाशने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए ड्रीम स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप के लांच की घोषणा

मुंबई, 1 अप्रैल। देश में फुटबॉल की प्रतिभाओं और तलाशने और उन्हे प्रोत्साहित करने के मकसद से ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने सोमवार को ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डीएससी) के लॉन्च की घोषणा की।

अप्रैल और मई में राष्ट्रीय स्तर की इस चैंपियनशिप में देश के छह प्रमुख फुटबॉल सेंटर शामिल होंगे। प्रमुख एआईएफएफ-मान्यता प्राप्त क्लबों और अकादमियों की टीमों को लेकर आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता भारतीय फुटबॉल में यूथ-बेस्ड कम्पटीशन को ऊपर उठाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की भागीदारी के साथ यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को जून में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए चयन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

लीग के लॉन्च पर ड्रीम स्पोर्ट्स के सीओओ और सह-संस्थापक भावित शेठ ने कहा, हमारा मानना है कि विश्व स्तरीय चैंपियन बनाने का रास्ता दीर्घकालिक और टिकाऊ प्रोग्राम पर निर्भर करता है। हमारे पहले से मौजूद जमीनी स्तर के प्रशिक्षण और मेंटरशिप प्रोग्राम्स के अलावा, हमने अब ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के माध्यम से हाई क्वालिटी कम्पटीशन और युवा प्रतिभा की पहचान के रास्ते जोड़े हैं। आशा करते हैं कि डीएससी भविष्य के राष्ट्रीय चैंपियनों की पहचान के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड बनेगा।

आगामी 2024 फुटबॉल संस्करण में भाग लेने वाली टीमें रिजनल राउंड फेज के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। मुंबई, दिल्ली, शिलांग, कोलकाता, बेंगलुरु और गोवा में एक से 18 अप्रैल तक आयोजित इस टूर्नामेंट के शीर्ष आठ टीमें मई में राष्ट्रीय फाइनल के लिए मुंबई पहुंचेंगी। विशेष रूप से, नेशनल राउंड्स का फैनकोड पर सीधा प्रसारण किया जाएगा।

## आईपीएल में 250 मैच खेलने वाली पहली टीम बनी मुंबई इंडियंस

मुंबई, 1 अप्रैल। मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2024 का 14वां मैच खेला जा रहा है। मुंबई आईपीएस की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। वहीं उनके नाम अब एक खास रिकॉर्ड भी है। दरअसल, वह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली टीम बन गई है। आरआर के खिलाफ मुंबई का यह आईपीएल में 250वां मैच है। आज तक आईपीएल में किसी फ्रेंचाइजी ने इतने मैच नहीं खेले हैं। आइये जानते हैं आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली टीमों के बारे में।




## कानपुर यूनिवर्सिटी ने जलगांव यूनिवर्सिटी को सुपर ओवर में 2 रन से हराया

झुंझुनूं, 1 अप्रैल। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष वर्ग) चैंपियनशिप के तीसरे दिन छत्रपति साहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर और कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव के बीच रोचक मुकाबला सुपर ओवर तक खिंचा, जहां कानपुर यूनिवर्सिटी ने जलगांव यूनिवर्सिटी को 2 रन से हरा दिया।

वहीं दूसरे मुकाबले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी सीकर ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला को 45 रन से शिकस्त दी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट को 9 विकेट से हराया। पूल बी के मुकाबले में छत्रपति साहू जी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर ने टॉस जीतकर कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जलगांव यूनिवर्सिटी ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 163 रन बनाए। इसमें नीरज जोशी ने 49 रन और तुषार ने 42 रन का योगदान दिया।

कानपुर यूनिवर्सिटी की ओर से अमन यादव ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर यूनिवर्सिटी ने 4 ओवर में 32 रन पर अपना पहला विकेट गंवाया। इसके बाद आदेश के 38 गेंद पर खेली गई अर्धशतकीय 54 रन की पारी और अमन की 27 गेंद पर 40 रन की पारी के बूते पर 7 विकेट खोकर 163 रन बनाते हुए मैच को टाई करवा लिया। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर यूनिवर्सिटी ने 22 रन बनाए, जिसके जवाब में जलगांव यूनिवर्सिटी 20 रन ही बना सकी और इस रोमांचक मैच को 2 रन से हार गई। पूल डी के मुकाबले में हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी सीकर ने मनीष घडवाल के 24 गेंद पर 33 रन और ध्रुव खंडेलवाल के 23 गेंद पर 28 रन की बदौलत 20 ओवर में 146 रन पर ऑल आउट हो गई। एचपीयू यूनिवर्सिटी शिमला की ओर से आदित्य ने 34 रन देकर 3 विकेट, दलीप ने 15 रन देकर 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा कर रही एचपीयू यूनिवर्सिटी शिमला की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 101 रन ही बना पाई और पीडीयूएस यूनिवर्सिटी सीकर ने मुकाबला 45 रन से जीत लिया।

## मैच का चौथा दिन गेंदबाजों का रहा, श्रीलंका ने मैच पर बनाई पकड़

चटगांव, 1 अप्रैल। बंगलादेश और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजों का बोलबाला रहा। दूसरी पारी में लगातार गिरते हुए विकेटों के बीच श्रीलंका ने छह विकेट पर 102 रन बना लिये है और उसकी बढ़त 455 रनों हो गई है। दिन का खेल समाप्त होने तक एंजलो मैथ्यूज नाबाद 39 रन और प्रभात जयसूर्या नाबाद तीन रन पर क्रीज पर मौजूद थे।

जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में टेस्ट मैच के तीसरे दिन श्रीलंकाई गेंदबाजों असिथा फर्नांडो के चार विकेट, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और प्रभात जयसूर्या ने दो-दो विकेट चटाते हुए बंगलादेश की पहली पारी को 178 रन पर समेट दिया। उसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। उसके बल्लेबाजों की बंगलादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद और खालिद अहमद ने खूब खबर ली और किसी को भी पिच पर टिकने नहीं दिया। हसन महमूद ने 51 रन देकर चार विकेट और खलिद अहमद 29 रन देकर दो विकेट की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर मैच पर पकड़ बनाने का प्रयास करते देखे गये।

श्रीलंका ने पहली पारी में कुसल मेंडिस 93 रन, कामिंडु मेंडिस नाबाद 92 रन, दिमुथ करुणारत्ने 86रन, कप्तान धनंजय डीसिल्वा 70 रन और दिनेश चांदीमल 59 रनों की शानदार परियों के दम पर 531 रन बनाये थे और बाद में उसके गेंदबाजों ने बंगलादेश को पहली पारी में तीसरे दिन 178 रन पर समेट दिया था। बंगलादेश की ओर से ज़ाकिर हसन ने 54 रन, मोमिनुल हक 33 रन, तैजुल इस्लाम 22 और महमुदुल हसन जॉय 21रन बनाकर आउट हुये। श्रीलंका को पहली पारी के आधार पर 353 रन की बढ़त मिल गई थी।

श्रीलंका की दूसरी पारी में शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ओवर में ओपनर दिमुथ करुणारत्ने चार का विकेट गवां दिया। इसके बाद खालिद अहमद ने तीसरे ओवर में कुसल मेंडिस दो रन को बोल्ड आउट किया। निशान मदुश्का 34रन बनाकर आउट हुये। दिनेश चांडीमल और कामिंदु मेंडिस नौ-नौ रन बनाकर आउट हुये। श्रीलंका ने छह विकेट 102 रन बना लिये है अब चौथे दिन देखना होगा कि मैथ्यूज और जयसूर्या श्रीलंका की बढ़त का कहां तक लेकर जाते है।



*अमित शाह जयपुर के बाद सोमवार को सीधे जोधपुर पहँचे। जहाँ एक होटल में उन्होंने भाजपा कोर कमेटी की पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, इसके पश्चात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गृह मंत्री अमित शाह का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया।*

# भाजपा के शीर्ष नेताओं का तूफानी प्रचार शुरु, विपक्षी नेताओं के कार्यक्रम अभी तय नहीं

- **प्रधानमंत्री मोदी कई प्रदेशों में रोड शो कर रहे हैं, अमित शाह मंगलवार को यू.पी. जायेंगे उसके बाद थोड़ा समय निकालकर कर्नाटक जाकर रोड शो करेंगे**
- **सपा, बसपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का प्रचार का कोई कार्यक्रम अभी घोषित नहीं हुआ है।**

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाजपा अन्य पार्टियों से कोसों आगे नज़र आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ से जहां चुनावी रैली करके प्रचार अभियान का बिगुल फूंका तो वहीं पार्टी के दूसरे शीर्ष नेताओं के कार्यक्रम भी शुरू हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बाद अब गृहमंत्री अमित शाह 3 अप्रैल को मुजफ्फरनगर में रैली करने वाले हैं, पर सत्तारूढ़ एन.डी.ए. को चुनौती देने वाले विपक्ष के नेताओं के अभी प्रचार के मैदान में उतरने का इंतजार है। सपा, बसपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का प्रचार का कोई कार्यक्रम अभी घोषित नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री के 31 मार्च को मेरठ में गठबंधन के सहयोगियों के साथ रैली के बाद भाजपा ने ज़मीनी प्रचार तेज़ कर दिया है। अमित शाह 3 अप्रैल को मुजफ्फरनगर में रैली करेंगे। इस रैली में जयंत चौधरी भी मौजूद रहेंगे। पश्चिमी यूपी के लिहाज से मुजफ्फरनगर में होने वाली रैली अहम है। वहीं प्रधानमंत्री के प्रस्तावित प्रचार कार्यक्रमों के लिए यूपी यूनिट को सक्रिय कर दिया गया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रचार अभियान को तेज़ करते हुए रोज़ 3-4 प्रबुद्ध सम्मेलन कर रहे हैं। इस बीच यूपी में विपक्ष के बड़े चेहरे अभी भी प्रचार मैदान में नहीं उतरे हैं। यहां तक कि विपक्षी दलों ने अपने शीर्ष नेताओं के कार्यक्रम भी जारी नहीं किए हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण के नामांकन का दौर शुरू हो चुका है। सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों में सभी 80 सीटों को जीतने के नारे के साथ भाजपा ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। यूपी से चुनाव शुरुआत होती है तो पश्चिमी यूपी की सियासी ज़मीन ही भाजपा के लिए चुनौती रही है। समाजवादी पार्टी से राहें अलग करते हुए भाजपा के साथ जयंत चौधरी आ गए हैं। मेरठ की रैली के भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जयंत और एन.डी.ए. के दूसरे सभी सहयोगियों ने ताल ठोक कर शक्ति प्रदर्शन किया। वहीं प्रचार सभा से अभी तक विपक्षी दलों के शीर्ष नेता गैरमौजूद दिख रहे हैं।

दरअसल, दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन ने 31 मार्च को एकजुटता का प्रदर्शन करने हुए हुंकार भरी। बताया गया था कि इसके बाद विपक्षी दल प्रचार के लिए रैली करेंगे। लेकिन अब तक इन शीर्ष नेताओं की रैली या प्रचार का कार्यक्रम का कोई शेड्यूल नहीं जारी किया गया। यहां तक कि खुद इन दलों के घोषित प्रत्याशियों को भी अपने पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रचार कार्यक्रम का इंतज़ार है। सपा ने प्रत्याशियों की घोषणा के सबसे पहले तेजी दिखाई थी। स्टार प्रचारकों की लिस्ट भी जारी कर दी। पर अब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी के किसी अन्य नेता का कोई कार्यक्रम जारी नहीं किया गया। यहां तक कि शिवपाल सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव ने भी अब तक प्रचार के लिए कोई जनसभा नहीं की।

# चुनाव तैयारियों के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जोधपुर पहुंचे

## शाह ने जोधपुर, पाली, जैसलमेर-बाड़मेर, जालौर-सिरोही लोकसभा सीटों की कोर कमेटियों की संयुक्त बैठक ली

- **बैठक बेहद गोपनीय थी, मीडिया को इससे दूर रखा गया।**
- **कहा जा रहा है कि, शाह ने सभी प्रत्याशियों से एक-एक कर मुलाकात की और फीडबैक लिया।**
- **बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत किया। बैठक में प्रदेश के चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, राज्यमंत्री के.के. विश्नोई के अलावा कई अन्य नेता भी मौजूद थे।**

जोधपुर, 1 अप्रेल (कासं)। लोकसभा चुनाव 2024 में राजस्थान में मिशन 25 को सफल करने के लिए भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश में तूफानी दौरे कर रहा है।

इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को जोधपुर पहुंचे जहां उन्होंने जोधपुर लोकसभा क्षेत्र सहित पाली, बाड़मेर-जैसलमेर, जालौर-सिरोही लोकसभा क्षेत्रों की संयुक्त कोर कमेटी की बैठक में भाग लिया।

बैठक की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके हुई, जिसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अमित शाह का दुपट्टा ओढ़ा कर स्वागत किया।

राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों में जोधपुर लोकसभा सीट हॉट सीटों में एक है। इस सीट से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं और कांग्रेस ने राजपूत प्रत्याशी पर दांव खेलते हुए करण सिंह उचियारड़ा को मैदान में उतार कर मुक़ाबले को रोचक बना दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस माहौल को भांपते हुए कोर कमेटी की बैठक में जीत के कई मूल मंत्र भी दिए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त कोर कमेटी की इस बैठक से मीडिया को भी अलग रखा गया।

कहा जा रहा है कि, चारों लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी तैयारियों को लेकर गृह मंत्री एक-एक करके भाजपा प्रत्याशियों से फीडबैक भी ले रहे हैं। इस संयुक्त बैठक में राजस्थान सरकार के चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई के अलावा भाजपा के जनप्रतिनिधि और चारों लोकसभा क्षेत्रों के विधायक और लोकसभा प्रत्याशी भी मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। कार्यक्रम स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाने को भी प्रतिबंधित किया गया है।

प्रधानमंत्री की जनसभा को देखते हुये जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर वाहनों को डाईवर्ट किया गया है। एस.पी. वंदिता राणा ने बताया कि, दिल्ली से जयपुर की ओर जाने वाले वाहन बहरोड चौराहे से वाया ततारपुर, विराटनगर होते हुये अलवर तिराहे से जयपुर की ओर जायेगें। वहीं जयपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन मनोहरपुर से पहले दौसा बाईपास अथवा अलवर तिराहे से विराटनगर, ततारपुर होकर बहरोड चौराहे से दिल्ली की ओर जायेगें।

जयपुर से दिल्ली व दिल्ली से जयपुर की ओर जाने वाले गुड्स वाहनों एवं निजी वाहनों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। मंगलवार को अलवर तिराहे से वाया कोटपूतली-बहरोड के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 48 पर ट्रैफिक संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। केवल प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने आने वाले वाहनों को ही अनुमति दी गई है।

# आंदोलनरत किसान की मौत की ज्यूडिशियल जांच के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज

## सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार की याचिका खारिज की

- **हरियाणा सरकार ने याचिका में दलील दी थी कि, मामले की ज्युडिशियल जांच के आदेश से पुलिस के मनोबल पर विपरीत असर पड़ेगा इसलिए कोर्ट यह आदेश वापस ले ले।**

नई दिल्ली, 1 अप्रैल (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार के खिलाफ पंजाब-हरियाणा सीमा पर प्रदर्शन के दौरान एक 22 वर्षीय किसान की कथित तौर पर पुलिस की गोली लगने से मौत मामले में उच्च न्यायालय की ओर से दिये गये न्यायिक जांच के आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।

यह युवक केंद्र सरकार से अपने फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने का कानून लागू करने की मांग को लेकर पंजाब-हरियाणा सीमा पर आंदोलन करने वाले किसानों में शामिल था।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने हरियाणा सरकार की यह दलील कि उच्च न्यायालय के आदेश से पुलिस बल के मनोबल पर असर पड़ेगा, खारिज करते हुए कहा कि इस आशंका (मनोबल गिरने का) का कोई आधार नहीं है।

पीठ ने कहा कि न्यायिक जांच के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वालों के पास "कुछ वास्तविक आशंकाएं" हैं।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने आंदोलनकारी किसान की मौत के मामले की जांच के लिए उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश और दो अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) की एक समिति गठित करने का आदेश पारित किया था। न्यायालय ने यह आदेश सात फरवरी को दिया था।

शीर्ष अदालत की पीठ के समक्ष हरियाणा सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी थी कि जांच के आदेश से पुलिस बल के मनोबल पर असर पड़ेगा।

## केजरीवाल को ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

टी.वी. चैनल, जिसमें समाचार, मनोरंजन, खेल शामिल हैं, देख सकेंगे। भोजन और कोठरी में बंद होने के दौरान यह सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। आपातकालीन स्थिति में वे डॉक्टर और अन्य चिकित्सकीय कर्मचारियों के पास जा सकेंगे।

## ज्ञानवापी के दक्षिणी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बरकरार था और सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इंकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्ज़िद कमेटी की उस अपील पर नोटिस जारी किया था जिसमें ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में मस्ज़िद कमेटी ने अपील की थी जिसे हाई कोर्ट ने खारिज़ कर दिया था।

हाई कोर्ट ने मस्ज़िद कमेटी की उस अपील को पिछले फरवरी में खारिज़ कर दिया था जिसमें जिला कोर्ट के 31 जनवरी के फैसले को चुनौती दी गई थी उसमें हिन्दू पक्षकारों को तहखाना में हिन्दुओं का पूजा पाठ करने की इजाज़त प्रदान की गई थी।

याचिका को खारिज़ करते समय कोर्ट ने कहा था कि काशी विश्वनाथ मंदिर से जुड़वा, मस्ज़िद परिसर क दक्षिणी तहखाने में वर्ष 1993 में राज्य सरकार द्वारा पूजा पर रोक लगाने की कार्यवाही "अवैध" थी।

इसके छः दिन बाद इसने वादियों को भारतीय सर्वेक्षण विभाग की रिपोर्ट की प्रतियां सौंपे जाने के 6 दिन बाद वाराणसी जिला अदालत ने 31 जनवरी को एक पुजारी को मस्ज़िद परिसर में दक्षिणी तहखाने में पूजा की अनुमति दे दी थी।

उक्त रिपोर्ट में कहा गया था कि मस्ज़िद निर्माण से पहले यहां मंदिर था।

## 'लोकसभा चुनाव ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में एक बयान देना चाहता हूँ। कांग्रेस एक राजनैतिक दल है और इस समय चुनाव चल रहे हैं। इसलिए हम पार्टी के विरूद्ध कोई जोर जबरदस्ती की कार्यवाही नहीं करेंगे।"

इस आश्वासन के प्रत्युत्तर में कांग्रेस की इस मामले में पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने विभाग के इस निर्णय की प्रशंसा की और इसे "दयापूर्ण" बताया। सिंघवी ने खुलासा किया कि, कुल 3500 करोड़ रूपये से ऊपर की टैक्स मांग के नोटिस कांग्रेस को मार्च में तथा इससे पूर्व के वर्षों में दिए गए थे। कांग्रेस ने यह खुलासा किया कि, उसे ये मांग वाले नोटिस आयकर विभाग से अभी मिले हैं, जिसमें कर निर्धारण वर्ष 2014-15 से 2016-17 की कर मांग 1745 करोड़ रूपये दर्शाई गई है जो कि कुल मांग 3500 करोड़ रूपये से अधिक की बनती है।

# शेफाली शरण पी.आई.बी. की नई प्रमुख बनीं

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अप्रैल। शैफाली बी. शरण ने सोमवार को प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो में प्रधान महानिदेशक (पी.डी.जी.) के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। यह पद मनीष देसाई के 31 मार्च को सेवानिवृत होने से रिक्त हुआ है। शरण भारतीय सूचना सेवा के 1990 बैच की अधिकारी है। तीन दशकों के अधिक के शानदार कैरियर के दौरान, उनके पास वित्त, स्वास्थ्य एवं सूचना व प्रसारण विभाग रहा है।

- **मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद प्रैस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पी.आई.बी.) की प्रमुख बनने वाली शेफाली पहली महिला अधिकारी हैं।**

वे चुनाव आयोग के प्रवक्ता के पद पर भी कार्य कर चुकी है। शरण ऐसी प्रथम महिला अधिकारी हैं, जो मोदी सरकार के 2014 में सत्ता में आने के बाद पी.आई.बी. की प्रमुख बनी हैं और इस पद पर अब तक नियुक्त होने वाली वे पांचवी महिला हैं उनसे पूर्व नीलम कपूर, दीपक संधू, शकुन्तला महवाल एवं एन.जे. कृष्णा इस पद पर रह चुकी हैं।

# भावनात्मक मुद्दे की भाजपा की ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

को सौंप दिया। मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने भारत की एकता एवं अखंडता को कमज़ोर किया है तथा पिछले 75 सालों से यही उसकी कार्यशैली रही है, जो अब भी जारी है।

मोदी की टिप्पणी पर कांग्रेस का कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उसके नेताओं ने जबर्दस्त पलटवार किया। पूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम ने सवाल किया कि जिस मुद्दे का वर्ष 1974 में समाधान कर लिया गया था, उसे अब क्यों उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी सरकार ने लाखों तमिलों की मदद के लिए श्रीलंका की सरकार के साथ वार्ता की थी, जिसमें यह तय हुआ कि कच्चातिवु द्वीप पर श्रीलंका का हक है। उसके बदले में 6 लाख तमिल भारत लौटे थे। वे यहां आए। अब उनके बच्चे और पोते-पोतियां भी यहां हैं और चैन से रह रहे हैं। यह मुद्दा 50 साल पहले खत्म हो चुका था।

प्रधानमंत्री पर पलटवार करते हुए चिदम्बरम ने कहा कि भारत की 2000 वर्ग किमी. भूमि चीन की सेना ने हथिया ली है फिर भी प्रधानमंत्री बीजिंग को क्लीन चिट देते हुए कहते हैं कि भारतीय क्षेत्र में चीन की सेना की कोई मौजूदगी नहीं है और भारत का कोई भी हिस्सा चीन के अधिकार में नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को 50 वर्ष पहले के घटनाक्रम के बजाए पिछले दो-तीन वर्षों के घटनाक्रम पर बात करनी चाहिए।

कांग्रेस नेता भारतीय विदेश मंत्रालय के एक आर.टी.आई. प्रत्युत्तर का भी हवाला दे रहे हैं। उसमें विदेश सचिव एवं वर्तमान में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस द्वीप के हस्तांतरण को न्यायोचित बताया था। कच्चातिवु द्वीप को लेकर लिए गए उनके यू-टर्न पर अब कई लोग सवाल उठा रह हैं।

तमिलनाडू के राजनीतिक विश्लेषकों को इस द्वीप के मुद्दे पर कोई अधिक आकर्षण नज़र नहीं आता। तमिलनाडू में हुए कई ओपीनियन पोल्स इण्डिया गठबंधन के क्लीन स्वीप का संकेत देते हैं। सर्वेक्षणों में यहाँ सारी की सारी 39 सीटों पर उसकी जीत बतायी गई है। इण्डिया टुडे टी.वी. पोल ट्रैकर ने सभी 39 सीटों पर इण्डिया गठबंधन की विजय बतायी है और अन्य टी.वी. चैनल्स ने कुछ सीटों पर अन्नाद्रमुक की जीत बतायी है, किन्तु उनमें भी एन.डी.ए. गठबंधन का खाता नहीं खुलना बताया गया है।

अन्नाद्रमुक और एन.डी.ए. के बीच यदि कोई गठबंधन हो जाता है तो यह द्रमुक का यह बड़ी ताकत से मुकाबला कर सकता था, लेकिन इस बारे में कुछ माह पूर्व ही बातचीत विफल हो गई थी।

लोकल मीडिया थांथी टी.वी. को दिए गए साक्षात्कार में मोदी ने कहा कि "तमिलनाडू की जनता ने इस बार भाजपा-एन.डी.ए. को वोट देने का फैसला किया है। भाजपा को इस बात का कोई अफसोस नहीं है कि अन्नाद्रमुक एन.डी.ए. का हिस्सा नहीं है। उसे (अन्नाद्रमुक को) भाजपा का हिस्सा ना बन पाने का अफसोस करना चाहिए क्योंकि ऐसा ना करके उसने पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता के सपनों को ध्वस्त कर दिया है।

तमिलनाडू के कुल 39 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल का एक ही दिन वोटिंग होगी।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव वोट शेयर की बात की जाए तो इण्डिया गठबंधन की पार्टियों का 53 प्रतिशत, एन.डी.ए. को 10 प्रतिशत और अन्नाद्रमुक गठबंधन का वोट शेयर 21 प्रतिशत रहा था। एन.डी.ए. का कम वोट शेयर और चुनाव के त्रिकोणीय मुकाबले से द्रमुक विरोधी वोटों का बिखराव होगा जिसका लाभ इण्डिया गठबंधन को मिलेगा।

## पंजाब के पूर्व ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उपस्थिति में कांग्रेस जॉइन कर ली। लोकसभा चुनावों से पहले धर्मवीर गांधी का कांग्रेस में आना पार्टी के लिए शुभ संकेत है। समझा जाता है कि धर्मवीर पटियाला से कांग्रेस के प्रत्याशी होंगे।

धर्मवीर गांधी ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में "आप" प्रत्याशी के रुप में प्रणीत कौर को हराकर चुनाव जीता था। गांधी, जो कि पेशे से डॉक्टर हैं, ने वर्ष 2016 में "आप" छोड़कर अपनी पार्टी "द नवन पंजाब पार्टी" का गठन किया था, जिसका उन्होंने सोमवार को कांग्रेस में विलय कर दिया।

# सरकार बदलते ही बिल्डर्स व अन्य बिज़नैसमैन के झूठे-सच्चे, ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

2021 को कंपनी में हुए एक अनुबंधन के अनुसार अशोक मूंदडा को उनके पास गिरवी रखे शेयर को वापस एस.एन. गुप्ता को सौंपना था और इसके लिए शेयर के एवज में अशोक मूंदडा को कंपनी की कुल संपत्ति में से एक लाख वर्ग गज़ ज़मीन सौंपी गई थी। लेकिन अशोक मूंदडा ने कंपनी के एम.ओ.यू. के विरूद्ध जाते हुए, कभी भी गिरवी रखे शेयर एस.एन. गुप्ता को नहीं लौटाये।

निदेशक और निवेशक के बीच उत्पन्न हुआ यह विवाद वर्ष 2022 में जयपुर स्थित नैशनल कम्पनी लॉ ट्रीब्यूनल में पहुंच गया, जहां एस.एन. गुप्ता ने सिल्वर सॉइल के अन्य निदेशकों पर आरोप लगाया कि कम्पनी में हुए एग्रीमैंट/ एम.ओ.यू. के विरुद्ध में उन्हें कम्पनी में हिस्सेदारी नहीं दी गई, बल्कि अशोक मूंदडा ने उनके खिलाफ कई बेबुनियाद व फर्जी एफ.आई.आर. दर्ज कराई। प्रशासनिक अधिकारियों की मदद से ऐसा दबाव का माहौल बनाया जिससे जबरन उनसे कई दस्तावेज व खाली पेपर हस्ताक्षरित करवा लिए गए। एस.एन. गुप्ता ने अदालत को यह भी बताया की फर्जी एफ.आई.आर. दर्ज कराए जाने की सूचना उन्होंने पुलिस में कई वरिष्ठ अफसरों को भी दी थी, परंतु किसी ने भी उनकी कोई सहायता नहीं की। इसी मामले में टी.सी. चौधरी और अशोक मूंदडा (जिन्होंने अदालत के समक्ष स्वयं को सिल्वर सॉइल का निदेशक बताया) द्वारा कहा गया कि 19 जनवरी 2022 को एक बोर्ड मीटिंग में एस.एन. गुप्ता का कम्पनी के निदेशक के पद से इस्तीफा, स्वीकार कर लिया गया था। जो दिनांक 18 जनवरी 2022 को दिया गया था, उनकी ओर से यह भी कहा गया कि उससे एक दिन पूर्व ही, 17 जनवरी 2022 की बोर्ड मीटिंग में यह तय कर लिया गया था कि कम्पनी के अन्य दो निदेशकों (टी.सी. चौधरी और अशोक मूंदडा) के हस्ताक्षर व सहमति से उक्त कम्पनी की सम्पत्तियों का बेचान किया जा सकता है और नई सम्पत्ति भी खरीदी जा सकेंगी। इस पर पलट कर अदालत में एस.एन. गुप्ता की ओर से कहा गया कि एक कम्पनी की दो बोर्ड मीटिंग दो या तीन दिन में नहीं की जा सकतीं। उनकी ओर से बताया गया कि, कम्पनीज़ एक्ट, 2013 की धारा 173 (3) के तहत कम्पनी की दो बोर्ड मीटिंग के बीच कम से कम एक सप्ताह का समय होना अनिवार्य है क्योंकि हर बोर्ड मीटिंग का अलग से एजेंडा तैयार किया जाता है और उसके बाद ही मीटिंग के लिए निदेशकों को नोटिस भेजा जाता है। इस तथ्य को दर्शाकर एस.एन. गुप्ता ने अदालत को यह बताना चाहा कि 17 व 19 जनवरी को कम्पनी की कोई बोर्ड मीटिंग की बैठक नहीं हुई थी। बल्कि उन पर दबाव बनाकर जो खाली पेपर हस्ताक्षरित करवाए गए थे, बाद में उन्हीं पेपर की मदद से, यह दर्शाया गया कि उन्होंने कम्पनी में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और यह कि कम्पनी की सम्पत्तियों का बेचान उनकी सहमति के बगैर भी किया जा सकता है। अदालत ने इन सब तथ्यों को सुनने के बाद एक मार्च 2022 को आदेश पारित किए थे कि कम्पनी में सभी निदेशकों के बीच हिस्सेदारी की यथास्थिति बरकरार रखी जाए और इसमें कोई बदलाव नहीं किए जाएं जब तक कि अदालत का अंतिम फैसला नहीं आ जाता। अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि कम्पनी के अन्य निदेशक टी.सी. चौधरी, 17 से 19 जनवरी के बीच हुई बोर्ड मीटिंग के एजेंडा व नोटिस अदालत में पेश करें। अदालत ने यह भी आदेश दिए कि उसको सूचित किए बगैर व उसकी आज्ञा लिए बगैर उक्त कम्पनी की सम्पत्ति का बेचान नहीं किया जाए। आदेश में यह भी निर्देशित था कि अशोक मूंदडा किसी भी दस्तावेज़ या मीटिंग में स्वयं को सिल्वर सॉइल कंपनी में अतिरिक्त निदेशक नहीं दर्शा सकते।

एस.एन. गुप्ता के अनुसार हैरानी की बात है कि, सभी पक्षकारों की ओर से अदालत में उनके प्रतिनिधि व अधिवक्ता मौजूद थे पर फिर भी एक मार्च को सिल्वर सॉइल इंडस्ट्रीयल पार्क की 82,588.40 वर्ग गज़ ज़मीन बेचकर दो मार्च को उसकी 'सेलडीड' की रजिस्ट्री भी की गई। एस.एन.गुप्ता ने आगे बताया कि उनके अनुसार उक्त भूमि का मूल्य (कंपनी में हुए समझौते, एग्रीमेंट) में दर्शायी दरों के अनुसार 77 करोड़ 20 लाख रुपये होना चाहिए था, परंतु उक्त भूमि की 'सेल' व उसकी 'रजिस्ट्री' 30 करोड़ रुपये से भी कम की दिखाई गई है। उन्होंने बताया कि कई खसरों और प्लॉट्स की डी.एल.सी. रेट से भी कम दर पर सेल और रजिस्ट्री दिखाई गई है।

एस.एन. गुप्ता का यह भी कहना है कि यह बेचान केवल कागज़ों में दिखाया गया है क्योंकि उक्त संपत्ति के बेचान के लिए जो "चैक्स" दर्शाए गए हैं, उनसे ना तो अशोक मूंदड़ा और ना ही टी.सी. चौधरी को कोई राशि मिली है। और उक्त संपत्ति के बेचान से सिल्वर सॉइल कंपनी में भी कोई पैसा नहीं आया है। जिस पर सवाल उठता है कि अशोक मूंदडा और टी.सी. चौधरी ने किसके नाम इस सम्पत्ति का बेचान किया और क्यों? एस.एन. गुप्ता का इस संबंध में कहना है कि इस प्रकरण में एक अहम् भूमिका भवानी शंकर सामोता की है, जो कि टी.सी. चौधरी के रिश्तेदार है, जिनके राजनीतिक व प्रशासनिक तंत्र के सहयोग से ही दबाव का माहौल बनाया गया और अशोक मूंदडा व टी.सी. चौधरी को यह हिम्मत मिली कि अदालती आदेशों के बावजूद उन्होंने कंपनी की संपत्ति का बेचान किया।

एस.एन. गुप्ता ने बताया कि इस प्रकरण में सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि 80 हजार वर्ग गज से भी अधिक भूमि का बेचान कर रजिस्ट्री भवानी शंकर सामोता और उनकी कंपनी सामोता होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में की गई। जिसका सिल्वर सॉइल कंपनी से कोई लेना-देना नहीं है। एस.एन. गुप्ता ने यह भी बताया कि सामोता होल्डिंग का गठन उक्त प्रकरण से केवल छः महीने पहले ही किया गया था, और इस कंपनी में भवानी शंकर सामोता के अलावा उनकी पत्नी ही निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई छुपी हुई बात नहीं है कि भवानी शंकर सामोता कांग्रेस नेता सी.पी. जोशी के करीबी हैं और उन्हीं के कार्यकाल के दौरान आर.सी.ए. में सचिव के पद पर नियुक्त किए गए थे और सी.पी. जोशी के इस्तीफे के बाद वे मुख्यमंत्री के पुत्र वैभव गहलोत के आधीन आर.सी.ए. में सचिव के पद पर बने रहे। उन्होंने बताया कि सत्ता पलट होने के बाद ही, वे इस प्रकरण को रोशनी में लाने की हिम्मत जुटा पाए हैं।

इस मामले में टी.सी. चौधरी के अधिवक्ता ने कहा कि एक मार्च 2022 को जिस दिन इस मामले में सुनवाई अदालत में हो रही थी, उसी दिन उनके मुव्वकिल द्वारा सिल्वर सॉइल कम्पनी की संपत्ति का बेचान किया गया था। उन्होंने बताया कि अदालत का आदेश उसके अगले दिन यानि 2 मार्च को "अपलोड' हुआ था यानि आदेश के अपलोड होने से पहले ही संपत्ति का बेचान कर दिया था। इस मामले में अशोक मूंदडा के तत्कालीन वकील से बात की गई तो उन्होंने टिप्पणी करने से मना कर दिया।

यहां उल्लेखनीय है कि इस बेचान का रजिस्ट्रैशन दो मार्च को किया गया। हालांकि इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि जिस दिन सिल्वर सॉइल कम्पनी के मामले की सुनवाई होनी थी, उसी दिन कम्पनी के निदेशकों के द्वारा कम्पनी की संपत्ति का बेचान किया गया जैसे कि उनके अधिवक्ताओं ने उन्हें बताया ही नहीं कि अदालत में क्या सुनवाई हो रही है और क्या आदेश सुनाया गया है।

इस मामले में जब भवानी शंकर सामोता से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह एक "जैनविन" बिज़नेसमैन है और उन्होंने एक "जैनविन" व्यापारी कि तरह ही इस सम्पत्ति को खरीदा है। उन्होंने कहा कि उन्हें कोई अंदेशा नहीं था कि सिल्वर सॉइल कम्पनी का मामला अदालत में लंबित है और अदालत ने कम्पनी की सम्पत्ति के बेचान पर रोक लगाई है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके संबंधी टी.सी. चौधरी ने उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं दी कि कम्पनी की सम्पत्ति का बेचान नहीं किया जा सकता, तो उनका कहना था कि उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने आगे कहा कि अगर यह मामला अदालत में लंबित है तो अदालत ही इस बेचान को गलत ठहरा सकती है और न्याय कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर अदालत द्वारा यह बेचान गलत पाया गया तो वे स्वयं भी सम्पत्ति के लिए अदा की गई राशि वापस लेने का दावा पेश करेंगे।

यहां उल्लेखनीय है कि एस.एन. गुप्ता की ओर से बताया गया कि टी.सी. चौधरी ने नई सरकार के मंत्रियों और अफसरों की नियुक्ति के पूर्व 13 दिसम्बर 2023 को सिल्वर सॉइल कम्पनी कि 20,000 वर्ग गज जमीन का बेचान किया और अदालती आदेशों के बावजूद सब रजिस्ट्रार से उक्त बेचान की सेल डीड का रजिस्ट्रेशन भी कराया।

इस संबंध में एस.एन. गुप्ता द्वारा एन.सी.एल.टी., जयपुर में अवमानना याचिका दायर कि गई जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 29 फरवरी 2024 को नोटिस जारी करे और मामले कि अगली सुनवाई चार अप्रेल को तय की है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908